


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मरते पक्षियों का शोकगीत व अन्य विषय पर सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ कृष्ण पक्ष तृतीया 06:11 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष 2, अंक 157, पृष्ठ 16 +4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

**आज का मौसम** 16.0° अधिकतम तापमान | 9.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में बादल छाए रहेंगे बारिश होने की संभावना है। | सूर्योदय 06 : 55 सूर्यास्त 05 : 48

कानपुर, रविवार, 28 जनवरी 2024




इमरजेंसी में इंदिरा गांधी की भूमिका में कंगना...15

## अखिलेश यादव ने किया खुलासा कांग्रेस को देंगे लोकसभा की 11 सीटें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर दी जानकारी
- कांग्रेस नेताओं ने कहा, बातचीत अभी जारी है, सीटों की संख्या फाइनल नहीं

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में 11 सीट देने की बात का खुलासा किया है।

अखिलेश यादव ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, कांग्रेस के साथ 11 मज़बूत सीटों से हमारे सौहार्दपूर्ण गठबंधन की अच्छी शुरुआत हो रही है। ये सिलसिला जीत के समीकरण के साथ और भी आगे बढ़ेगा। इंडिया की टीम और पीडीए की रणनीति इतिहास बदल देगी। वहीं, सूत्रों का कहना है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस 25 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है, ऐसे में अभी बातचीत फाइनल नहीं है। दूसरी तरफ कांग्रेस के शीर्ष और प्रदेश नेतृत्व ने भी सीटों के समझौते पर बातचीत जारी रहने की प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने स्पष्ट किया है कि, मंथन जारी है, तस्वीर साफ होने के बाद हम घोषणा कर सकेंगे। इससे पूर्व रालोद का 7 सीटों पर लड़ने का सपा के साथ समझौता हो चुका है।

## आस्ट्रेलियाई ओपन जीत बोपन्ना ने रचा इतिहास

- बोपन्ना-इबडेन ने जीता पहला पुरुष युगल ग्रैंडस्लैम खिताब
- ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी बने रोहन

**43** वर्ष की उम्र में ग्रैंडस्लैम चैंपियन बनने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी का रिकॉर्ड भी रोहन के नाम



**मेलबर्न।** रोहन बोपन्ना ने शनिवार को मैथ्यू इबडेन के साथ मिलकर सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावासोरी की जोड़ी पर शानदार जीत से आस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल खिताब अपने नाम किया। इससे वह ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने की उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए। दूसरी वरीय बोपन्ना-इबडेन की जोड़ी ने 1 घंटा 39 मिनट तक चले फाइनल में इटली की जोड़ी पर 7-6(0) 7-5 से जीत दर्ज की। लिएंडर पेस और महेश भूपति ही पुरुष टेनिस में मेजर खिताब जीत पाए हैं जबकि सानिया मिर्जा ने महिला टेनिस में यह उपलब्धि हासिल की है। बोपन्ना का यह दूसरा ग्रैंडस्लैम खिताब है।

## हर ब्लॉक में होगा खेलो उत्तर प्रदेश

- मुख्यमंत्री योगी ने किया एलान खिलाड़ियों को निश्चित मानदेय पर खेलो यूपी सेंटर में नियुक्त किया जाएगा कोच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रदेश के खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि तथा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में बड़ी घोषणा की। कहा कि केंद्र की ओर से हर जनपद में खेलो इंडिया सेंटर की स्थापना की जा रही है, उसी तर्ज पर प्रदेश के हर ब्लॉक में खेलो उत्तर प्रदेश सेंटर की स्थापना करेंगे। इसके लिए खेल विभाग के साथ मिलकर बजट तय होगा। खिलाड़ी खेलों के उपरांत अपना समय दे सकते हैं, उनको सेंटर में निश्चित मानदेय पर कोच नियुक्त किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने 19वें एशियाई खेल-2022, चतुर्थ पैरा एशियाई खेल-2022 एवं 37वें राष्ट्रीय खेल-2023 में पदक अर्जित करने वाले एवं प्रतिभाग करने वाले प्रदेश के 189 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को 62 करोड़ की पुरस्कार राशि वितरित की। 7 पदक विजेताओं को पुलिस उपाधीक्षक, जिला युवा कल्याण अधिकारी एवं यात्री/माल कर अधिकारी के रूप में नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया।

### आज सरकार पैसा भी दे रही और नौकरी भी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज 189 खिलाड़ियों को 62 करोड़ की राशि प्रदान की गई है तो 7 खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। पहले पैसा देकर नौकरी खरीदते थे, आज सरकार नौकरी भी दे रही है और पैसा भी। सरकार ने पहले से संकल्प लिया है कि हम हर जनपद में स्टेडियम बनाएंगे, हर ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम बनाएंगे, हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान और ओपन जिम बनाएंगे। इसके साथ ही खेल और खिलाड़ियों की प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी हो, इसका भी प्रावधान करेंगे। अब तक 500 से अधिक खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र दिया गया है।

## दंगा नहीं, अब उत्सव प्रदेश बना यूपी

### दातागंज क्षेत्र के गांव सैजनी में मुख्यमंत्री ने किया बायोगैस प्लांट का लोकार्पण

### 2014 से पहले था बीमारू, आज समृद्ध हो रहा उत्तर प्रदेश : केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



लोकार्पण के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी, आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप, मंत्री गुलाबो देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, दातागंज विधायक राजीव सिंह, बदायूं सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य, एमएलसी वागीश पाठक, सिनोद शाक्य।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि साल 2014 से पहले बदायूं जनपद में आने से लोग डरते थे। असुरक्षित वातावरण था, लेकिन आज बदलाव सभी को दिख रहा है। भाजपा सरकार में प्रदेश में कहीं भी दंगा नहीं हुआ है। आज उत्तर प्रदेश दंगा नहीं, बल्कि उत्सव प्रदेश बन गया है।

मुख्यमंत्री शनिवार को बदायूं की विधानसभा दातागंज क्षेत्र के गांव सैजनी में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र का लोकार्पण करने के मौके पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्लांट विकास की नई शुरूआत है। जो अन्नदाता की आमदनी बढ़ाएगा। युवाओं को रोजगार देगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नए भारत का उत्तर प्रदेश है। जहां समृद्धि, सुरक्षा और सुशासन व सुव्यवस्था है। छह साल पहले बदायूं और आसपास के जिलों में सुरक्षा में खिलवाड़ जैसा था। बेटी, बहन के सामने सुरक्षा का संकट था। वह स्कूल नहीं जा पाती थीं। हर दूसरे-तीसरे दिन दंगे होते थे। आज न तो प्रदेश में गुंडागर्दी है और न ही कहीं दंगे होते हैं। जो प्रदेश पहले दंगा प्रदेश था, वह उत्सव प्रदेश बन गया है। अब कहीं रामोत्सव हो रहा है तो कहीं कृष्णोत्सव हो रहा है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की प्रगति देश में सबसे तेजी से हो रही है। उत्तर प्रदेश बीमारू प्रदेश था। जून 2015 से योजनाएं लागू हुईं तो प्रदेश की व्यवस्थाओं में बहुत सुधार आया। प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डॉलर होने जा रही है। वहीं, मुख्यमंत्री ने विधानसभा दातागंज क्षेत्र के गांव सैजनी में 36374.08 लाख की 20 परियोजनाओं का शिलान्यास और 6055.23 लाख की 24 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस मौके पर सांसद धर्मेंद्र कश्यप आदि मौजूद रहे।

### उप्र. में जल्द लगेंगे 100 बायो गैस प्लांट : पुरी

लखनऊ। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को घोषणा की कि उत्तर प्रदेश में जल्द ही 100 नए बायोगैस प्लांट स्थापित होंगे। उन्होंने कहा कि आज जनपद बदायूं में कम्प्रेस्ड बायो गैस के नए प्लांट का उद्घाटन होने जा रहा है, इसके अलावा राज्य के 8 अन्य जनपदों में कम्प्रेस्ड बायो गैस के नए संयंत्र का शिलान्यास भी किया जाएगा। अब तक 37 प्लांट की स्थापना के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसके लिए मुख्यमंत्री से बड़ा सहयोग मिल रहा है। बदायूं में कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट के लोकार्पण समारोह से पूर्व लखनऊ में पत्रकारों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले सात साल में मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उप्र ने बीमारू स्टेट की श्रेणी से आगे बढ़कर हर सेक्टर में शानदार काम किया है। बदायूं प्लांट के बारे में कहा कि करीब 135 करोड़ के निवेश से 50 एकड़ में विकसित इस प्लांट में हर दिन लगभग 14 टन कम्प्रेस्ड बायो गैस का उत्पादन होगा। बायो गैस पराली के निदान के लिए अत्यंत उपयोगी है।

## नीतीश कुमार का गठबंधन से मोहभंग, देंगे इस्तीफा

### शाम 4 बजे ले सकते हैं नई शपथ, जदयू नेता केसी त्यागी ने भी दिए संकेत

पटना, एजेंसी



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार सुबह तक पद से इस्तीफा दे सकते हैं। मुख्यमंत्री के एक करीबी सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर सूत्र ने कहा, 'वैसे यह (इस्तीफा) निश्चित रूप से रविवार सुबह तक होगा।

यह भी कहा कि इस्तीफा देने से पहले जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष नीतीश कुमार विधायक दल की एक पारंपरिक बैठक करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, नीतीश रविवार सुबह 10 बजे राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपेंगे। साथ ही नई सरकार बनाने का दावा भी पेश करेंगे। जेडीयू कोर कमेटी की बैठक में यह फैसला लिया गया। राज्यपाल से रविवार को ही नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ दिलाने को भी कहेंगे। पार्टी सूत्रों का दावा है कि नीतीश 2 उपमुख्यमंत्री के साथ शपथ लेंगे। इस बीच जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता और महासचिव केसी त्यागी ने कहा कि गाड़ी राइट (भाजपा) की तरफ मुड़ रही है। एक सवाल के जवाब में त्यागी शायराना अंदाज में कहते हैं कि मेरी फितरत तो देखिए, मेरा सलीका तो देखिए। सूत्र ने कहा कि भाजपा के समर्थन से एक नई सरकार बनने की संभावना के बीच सचिवालय जैसे सरकारी कार्यालयों को रविवार को खुला रखने के लिए कहा गया है। इस बीच भाजपा की प्रदेश इकाई के नेताओं ने पार्टी की एक बैठक के दौरान जेडीयू के 'महागठबंधन' से बाहर निकलने की स्थिति में नीतीश का समर्थन करने की औपचारिक घोषणा नहीं की।

**बिहार में प्रमुख दलों की स्थिति**

- जदयू-45
- राजद-79
- बीजेपी-78
- कांग्रेस-19
- हम-04
- अन्य-18
- विधानसभा में कुल सीटें-243

### लालू ने राजद विधायकों से कहा- पटना में ही रहें

बिहार में जारी सियासी घमासान के बीच शनिवार को राष्ट्रीय जनता दल की बैठक हुई। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के आवास पर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, वरिष्ठ नेता भोला यादव, श्याम रजक समेत पार्टी के विधायक और विधान पार्षद मौजूद रहे। सूत्रों की मानें तो बैठक के दौरान लालू यादव ने अपने विधायकों को पटना में ही रहने का निर्देश दिया है। लालू ने कहा कि इस्तीफा नहीं देना है।

## राबड़ी देवी, बेटी मीसा दिल्ली की कोर्ट में तलब

- नौकरी के बदले जमीन मामला

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 'नौकरी के बदले जमीन' घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में शनिवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी बेटी मीसा भारती तथा हेमा यादव सहित अन्य को तलब किया। अदालत ने रेलवे में 'नौकरी के बदले जमीन' से जुड़े धनशोधन मामले में उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के बाद इन्हें तलब किया है। विशेष न्यायाधीश विशाल ने आरोपियों को नौ फरवरी को अदालत में पेश होने का निर्देश देते हुए कहा कि मामले में आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त आधार हैं। न्यायाधीश ने व्यवसायी अमित कात्याल के खिलाफ भी पेशी वारंट जारी किया, जो फिलहाल मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। राजद प्रमुख लालू प्रसाद परिवार के करीबी कात्याल, रेलवे कर्मचारी हृदयानंद चौधरी, दो फर्म 'ए के इंफोसिस्टम्स प्रालि' और 'एबी एक्सपोर्ट्स प्रालि' को नामजद किया गया है।

## ट्रैक पर पड़े स्लीपर से टकराई वंदेभारत, बड़ा हादसा टला

संवाददाता, अछल्दा-औरया

- आईओडब्ल्यू निलंबित, डंपर चालक सहित दो गिरफ्तार, मामले की जांच शुरू

**अमृत विचार :** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग की डाउन लाइन पर शुक्रवार दोपहर 12 बजे ट्रैक पर पड़े स्लीपर से वंदेभारत एक्सप्रेस टकरा गई। चालक ने सूझबूझ से ट्रेन को रोककर बड़ा हादसा टाल दिया। प्रथम दृष्टया दोषी पाए गए आईओडब्ल्यू को निलंबित कर दिया गया है। डंपर चालक सहित दो को गिरफ्तार किया गया है।

वाकया 12 बजकर 2 मिनट का है। गांव विचोलिया के सामने रेलवे ट्रैक के समीप बन रही बाउंड्रीवाल के लिए स्लीपर उतारे जा रहे थे। तभी एक स्लीपर रेलवे लाइन पर गिया। भारी होने के चलते स्लीपर को मजदूर हटा नहीं पाए। तभी दिल्ली से आ रही 22416 वंदेभारत एक्सप्रेस स्लीपर से टकरा गई। चालक ने ट्रेन को रोककर स्टेशन मास्टर को सूचना दी। मौके पर पहुंचे आरपीएफ के जवानों ने स्लीपर को हटवाया। करीब 17 मिनट बाद ट्रेन को रवाना किया गया। वंदेभारत एक्सप्रेस के खड़े होने से नई दिल्ली से आ रही 12802 पुरुषोत्तम एक्सप्रेस को 14 नंबर गेट के पास रोका गया। उत्तर मध्य रेलवे इलाहाबाद मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि आईओडब्ल्यू को निलंबित कर जांच की जा रही है। आरपीएफ थाना प्रभारी रजनीश राय ने बताया कि डंपर चालक माखन निवासी गांव बैरई थाना कालपी जिला जालौन व सुपरवाइजर जितेंद्र सिंह निवासी गांव सैदपुर जिला जालौन को रेलवे एक्ट में गिरफ्तार कर लिया गया है।

**सुविधा** सहायता के लिए डायल-112 मुख्यालय में बनाई गई पांच स्पेशल हेल्प डेस्क

## पर्यटकों की भाषाई राह आसान करेगी डायल-112

विनय शुक्ला, लखनऊ

- तमिल, बंगाली, पंजाबी, उड़िया समेत अन्य भाषाओं के लोगों को मिलेगी राहत
- अयोध्या, लखनऊ समेत अन्य जगहों पर आने वाले पर्यटकों को मिलेगा फायदा

**अमृत विचार :** देश के कई हिस्सों से भारी संख्या में लोग प्रदेश के पर्यटन स्थलों की सैर करने आते हैं। कई बार पर्यटकों के समक्ष भाषाई संकट खड़ा हो जाता है। अपराधिक घटनाओं में तो भाषा की और दिक्कतें आती हैं। ऐसे में पुलिस कंट्रोल रूम यानि 112 पर मुख्यालय में बैठे कर्मियों को उनकी भाषा समझने और बोलने में कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। पर्यटकों की भाषा समझने में दिक्कत न होने पाए इसे देखते हुए डायल-112 ने एक नई सेवा शुरू की है। नई सेवा के तहत देश के किसी भी शहर में रहने वाले कॉलर अपनी भाषा में पुलिस कंट्रोल रूम पर कॉल कर हर संभव मदद ले सकता है।

> रोजाना 50 से 100 कॉल औसतन अन्य भाषाओं में आती है। जिसे समझने के लिए काफी दिक्कतें आती हैं। हेल्प डेस्क के माध्यम से हर भाषा में शिकायतकर्ता की बात सुनी जाएगी और समस्या का हल निकाला जाएगा।
> -नीरा रावत, एडीजी, डायल-112 यूपी

### हेल्प डेस्क सेवा की शुरुआत पहली बार

दरअसल, प्रदेश के शहरों और ग्रामीण अंचलों से डायल-112 मुख्यालय में हजारों कॉल आती हैं। अक्सर मदद मांगने के लिए ऐसी कॉल आती है कि उसकी भाषा समझ पाना मुख्यालय में बैठे कर्मचारियों के लिए मुश्किल हो जाता है। खासतौर यह कॉल पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, केरल, हैदराबाद, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पंजाब समेत अन्य राज्यों के रहने वाले लोगों से जुड़ी होती है। कॉल रिसीव होने पर यह लोग अपनी भाषा में मदद की गुहार लगाते हैं। फोनकर्ता की समस्या समझने और उन्हें हर संभव मदद के लिए डायल-112 के मुख्यालय में पहली बार पांच हेल्प डेस्क बनाई गई हैं। जहां बैठने वाले कर्मचारियों को अलग-अलग भाषाओं का प्रशिक्षण दिया गया है।

### वालंटियर को कॉल कांफ्रेंस कर निकाला जाएगा हल

डायल-112 के एडिशनल एसपी मोहिनी पाठक के मुताबिक, मुख्यालय में अलग-अलग भाषाओं से रही कॉल को समझने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ती थी। अब पांच हेल्प डेस्क के माध्यम से इस तरह की कॉल को स्पेशल हेल्प डेस्क पर ट्रांसफर कर दिया जाएगा। डेस्क पर कार्यरत कर्मचारी पीड़ितों की संभव मदद करेंगे।




# पांच लोगों ने फांसी का फंदा डाल मौत को गले लगाया

**तहकीकात**

कानपुर। शहर में बीते 48 घंटे में पांच लोगों ने विभिन्न कारणों से जिंदगी से नाता तोड़कर मौत को गले लगा लिया। किसी ने अवसाद तो किसी ने पारिवारिक कलह में जान देने का फैसला लिया। सभी ने आत्महत्या के लिए गले में फंदा डालकर फांसी लगाने का रास्ता चुना। अपनों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

## विवाहिता ने फांसी लगाई हत्या का आरोप, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **मायके पक्ष ने ससुरालीजनों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाकर तहरीर दी**

**केस 01**

**अमृत विचार।** विवाहिता ने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के परिजनों ने ससुरालीजनों पर दहेज के लिए प्रताड़ित कर हत्या करने का आरोप लगाया और हंगामा किया। पुलिस ने उन्हें शांत कराया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

कल्याणपुर कलां निवासी सूर्यकांत शुक्ला ने बताया कि उन्होंने 30 जनवरी 2013 को बेटी कीर्ति की शादी सिद्धार्थ नगर निवासी अमित तिवारी से की थी। कीर्ति व अमित की दो बेटियां वेदिका (9) व पीहू (4) हैं। कीर्ति के भाई संजीव ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। 25 जनवरी को कीर्ति ने आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी कल्याणपुर ने बताया कि मृतका के परिजनों ने पति अमित तिवारी, जेठ आदित्य नारायण तिवारी, जेठानी रचना व सास चंद्रप्रभा के खिलाफ तहरीर दी है। शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

## राजमिस्त्री का शव जंगल में पेड़ से लटका मिला

**केस 02**

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र निवासी राजमिस्त्री ने घर से चार सौ मीटर दूर स्थित जंगल में पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। लालबंगला, ओमपुरवा निवासी सीमा ने बताया कि उनके पति पप्पू पासवान (55) राजमिस्त्री थे। उनके तीन बेटे व एक बेटी है। सीमा ने बताया कि 25 जनवरी की सुबह सात बजे पप्पू घर से निकले थे। दोपहर में जंगल में गुजर रहे क्षेत्रीय लोगों ने पप्पू का शव फंदे से लटका देखकर परिजनों को घटना का जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा।

## पड़ोसी महिला के तानों से आहत होकर जान दी

**केस 03**

**कानपुर।** छपेड़ा पुलिया निवासी लाखन ने बताया कि उनकी बहन पूजा की शादी वर्ष 2012 में मध्य प्रदेश सतना निवासी संतोष से हुई थी। उसके दो बच्चे श्रेया (8) व बेटा ऋषि (5) हैं। पति से अनबन के बाद पूजा बच्चों के साथ रोशन नगर स्थित राम बिहार रोड पर बदलू सिंह के मकान में किराए पर रह रही थी।

लाखन ने बताया कि पड़ोस में रहने वाली एक महिला पूजा पर आरोप लगाती थी कि उसके क्षेत्र के युवक से अवैध संबंध हैं। गुरुवार को पूजा का इसी बात पर पड़ोसी महिला से विवाद हुआ था। शुक्रवार दोपहर पूजा ने पंखे के हुक से दुपट्टे का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। उसका फोन नहीं उठने पर पिता लल्लू सिंह घर पहुंचे। पिता ने खिड़की से झांक कर देखा तो पूजा का शव फांसी की फंदे से लटक रहा था। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर युवक व उसकी मां को हिरासत में लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। युवती के पास से डायरी मिली है, जिसे फोरेंसिक टीम ने जब्त कर लिया है।

### केस 04 प्रेमिका से विवाद के बाद फंदे पर झूल गया युवक

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के बसाइतपुर निवासी चट्टा संचालक प्रशांत यादव ने बताया कि 25 जनवरी को उनकी बिल्हौर निवासी बुआ की मौत हो गई थी। वह मां कुसुम के साथ बिल्हौर गया था। घर में पत्नी गुड़िया, बेटा आस्तिक (7) व छोटा भाई निशांत (21) थे। 26 जनवरी की दोपहर उनकी पत्नी व बेटा छत पर धूप सेंक रहे थे। इसी दौरान निशांत रामपुर निवासी प्रेमिका से फोन पर बात कर रहा था। फोन पर विवाद के बाद निशांत ने नीचे कमरे में जाकर पंखे से फंदा लगाकर फांसी लगा ली। आस्तिक ने कमरे में शव लटका देख परिजनों को जानकारी दी। परिजनों ने कल्याणपुर पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### केस 05 अवसाद में होनहार बीसीए छात्र ने कर ली आत्महत्या

**कानपुर।** जनता नगर, बर्रा सात निवासी सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि उनका बेटा अभिषेक (17) पढ़ने में काफी होनहार था। हाईस्कूल में अभिषेक के 92.6 व इंटरमीडिएट में 98.2 प्रतिशत अंक आए थे। अभिषेक वीरेंद्र स्वरुप कॉलेज से बीसीए की पढ़ाई कर रहा था। पिता सुनील के अनुसार अभिषेक बीते एक वर्ष से अवसादग्रस्त था। उसका इलाज कराया जा रहा था। शुक्रवार रात अभिषेक ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह छह बजे बड़ा भाई मनीष उठा तो शव पर फंदे पर लटका पाया। परिजनों की सूचना पर बर्रा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया।

# 'एलियन' जैसे सिर की बीमारी का हुआ इलाज




कार्यालय संवाददाता, कानपुर

▸▸ **दिमाग की थैलियों में ज्यादा पानी भर जाने से होती है हाइड्रोकेफेल्स बीमारी**

▸▸ **अधिकतर बच्चे होते इसका शिकार, समय से इलाज न मिलने पर जा सकती जान**

**अमृत विचार।** कई बार आपने किसी बच्चे के सिर का आकार सामान्य से बड़ा या एलियन के चित्रों जैसा देखा होगा। ऐसा हाइड्रोकेफेल्स बीमारी के कारण होता है। दिमाग के किसी भी हिस्से में 'ब्लॉक' के कारण होने वाली यह बीमारी बड़ों में भी हो सकती है। इसमें दिमाग में सेरेब्रोस्पाइनल फ्लूइड (सीएसएफ) भरने से सिर का आकार बड़ा होने लगता है। जीएसवीएसएस पीजीआई में इस बीमारी से पीड़ित 35 लोगों का अब तक सफल इलाज किया जा चुका है। इनमें अधिकतर बच्चे हैं।

जीएसवीएसएस पीजीआई में अत्याधुनिक तकनीक वाली मशीनों से अनेक गंभीर व जटिल बीमारियों का इलाज संभव हो गया है। यहां एक माह में औसतन सात से आठ ऐसे बच्चे इलाज कराने पहुंच रहे हैं, जिनके दिमाग में पानी भरने से सिर का आकार बड़ा हो गया था। इंडोस्कोपिक थर्ड वेंटिकुलोस्टमी के जरिए ऐसे बच्चों की एडवांस सर्जरी की जा रही है।

### अभी तक सिर से पेट तक डालते थे शंट

सिर से पानी निकालने की पुरानी तकनीक में एक छोटा सुराख करके शंट डाली जाती थी, जो पेट के रास्ते निकाली जाती थी। इसमें कई बार मरीज को दिक्कत का सामना करना पड़ता था। शंट में कुछ साल बाद संक्रमण भी हो जाता था। कई बार शंट ब्लाक होने पर दोबारा सर्जरी की जरूरत पड़ती थी।

### निजी अस्पताल में दो लाख, यहां मुफ्त इलाज

हाइड्रोकेफेल्स बीमारी बच्चों में ज्यादा होती है। समय से इलाज नहीं होने पर गंभीर हो जाती है। कुछ मामलों में मस्तिष्क काम करना बंद कर देता है, ऐसे में जान का खतरा रहता है। निजी अस्पताल में इस बीमारी का इलाज डेढ़ से दो लाख रुपये में होता है। लेकिन जीएसवीएसएस पीजीआई में इलाज नि:शुल्क है।

### अब तक 35 मरीजों की हो चुकी सफल सर्जरी



पीजीआई के प्रभारी डॉ.मनीष सिंह ने बताया कि इंडोस्कोपिक थर्ड वेंटिकुलोस्टमी में शंट डालने की जरूरत नहीं होती है। इस प्रक्रिया में दिमाग के अंदर इंडोस्कोप डालकर दूसरा रास्ता बनाया जाता है, जिससे सीएसएफ के बहाव में रुकावट नहीं होती और उसे खत्म किया जाता है। यह प्रक्रिया शंट डालने से काफी अच्छी है, इसमें संक्रमण का खतरा नहीं होता है। एक बार सर्जरी होने पर दोबारा सर्जरी की जरूरत नहीं होती है। पीजीआई में अभी तक 35 मरीजों का सफल इलाज हुआ है, जिनमें बच्चे व बड़े दोनों शामिल है।

# शॉर्ट सर्किट से दो फैक्ट्रियां धू-धू कर जलीं

## केमिकल फैक्ट्री में ड्रमों के फटने से आग हुई विकराल, लपटों की चपेट में आई बगल में स्थित फैक्ट्री भी

**पनकी में अग्निकांड**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




आग बुझाने का प्रयास करते दमकल कर्मी अमृत विचार



केमिकल के ड्रम फटने से उठतीं आग की लपटें। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पनकी साइट नंबर दो में शॉर्ट सर्किट से केमिकल फैक्ट्री में आग लग गई। केमिकल के ड्रम फटने से लपटों की चपेट में आकर बगल में स्थित फैक्ट्री भी धधक उठी। सूचना पाकर आठ फायर स्टेशनों से एक दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंची और पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

पनकी साइट नंबर दो में पारस गुप्ता की सनराइज केमिकल नाम से फैक्ट्री है। फैक्ट्री में केमिकल बनाने के साथ ही फिनायल व अन्य रसायनिक उत्पाद बनाए जाते हैं।

● **आठ फायर स्टेशनों की एक दर्जन से अधिक गाड़ियों ने पांच घंटे में बुझाई आग**

सिक्योरिटी गार्ड बाबूराम ने बताया कि रोज की तरह गुरुवार शाम सात बजे फैक्ट्री बंद हो गई थी। देर रात दो बजे फैक्ट्री से आग की लपटें उठने लगी। देखते ही देखते केमिकल के ड्रमों में लगी आग ने पूरी फैक्ट्री को चपेट में ले लिया। विकराल रूप से धधक रही लपटों बगल में स्थित अजय अरोड़ा की प्रेम इंटरप्राइजेज को भी अपनी चपेट में ले लिया। गार्ड ने घटना की सूचना फैक्ट्री संचालक पारस गुप्ता और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पाकर फजलगंज, पनकी, मीरपुर, लाटूश रोड, किदवई नगर, कर्नलगंज, जाजमऊ फायर स्टेशनों से दमकल गाड़ियां मौके पहुंची। करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद फायर बिग्रेड कर्मियों ने आग पर काबू पाया। सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया शार्ट सर्किट से आग लगना प्रतीत हो रहा है। केमिकल फैक्ट्री पूरी तरह से जलकर खाक हो गई है। प्रेम इंटरप्राइजेज को फायर ब्रिगेड ने पूरी तरह जलने से बचा लिया है। फैक्ट्री बंद होने से कोई भी कर्मचारी हताहत नहीं हुआ है।

## व्यापारी के घर से कर्मी ने जेवरात व नकदी उड़ाई

**कानपुर।** सीसीटीवी कैमरा कारोबारी के घर से दुकान में काम करने वाले कर्मचारी ने नकदी समेत करीब दो लाख के जेवरात पार कर दिए। सीसीटीवी फुटेज में कर्मचारी कमरे में घुसते हुए कैद हो गया। पीड़ित ने नजीराबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नजीराबाद थाना क्षेत्र के लाजपत नगर निवासी सीसीटीवी कैमरा कारोबारी विशाल ने बताया कि बीती 25 जनवरी को उन्होंने पैसे निकालने के लिए अलमारी खोली तो बैग गायब मिला। बैग में 40 हजार कैश व करीब दो लाख रुपये के जेवरात रखे थे। विशाल ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की,तो कर्मचारी राजकुमार कमरे में घुसते हुए मिला। व्यापारी ने राजकुमार पर चोरी का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# गांवों के गरीब और मेधावी बच्चों को मिलेगी शिक्षा व रोजगार की उड़ान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

▸▸ **आईआईटी ऑनलाइन क्लास से शिक्षित करके रोजगार के अवसरों से जोड़ेगा**

▸▸ **पहले चरण में 500 से अधिक बच्चों को इस अभिनव पहल से जोड़ा जाएगा**




**अमृत विचार।** आईआईटी ने मेडिकल और इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए साथी पोर्टल लांच करने के बाद अब ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को ऑनलाइन क्लास के माध्यम से शिक्षित करने का संकल्प लिया है। इस पहल में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को रोजगार के अवसरों से जोड़ते हुए अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए तैयार किया जाएगा। पहले चरण में 500 से अधिक बच्चों को इस पहल से जोड़ा जाएगा। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों से उन मेधावी बच्चों का चुनाव शुरु कर दिया गया है, जो आर्थिक तंगी के कारण आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं।

आईआईटी में स्थापित रंजीत सिंह रोजी शिक्षा केंद्र इस पहल को अंजाम देगा। यह केंद्र विद्यार्थियों को दो वर्ष तक निःशुल्क शिक्षित करने के साथ व्यावसायिक प्रशिक्षण देने का काम करता है। केंद्र गरीब या निम्न मध्यम वर्ग के जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति भी देता है। ऐसे आदर्श गांवों का निर्माण करता है जिसमें शिक्षित समाज की तस्वीर हो। इसकी शुरुआत वर्ष 2019 में आईआईटी कानपुर के 1965 बैच के पूर्व छात्र दिवंगत रणजीत सिंह के नाम पर की गई थी।


## सड़क किनारे अचेत मिली महिला की हैलट में मौत

**कानपुर।** फतेहपुर, एकारी गांव निवासी राम विशाल ने बताया कि उनकी बेटी आशा (22) के दीपावली पर चकेरी निवासी युवक शादी का झांसा देकर ले गया था। बाद में युवक ने आशा को घर से भगा दिया। इसके बाद आशा पीएसी मोड़ के पास भीख मांगकर गुजारा कर रही थी। कुछ दिन पूर्व आशा चकेरी पुलिस को बेसुध हालत में पीएसी मोड़ पर मिली थी। पुलिस ने उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। हैलट प्रशासन ने शव मोर्चुरी में रखवा दिया और तीन दिन बाद 26 जनवरी को जानकारी पुलिस को दी तब परिजनों को सूचना मिली।

# टेनरी कर्मचारी की मौत, शव रखकर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **परिजनों ने काम करते समय गिरने से मौत होने का आरोप लगाकर मुआवजा मांगा**



परिजनों को समझाते पुलिसकर्मी अमृत विचार

**अमृत विचार।** जाजमऊ थानाक्षेत्र के गज्जू पुरवा में टेनरी कर्मी अधेड़ व्यक्ति की शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने टेनरी के बाहर शव रखकर मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा किया। पुलिस ने टेनरी संचालकों से मुआवजे का आश्वासन मिलने के बाद शव को पोस्टमार्टम भिजवाया।

मूलरूप से बिहार, पटना के नाम नगर मरियारा निवासी नगीना दास(50) पत्नी सुर्मिला व दो बेटियों के साथ जाजमऊ छबीलेपुरवा में किराए के मकान पर रहते थे। नगीना गज्जू पुरवा स्थित टेनरी में पिछले काफी समय से काम करते थे। छोटे भाई उमल दास ने बताया कि शनिवार सुबह नगीना टेनरी में काम करने गए थे। टेनरी में संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी हालत बिगड़ी तो साथी कर्मी परिजनों को सूचना देकर उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। नगीना की मौत के बाद परिजन शव लेकर टेनरी पहुंचे और गेट पर शव रखकर मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। आरोप लगाया कि टेनरी में काम करने के दौरान पैर फिसलने से चोट के कारण नगीना की मौत हुई है। जाजमऊ पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने टेनरी संचालाकों से मृतक के परिजनों की बात कराई। तीन लाख मुआवजे के आश्वासन के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया। जाजमऊ कार्यवाहक थाना प्रभारी सभाजीत मिश्र ने बताया कि प्रथम दृष्टया हार्ट अटैक से मौत होना प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**जिम्मेदारी-जवाबदेही** यूपी मानव अधिकार आयोग ने डीएम को नोटिस भेजकर मांगा जवाब

# सड़क के गड्ढे से युवक की मौत की जांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



हादसों को दावत देती खस्ताहाल सड़क। अमृत विचार

**अमृत विचार।** किदवई नगर शनिदेव मंदिर वाली सड़क के गड्ढे में गिरकर पिछले महीने युवक की हुई मौत के मामले में जांच शुरू हो गई है। यूपी मानव अधिकार आयोग से शिकायत के बाद आयोग ने डीएम को नोटिस भेजकर 12 फरवरी तक जवाब मांगा है। अपर जिला मजिस्ट्रेट सूरज कुमार यादव ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर इस मामले में रिपोर्ट तलब की है।

किदवई नगर थानाक्षेत्र में जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही और लचर कार्यप्रणाली के चलते सड़क के गड्ढे ने स्कूटी सवार युवक की जान ले ली थी। हादसे में जिला इटावा पुरबिया टोला उत्तरी कोतवाली निवासी 37 वर्षीय केतन वर्मा की मौत हो गई थी। वह इटावा रेलवे स्टेशन पर कैंटीन चलाता था। परिजनों के अनुसार वह 16 दिसंबर को किदवई नगर निवासी रिश्तेदार के घर शादी में शामिल होने आया था। देर रात 12 बजे वह यशोदा नगर स्थित गेस्ट हाउस में विवाह समारोह में शामिल होने के बाद रिश्तेदार की स्कूटी से उनके घर वापस लौट रहा था। किदवई नगर में शनिदेव मंदिर के पास स्थित केसा चौराहा के आगे उसकी स्कूटी बीच सड़क पर खुदे गड्ढे में फंस गई थी। स्कूटी से पकड़ छूटने के कारण वह करीब छह फिट ऊपर उछलकर सिर के बल सड़क पर गिर गए थे। हेलमेट की बेल्ट खुली होने से वह सिर से उतर गया था। सिर पर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इस घटना के बाद हंगामा हुआ था।

### सीवर सफाई के लिए खोदी थी सड़क

किदवई नगर शनिदेव मंदिर वाली सड़क मुख्य सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग की है। जिसे नगर निगम के कर्मचारियों से सीवर सफाई के लिए खोदा था। इसके बाद गड्ढा वैसे ही छोड़ दिया गया। इसी गड्ढे में गिरकर ही युवक केतन वर्मा की जान चली गई। इस मामले में पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन राकेश यादव ने बताया कि नगर निगम में बिना कोई सूचना के खोदाई की थी।

### आरटीआई कार्यकर्ता ने की शिकायत

गाजियाबाद के रहने वाले आरटीआई कार्यकर्ता राजहस बंसल ने यूपी मानव अधिकार आयोग के चेयरपर्सन से मामले की शिकायत करके कार्यवाही की मांग की है। इस पर आयोग ने डीएम को पत्र लिखकर जवाब मांगा है।

### शहर में जगह-जगह गड्ढे राहगीरों की मुसीबत

नगर निगम, पीडब्ल्यूडी और जलनिगम की लापरवाही की वजह से शहर की सड़कों पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हैं। इसमें राहगीर फंसकर चुटहिल होते हैं। सड़क निर्माण न होने की वजह से 80 फीट रोड अशोक नगर, साउथ में केशव नगर, कर्रही रोड, गोविंद नगर मुख्य सड़क, फजलगंज, जीटी रोड, गुमटी, मसवानपुर में कई जगह बड़े गड्ढे हैं। वहीं, जलकल की ओर से मैनहोल न ढकने की वजह से भी हादसे होते हैं।

## कोहरे में चोरों ने दो दुकानों के ताले तोड़े

● **डेयरी और किराना दुकान को बनाया निशाना**



**कानपुर।** बर्रा थाना क्षेत्र के दामोदर नगर में गुरुवार रात चोरों ने डेयरी और किराना दुकान के ताले तोड़कर नकदी व सामान उड़ा दिया। चोरों ने कैफे हाउस का शटर तोड़ने का प्रसास किया, लेकिन असफल रहे। आहट पाकर मकान मालिक बाहर निकले तो चोर कोहरे का फायदा उठाकर भाग निकले।

बर्रा थाना क्षेत्र के दामोदर नगर में वैष्णो मंदिर रोड पर भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम के बगल में मान सिंह यादव की डेयरी है। 25 जनवरी की देर रात चोरों ने डेयरी का ताला तोड़ कर नकदी पार कर दी। इसके बाद डेयरी के बगल में स्थित अशोक पांडेय की किराना दुकान में चोरों ने धावा बोला। शटर का ताला तोड़ चोरों ने गुल्लक में रखी नकदी व किराने का सामान निकाल लिया। चोरों ने पास में मौजूद कैफे का ताला तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन नाकाम रहे। डेयरी संचालक मान सिंह ने बताया कि रात एक बजे आहट होने पर मकान मालिक बाहर निकले, लेकिन चोर कोहरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। दुकानदार रात में मौके पर पहुंचे तो दुकानों के शटर खुले थे और ताले टूटे पड़े थे। पीड़ितों ने मामले की शिकायत बर्रा पुलिस से की है।

## 'मन की बात' के बाद आज हर बूथ पर बैठक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **भाजपा की 10 सदस्यीय मॉनीटरिंग टीम रखेगी 20,788 बूथों पर नजर**

**अमृत विचार।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' का 109 वां संस्करण प्रसारित किया जाएगा। इसे कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के 17 जिलों के 20,788 बूथों पर बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों की उपस्थिति में सुना जाएगा। इसके बाद बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों की बैठक होगी।

कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम और इसके बाद आयोजित होने वाली बैठकों में प्रदेश, क्षेत्र, जिला ओर मंडल पदाधिकारी, सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष और सदस्य, सभी पूर्व जनप्रतिनिधि अपने-अपने बूथों पर सम्मलित होंगे। कार्यक्रम के प्रभारी क्षेत्र के मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी होंगे। बूथों पर बैठकों की जिम्मेदारी क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी को दी गयी है।

आवश्यकता है
अमृत विचार डिजिटल को
लखनऊ व बरेली ऑफिस के लिए
वीडियो एडिटर /न्यूज एंकर की
अनुभव :-किसी प्रमुख वेबसाइट में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113, 8476006584
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

**आज का मौसम**
शीत लहर के साथ घना कोहरा छाए रहने के आसार है।

17.0° अधिकतम तापमान | 03.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06:56 | सूर्यास्त 05:46

## शहर में आज

- **नेत्र परीक्षण शिविर :** शक्तिधाम समग्र विकास सेवा संस्थान के वार्षिक उत्सव पर महुर लोचनी हॉस्पिटल गुजैनी में नेत्र परीक्षण शिविर सुबह 10 बजे।
- **बैठक :** ऑल इंडिया ईपीएस 95 संघर्ष समिति की रावतपुर बस अड्डे कार्यालय पर मासिक बैठक 12 बजे ।
- **कार्यशाला :** आरके सिंधी संघ हॉस्पिटल की ओर से गोविंद नगर स्थित सिंधी धर्मशाला में कार्यशाला का आयोजन दोपहर 12:30 बजे।
- **सपथ यात्रा :** राष्ट्रीय युवा अभिमान सभा के द्वारा शास्त्री चौक बर्रा में संविधान सपथ यात्रा दोपहर 1:30 बजे।
- **मिलन समारोह :** श्रीमद्भगवद्गीता जयंती आयोजन समिति की ओर साकेत नगर स्थित होटल मंदाकिनी रायल में अनुभूति कथन एवं मिलन समारोह शाम 4 बजे।
- **सम्मान समारोह :** बीजेपी कौशलपुरी मंडल के द्वारा ओमकारश्वर सरस्वती विद्या मन्दिर जवाहर नगर में सम्मान समारोह शाम 4 बजे।

# कृषि के बाद हस्त शिल्प रोजगार का सबसे बड़ा साधन

**कला के रंग**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** देश में कृषि के बाद क्राफ्ट युवाओं के लिए रोजगार का सबसे बड़ा साधन बन रहा है। इस क्षेत्र में युवतियां भी बड़ी संख्या में अपना करियर बना सकती हैं। विश्वविद्यालय स्तर पर क्राफ्ट को बढ़ावा देने के लिए तेजी से काम करना जरूरी है। यह बात शनिवार को लाजपत भवन लॉन में लगे क्राफ्ट बाजार में पहुंची राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कही।

राज्यपाल ने कहा कि एक समय था जब हस्तशिल्प से जुड़े कारीगर कहते थे कि उनकी नई पीढ़ी हाथ का काम करने से बचती है। माना जाता था कि देश में हजारों कलाएं इस तरह से खत्म हो जाएंगी। लेकिन अब स्थिति ऐसी नहीं है। तमाम योजनाओं से जुड़कर युवा पीढ़ी क्राफ्ट में अपना भविष्य देख रही है। बेहतर मार्केटिंग से देश में हाथ से बने उत्पादों की मांग विदेशों में तेजी से बढ़ रही है। यह देश की कला और कारीगरों के लिए बेहतर भविष्य का संकेत है। राज्यपाल का स्वागत महापौर प्रमिला पांडे ने किया। बलराम नरूला, टीकम चंद सेठिया, सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. विनय पाठक व डॉ. प्रवीण कटियार मौजूद रहे।


शिल्पकारी की जानकारी लेतीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल। अमृत विचार


क्राफ्ट बाजार में स्टाल पर सामान देखतीं युवतियां। अमृत विचार

- राज्यपाल ने क्राफ्ट रूट प्रदर्शनी में हस्त शिल्पकारों का किया उत्साहवर्द्धन
- कुलपतियों से क्राफ्ट को बढ़ावा देने और उद्योगपतियों से सहभागिता पर जोर

### लाजपत भवन में 30 तक लगेगा क्राफ्ट बाजार

ग्रामश्री ट्रस्ट की ओर से लाजपत भवन लॉन में क्राफ्ट रूट प्रदर्शनी और शिल्प कला बाजार लगाया गया है। यहां सौ से अधिक शिल्पकार 21 राज्यों से अपने परिधान, आभूषण, वाद्ययंत्र, घर सजाने की सामग्री व सौंदर्य प्रसाधन उत्पाद की बिक्री करने आए हैं।

### बेटी ने देश के 25 हजार हस्त शिल्पियों को जोड़ा

समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि शुरुआती दिनों में वे भी देश की अन्य महिलाओं की तरह घर में सिलाई–कढ़ाई का काम करती थीं। रुचि होने पर जब वे सामाजिक जीवन में आईं तो कला व कलाकारों के प्रति रुझान बना रहा। अब यह रुझान उनसे उनकी बेटी को मिला है। बेटी ने देश के लगभग 25 हजार हस्तशिल्पियों को जोड़कर कला को बढ़ाने का काम किया है। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय स्तर पर क्राफ्ट को जरूरी बताया। उन्होंने समारोह में आए कुलपतियों को अपने यहां पर क्राफ्ट को बढ़ावा देने के लिए कहा, तो उद्योगपतियों से सीएसआर फंड के जरिए इस काम में सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया।

### सोने की चित्रकारी और पत्थर के रंग

**कानपुर।** क्राफ्ट प्रदर्शनी में सोने की चित्रकारी और हाथ से बने आभूषण लोगों को लुभा रहे हैं। हस्तशिल्पियों ने बताया हाथ से निर्मित इन दोनों उत्पादों की मांग विदेशों में अधिक है। राजस्थानी कंगन, वुडन क्राफ्ट और ब्राश की ज्वेलरी भी लोगों को आकर्षित कर रही है। शिल्पकारों ने बताया कि उनके उत्पादों को बिटेन के अलावा फ्रांस, जॉर्डन, न्यूजीलैंड सहित अनेक देशों के लोग काफी पसंद कर रहे हैं। पिछले तीन सालों से चीन में भी उनके उत्पादों की मांग बढ़ी है। राजस्थान से आए हरिनारायण मारोटया ने बताया कि वे बाजार में 'लघु चित्रकारी' लेकर आए हैं। उनकी चित्रकारी चावल के पानी से बने कागज पर होती है। रंग के लिए वे पत्थरों का इस्तेमाल करते हैं। उनके चित्र विश्व के सभी देशों में जाते हैं और खूब पसंद किए जाते हैं।

## झंडारोहण को जा रही स्कूटी सवार शिक्षिका को ट्रक ने रौंदा

**कानपुर।** झंडारोहण के लिए पति के साथ रमईपुर स्थित प्राइमरी स्कूल जा रही शिक्षिका को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। शिक्षिका की मौके पर मौत हो गई। पति गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने पति को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया।

सैय्यद नगर, रावतपुर गांव निवासी सीमा बेगम (56) रमईपुर स्थित प्राइमरी विद्यालय में शिक्षिका थीं। बेटे फैजान ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर वह पति शमशाद अहमद खान के साथ सजावट का सामान लेकर स्कूटी से विद्यालय जा रही थीं।

नौबस्ता बंबा के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। शमशाद सड़क पर दूर जा गिरे। तेज रफ्तार ट्रक चालक सीमा को रौंदता हुआ भाग निकला। मौके पर पहुंची नौबस्ता पुलिस ने घायल शमशाद को हैलट अस्पताल में भर्ती कराकर शिक्षिका का शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# गंगा बैराज प्लांट बंद तीन दिन जल संकट

- बैराज से कंपनीबाग चौराहा के बीच लाइन में लीकेज, लखनऊ से खोजने आए एक्सपर्ट
- करीब 30 मोहल्लों की 10 लाख से अधिक आबादी को जूझना पड़ेगा बूंद-बूंद पानी से

**मचेगा हाहाकार**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में एक बार फिर दस लाख से अधिक आबादी के सामने अगले तीन दिनों तक जल संकट रहेगा। इसकी वजह, गंगा बैराज से कंपनीबाग चौराहा के बीच लाइन में लीकेज होना है। जल निगम की टीम इस लीकेज को ढूंढ़ने में नाकाम हो गई है। इस पर लखनऊ से एक विशेषज्ञ टीम बुलाई गई है। यह टीम लीकेज खोजकर उसे बनाएगी।

जल निगम के अधिशाषी अभियंता अजमल हुसैन के मुताबिक रविवार से तीन दिन तक पानी की सप्लाई बाधित रहेगी। गंगा बैराज से करीब साढ़े चार करोड़ लीटर पानी शहर में सप्लाई किया जाता है। 10 लाख से ज्यादा आबादी को बैराज से पानी सप्लाई नहीं होगा। कई इलाकों में लो प्रेशर से पानी पहुंच सकता है। जलकल विभाग के अनुसार किसी भी मोहल्ले में पानी का संकट हो तो वहां के लोग जलकल विभाग कंट्रोल रूम नंबर 0512-2549018 डायल कर समस्या बता सकते हैं। वहां पानी का टैंकर निःशुल्क भेजा जाएगा। इससे पहले पिछले माह भी रावतपुर से सीएसए जाने वाले मार्ग पर पेयजल लाइन फटने से सड़क धंस गई थी और तीन दिन तक दर्जनों मोहल्लों में जलापूर्ति नहीं हो सकी थी।

### यह इलाके रहेंगे प्रभावित

किदवई नगर, जूही, गोविंद नगर, सर्वोदय नगर, फूलबाग, पटकापुर, साकेत नगर, निराला नगर, परमपुरवा, नौबस्ता, उस्मानपुर, गीता नगर, बिरहाना रोड, हरबंश मोहाल, चमनगंज, बेकनगंज, नई सड़क, डिप्टी पड़ाव, दर्शनपुरवा, परेड, कौशलपुरी, गुमटी नंबर पांच, जाजमऊ, कृष्णानगर, श्यामनगर, विजय नगर, शास्त्रीनगर और बर्रा में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।

### स्लैब ब्रिज निर्माण, आज 15 उपकेंद्रों से बिजली बंद

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की निर्माणाधीन 660 मेगावाट पनकी विस्तार योजना के तहत 29 जनवरी को कोयला व तेल आपूर्ति के लिए रेल नेटवर्क संबंधित निर्माण होना है। इसके लिए केस्को से संबंधित 33 केवी की लगभग 15 उपकेंद्रों की केबिलें निकली हैं। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला के मुताबिक रेलवे नेटवर्क के पीएससी स्लैब ब्रिज निर्माण के लिए इन 15 उपकेंद्रों की बिजली आपूर्ति रविवार सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक बाधित रहेगी। इस कारण फजलगंज, शास्त्री नगर, गुमटी, केशव पुरम, अम्बेडकर पुरम, महाबली पुरम, कल्याणपुर, आईआईटी ननकारी, बारासिरोही, सर्वोदय नगर, नवीन नगर, नमक फैक्ट्री, आईआईपीआर, गंगा बैराज व चिड़ियाघर क्षेत्र में आपूर्ति नहीं होगी।

### गंगा में उफनाया नाला, प्रशासन मौन...


माघ मेले के दौरान प्रयागराज में स्नान के लिए हजारों श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। गंगा जल दूषित न हो इस लिए टेनरियां तो मुख्य पर्वों पर चार दिन के लिए बंद कर दी जा रही हैं लेकिन गंगा में गिरते नालों को रोकने वाला कोई नहीं है। नाले कागज पर ही बंद हो रहे हैं या उनका पानी शोधित किया जा रहा है। शुक्रवार को भी भगवत दास घाट पर उफनाते नाले का दूषित पानी गंगा नदी की जलधारा को अपवित्र करता रहा। आस्था और श्रद्धा के साथ श्रद्धालु गंगा नदी के काले पानी में डुबकी लगाने को मजबूर हुए। प्रशासन ने माघ मेला में गंगा स्नान के दौरान नाले का दूषित पानी गंगा नदी में जाने से रोकने का आदेश दिया था पर हुआ कुछ नहीं। फोटो : मनोज तिवारी

### एक नजर

#### ब्राह्मणों ने की सवर्ण आयोग के गठन की मांग

**कनपुर।** ब्राह्मण समन्वय समिति ने परशुराम जन्मोत्सव पर सार्वजनिक अवकाश के साथ सवर्ण आयोग गठित करने की मांग की है। समिति की भूपेश अवस्थी की अध्यक्षता में हुई बैठक में संरक्षक डॉ नरेंद्र द्विवेदी के अलावा ओम नरायण तिवारी, निखिलेश दुबे, राजेन्द्र अवस्थी, आशुतोष शुक्ला, अभय दुबे, प्रमोद तिवारी, राजेश कुमार शुक्ल, डॉ. दिवाकर मिश्रा, भूपति तिवारी, जितेंद्र मिश्रा, अनूप किशोर त्रिपाठी, योगेंद्र देव त्रिपाठी, घनश्याम पाठक, अमलेश दुबे उपस्थित रहे।

## 1542 और लोगों के घर का सपना पूरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जवाहरपुरम सेक्टर-1 में निर्मित किए जा रहे 1542 भवनों को शनिवार को लॉटरी के जरिए बांटा गया। योजना में 1811 आवेदकों ने आवेदन किया था, जिसके सापेक्ष पात्र लाभार्थियों के बीच अलग-अलग श्रेणियों मंत 1156 भवनों का आवंटन किया गया। लॉटरी में जिनका नाम पुकारा गया, उन लाभार्थियों के चेहरे खुशी से चमक उठे।

शताब्दी नगर स्टेडियम में आयोजित लॉटरी में विधायक कल्याणपुर नीलिमा कटियार ने कहा कि केडीए प्रदेश में सर्वाधिक पीएम आवास बनाने वाला प्राधिकरण है। केन्द्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना में समाज के अत्यन्त दुर्बल वर्ग के लोगों को छत उपलब्ध कराने में केडीए आगे बढ़कर अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। केडीए सचिव शत्रोहन वैश्य ने बताया कि 24 जनवरी को शताब्दी नगर योजना में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत 1152 भवनों का आवंटन किया गया था। शनिवार को जवाहरपुरम सेक्टर-1 योजना में 1156 भवनों को लॉटरी के जरिए बांटा गया। दो दिन में कुल 2308 भवनों का आवंटन किया गया है। आवंटन में श्रेणीवार आरक्षण के आधार पर लाभार्थियों के बीच लाटरी निकाली गई। कार्यक्रम में अधिशाषी अभियन्ता आरके पांडेय, पीओ डूडा के प्रतिनिधि व बैंकिंग पार्टनर एचडीएफसी के क्लस्टर हेड मौजूद रहे।


आवास आवंटन के लिए निकाली गई लाटरी अमृत विचार

- केडीए ने दो दिन में 2308 पीएम शहरी आवासों का किया लाभार्थियों को आवंटन

## डॉक्टरों ने वकील को पीटा, मरणासन्न किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सिगरेट नहीं लाने पर लाठी डंडे व लोहे की रॉड से पिटाई

**अमृत विचार।** सिगरेट लाने से इंकार करने पर डॉक्टरों ने साथियों के साथ मिलकर अधिवक्ता को पीटकर मरणासन्न कर दिया। घटना स्वरूप नगर क्षेत्र की है। पीड़ित अधिवक्ता की तहरीर पर दो डॉक्टरों व उनके पांच अज्ञात साथियों के खिलाफ मारपीट और हत्या के प्रयास की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है।


घायल वकील दिपांकर।

स्वरूप नगर निवासी अधिवक्ता दिपांकर अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार देर रात वह दुकान पर पान लेने गए थे। इसी दौरान दुकान के सामने डा. अभिजीत अग्निहोत्री और डा. अंशुल अपने साथियों के साथ कार में बैठे थे। डॉक्टरों ने दिपांकर से सिगरेट लाने को कहा, उन्होंने मना कर दिया। इसे लेकर हुए विवाद में आरोप है कि डा. अभिजीत और अंशुल ने साथियों के साथ मिलकर लाठी डंडे और लोहे की राड से पीटकर उन्हें मरणासन्न कर दिया। मौके पर पहुंचे परिजन अधिवक्ता को स्वरूप नगर थाने लेकर पहुंचे। पुलिस ने घायल अधिवक्ता को मेडिकल के लिए भेजा। स्वरूप नगर इंस्पेक्टर राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि दो डॉक्टरों समेत सात आरोपियों के खिलाफ मारपीट और हत्या के प्रयास की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## बेटे को जिंदा देखना चाहते हो तो दो लाख की फिरौती दे दो...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गोविंद नगर स्थित वीरेंद्र स्वरूप स्कूल में हाईस्कूल के दो छात्र बुधवार से लापता
- शनिवार को लापता एक छात्र की बहन के मोबाइल पर आया फिरौती का मैसेज

**अमृत विचार।** गोविंद नगर स्थित वीरेंद्र स्वरूप स्कूल के हाईस्कूल के दो छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में बुधवार से लापता है। शनिवार को गोविंद नगर निवासी एक छात्र के परिजनों के पास दो लाख की फिरौती का मैसेज आने पर हड़कंप मच गया। परिजनों ने जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मूलरुप से इटावा निवासी शिवनाथ यादव पत्नी निर्मला यादव, बेटा दीपाकंर(15) व दो बेटियों के साथ गोविंद नगर सी ब्लॉक में किराए के मकान में रहते हैं। शिवनाथ पानीपत स्थित एक कंपनी में काम करते हैं। वहीं कानपुर देहात, सिकंदरा राजपुर निवासी किसान संजय कटियार पत्नी संध्या व बेटे साहिल (15) व एक बेटी के साथ गुजैनी स्थित पिपौरी में पिछले दो वर्षों से रहते हैं। दीपाकंर व साहिल गोविंद नगर स्थित वीरेंद्र स्वरूप स्कूल में 10वीं के छात्र हैं। बुधवार सुबह दोनों अपने घरों से स्कूल के लिए निकले थे। साहिल के पिता संजय कटियार ने बताया कि छुट्टी होने के बाद काफी देर तक घर न पहुंचने पर स्कूल में जानकारी की तो पता चला कि साहिल स्कूल नहीं आया था। संजय ने गुजैनी थाने में शिकायत की, देर शाम पुलिस ने अपहरण की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली। शनिवार सुबह दीपांकर की बहन निकिता के मोबाइल पर व्हाट्सएप मैसेज आया कि बेटे को जिंदा चाहते हो तो दो लाख रुपये भेज दो। इससे परिजनों में हड़कंप मच गया। एडीसीपी अंकिता शर्मा ने बताया कि फिरौती का मैसेज इंटरनेट नंबर से भेजा गया है। छात्रों की तलाश में सर्विलांस समेत चार टीमें तलाश में जुटी हैं।

### फिरौती का मैसेज आने पर दर्ज की रिपोर्ट

दीपांकर की मां निर्मला ने बताया कि बुधवार से लापता बेटे की जानकारी के लिए वह गोविंद नगर थाने के चक्कर काट रही हैं, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। शनिवार को जब साहिल की बहन के मोबाइल पर मैसेज आया तो गोविंद नगर पुलिस ने अपहरण की धारा में रिपोर्ट दर्ज की।

## 31 को बुलाया निगम सदन, हंगामे के आसार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अब तक एक बार ही हुई है सदन की बैठक, पार्षद समस्याएं उठाने को तैयार

**अमृत विचार।** महापौर ने नगर निगम सदन की बैठक 31 जनवरी को सुबह 11.30 बजे से आहूत की है। बैठक में पार्षदों के साथ नगर निगम, जलकल और जलनिगम के अधिकारी मौजूद रहेंगे। महापौर ने बैठक में केवल पूर्व सदन के निर्देश व प्रस्तावों पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है, जबकि पार्षद क्षेत्र की समस्याएं उठाने को तैयार बैठे हैं। इसे देखते हुए हंगामा होने के आसार जताए जा रहे हैं। नगर निगम सचिव का कहना है कि सदन की बैठक में अध्यक्ष की अनुमति से ही नये प्रस्ताव प्रस्तुत किये जा सकेंगे।

नगर निगम चुनाव के बाद पिछले वर्ष 23 जून को आहूत बैठक में निर्दलीय पार्षदों के विरोध के बीच कार्यकारिणी के लिए 12 सदस्यों का निर्वाचन हुआ था। इसके बाद 26 अगस्त को वर्तमान कार्यकाल का पहला सदन बुलाया गया। इसमें 22 अरब रुपये से ज्यादा के बजट को हरी झंडी दी गई थी। हालांकि इस दौरान सदन स्थगित करके नौ अक्टूबर को दोबारा बुलाया गया। इस दौरान पार्षदों की शिकायतों पर चर्चा के दौरान हंगामा हुआ था। इसके बाद से महापौर की ओर से कार्यकारिणी या सदन की बैठक नहीं बुलाई गई है। पहले सदन 28 दिसंबर फिर छह जनवरी को बुलाने की बात कही गई थी।

> 31 जनवरी की बैठक में केवल पूर्व सदन की बैठक में दिए गए निर्देश और प्रस्तावों पर की गई कार्यवाही की रिपोर्ट से सदन को अवगत कराया जाएगा।
>
> –प्रमिला पांडेय, महापौर

**खतरे की घंटी**

**आरामदेह लाइफ स्टाइल और जंक व फास्ट फूड से शरीर में बदल रहे हार्मोंस**

## मोटापे से महिलाओं के चेहरे पर आ रहे बाल

विकास कुमार, कानपुर

- जीएसवीएम पीजीआई की ओपीडी में पहुंच रहे रोज मोटापे से पीड़ित 20 मरीज

**अमृत विचार।** खराब जीवनशैली, अनियमित खानपान, व्यायाम न करना, जंक व फास्ट फूड सेवन से लोग मोटापे का शिकार होकर तमाम बीमारियों की गिरफ्त में आ रहे हैं। महिलाओं में मोटापे की वजह से हार्मोंस में बदलाव होने पर चेहरे बाल आने और अनियमित माहवारी जैसी समस्या हो रही है।

जीएसवीएसएस पीजीआई के इंडोक्रोनोलॉजी विभाग की ओपीडी में रोज करीब 20 मरीज मोटापे का इलाज लेने आते हैं। जांच में पाया गया है कि मोटापा बढ़ने से महिलाओं में पुरुष हार्मोंस विकसित हो रहे हैं। इससे उनके चेहरे पर बाल, दाढ़ी व मूंछ उगने लगती है। अनियमित माहवारी की भी समस्या होती है। इसकी मुख्य वजह खराब जीवनशैली, आरामदायक जीवन और प्रोटीन व विटामिन युक्त चीजों का सेवन नहीं करना है। जीएसवीएसएस पीजीआई के इंडोक्रोनोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ.शिवेंद्र वर्मा ने बताया कि मोटापा बढ़ने से शरीर में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा अधिक हो जाती है। इससे शरीर में हार्मोंस में बदलाव होने लगता है। महिलाओं में धीरे-धीरे पुरुष हार्मोंस विकसित होते हैं।

### इस तरह करें बचाव

- प्रतिदिन व्यायाम करें और पैदल चलें
- खाने में आयरन, कैल्शियम व प्रोटीन युक्त चीजें लें
- रोज एक फल और खाने में सलाद खाएं।
- बीपी और शुगर की जांच समय पर कराएं।
- बीपी रोगी दवा लें, कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित रखें।
- रोज सात से आठ घंटे की पर्याप्त नींद लें।
- बच्चे आउटडोर गेम जरूर खेलें।

### बच्चे भी हो रहे मोटापे से पीड़ित



विभागाध्यक्ष डॉ.शिवेंद्र वर्मा ने बताया कि एक स्टडी में पाया गया है कि बीते 10 सालों में कम उम्र के लोग या बच्चे भी मोटापे के शिकार होने लगे है। करीब 30 से 40 प्रतिशित लोग मोटापे की वजह से परेशान है। कोलेस्ट्रॉल लेवल ऊपर होने के कारण मोटापे के मरीजों को बीपी, शुगर जैसी बीमारी होने लगती है। वेस्टर्न कल्चर अपनाने वाले लोग मोटापे से ज्यादा परेशान है। वेस्टर्न कल्चर अपनाने पर 10 से 12 साल में ही बच्चों का वजन तेजी से बढ़ने लगता है।

### रात में मोबाइल चलाना भी बीमारी

वर्तमान में 18 से 20 वर्ष तक के बच्चों में शुगर लेवल बार्डर लाइन को छू रही है, जिसे टाइप–टू शुगर कहते हैं, जो अनियमित दिनचर्या के कारण हो रही है। खास तौर पर उन बच्चों में यह अधिक देखने को मिल रहा है, जो रात में मोबाइल का प्रयोग अधिक करते हैं। इसके शुरुआती लक्षण जल्द नजर नहीं आते, लेकिन शरीर को तकलीफ होती है। खाने में प्रोटीन, विटामिन, कैल्शियम व आयरन युक्त पौष्टिक चीजों का सेवन न कर फास्ट फूड खाना अधिक दिक्कत दे रहा है।

## इंजीनियर के घर का ताला तोड़ लाखों का माल पार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाई के घर मिलने गए जरौली निवासी एनटीपीसी इंजीनियर के घर के ताले तोड़कर चोरों ने 10 लाख के जेवरात व नकदी पार कर दी। सुबह सिलेंडर लेने घर पहुंचे छोटे भाई ने ताले टूटा देख पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

जरौली निवासी अमित एनटीपीसी में इंजीनियर हैं, जबकि पत्नी निधि सरकारी स्कूल में शिक्षिका हैं। अमित के साथ उनके पिता राजकुमार व मां शारदा रहते हैं। अमित ने बताया कि उनका छोटा भाई बर्रा दो निवासी असित स्कूल संचालक है। भाई के स्कूल में गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम होने के चलते वह पत्नी व माता पिता के साथ एक दिन पहले घर पर ताला लगाकर बर्रा-दो आए हुए थे। गणतंत्र दिवस के दिन अमित के घर में सिलेंडर खत्म हो गया तो वह जरौली स्थित अमित के मकान पहुंचे, जहां कमरे का ताला टूटा पड़ा देख चोरी की आंशका हुई।

### जिम का शटर तोड़कर उड़ाई नकदी

नौबस्ता थाना क्षेत्र के तौधकपुर में जसपाल का जेएस फिटनेस नाम से जिम है। गणतंत्र दिवस पर जिम बंद थी। देर रात एक चोर जिम का शटर साबड़ से उखाड़ कर अंदर पहुंचा और काउंटर में रखे करीब 27 हजार रुपये ले गया। नौबस्ता इंस्पेक्टर ने बताया कि सीसीटीवी के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### बैट्री और पाट्र्स चोरी किए

जेके कॉलोनी चौराहे पर शॉपिंग मॉल के मैनेजर किदवई नगर निवासी कामद नाथ शुक्ला ने बताया कि चोरों ने मॉल के बाहर लगे जनरेटर के गेट का ताला तोड़ कर बैट्री और पाट्र्स चुरा लिए। थाना प्रभारी ने बताया कि चोरी का मामला दर्ज किया है।

झंडा ऊंचा रहे हमारा





**घंटाघर पर लहराया एमएचपीएल का बनाया 150 फीट ऊंचा तिरंगा :** शहर के गौरवमयी इतिहास को जीवंत करने के लिए 75 वें गणतंत्र दिवस पर घंटाघर चौराहे पर 150 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। महापौर प्रमिला पांडे, मंडलायुक्त और पुलिस कमिश्नर ने झंडा फहराया। राष्ट्रीय ध्वज जैसे ही 150 फीट की ऊंचाई पर पहुंचा भारत माता की जय और वन्दे मातरम् के उद्घोष से माहौल गूंज उठा। झंडा फहरने के बाद राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत हुआ। समारोह में बज रहे देशभक्ति के गीत जहां लोगों में जोश भर रहे थे, वहीं गले में तिरंगा डाले लोग झूम रहे थे। 150 फुट ऊंचे झंडे का निर्माण एमएचपीएल इंडिया ने किया है। एमएचपीएल के एमडी पीयूष अग्रवाल और निदेशक प्रणीत अग्रवाल ने कहा कि शहर के लिए 24 गुणा 36 फुट का तिरंगा ध्वज आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति के गीतों पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अमृत विचार

## आईआईटी में 316 छात्र-छात्राओं ने किया रक्तदान

**कानपुर।** आईआईटी में शनिवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर डायमंड जुबली मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विभिन्न संकायों के कुल 316 विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने रक्तदान किया। सभी ने लोगों को इसके लिए जागरूक करने का संकल्प भी लिया। शिविर को रोटरी क्लब ऑफ कानपुर शौर्य और ब्लडकनेक्ट के सहयोग से डायमंड जुबली मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। आईएमए चैरिटेबल ब्लड बैंक, जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक, श्याम बिहारी तिवारी चैरिटेबल ब्लड सेंटर और डी स्टेयर्स चैरिटेबल ब्लड बैंक के लोगों की देखरेख में किया गया। इस अवसर पर अक्षत जैन, मिताली खेतान, रीता स्वरूप सिंह, ध्रुव बंसल, मोहन राजपूत, शुभम मौर्य, हर्ष कुमार, ईशा सिहारे, सूर्या शुक्ला, समीर कश्यप रहे।

## ............मेरी शान है तिरंगा............



गोविंद नगर में किया गया ध्वजारोहण। अमृत विचार

### गूंजा भारत माता का जयघोष

**कानपुर।** समाचार पत्र विक्रेता संघर्ष समित की ओर से गोविंद नगर सेंटर पर उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर ध्वजारोहण के साथ ही भारत माता का जयघोष वातावरण में गूंज उठा। इस अवसर पर समिति के संयोजक रमेश बाजपेई , दीपक गुप्ता , सुरेंद्र यादव , राजा दुबे , भोला बाजपाई , नवल तिवारी ,राम शरण पांडे।



सर्वोदय नगर में ध्वजारोहण करते भाजपा जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय। अमृत विचार

### सर्वोदय नगर में फहराया तिरंगा

**कानपुर।** सर्वोदय नगर व्यापार मंडल की ओर से सर्वोदय नगर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा अध्यक्ष दीपू पांडेय ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय सिंह, चेयरमैन विजय दत्त शुक्ला महामंत्री पवन सिंह, मीडिया प्रभारी सिराज बाबू, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता और मंत्री सुनील कांत, मंत्री अरुण कनौजिया और सुधीर त्रिपाठी, कारोबारी जयभान सिंह और राजेंद्र गुप्ता, प्रमोद कुमार मिश्र, कृष्णा गुप्ता, कुशाग्र, अशोक कुमार, दीपू सैनी, राम प्रकाश, प्रिंश वर्मा, सागर चौधरी, धर्मेंद्र गुप्ता आदि रहे।



बारा देवी सेंटर पर उपस्थित समाचार पत्र वितरक। अमृत विचार

### समाचार पत्र वितरक एसोसिएशन ने बांटी मिठाई

**कानपुर।** बारादेवी सेंटर पर समाचार पत्र वितरक एसोसिएशन ने हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस मनाया। रोहित अवस्थी ने झंडारोहण किया। फूलों की वर्षा और आतिशबाजी के बाद टोपी, मोजे, मिष्ठान वितरित किया गया। इस अवसर पर सुरेंद्र शुक्ला, वरुण शुक्ला, उमाशंकर जायसवाल, रामनरेश कल्लू, जयशील सिंह, सत्यम गुप्ता, राज गुप्ता, ज्ञान कनौजिया के साथ संजय मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



विजय नगर सेंटर पर मौजूद समाचार पत्र वितरक। अमृत विचार

### विजयनगर सेंटर में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**कानपुर।** श्रमजीवी समाचार पत्र वितरक मंच ने विजयनगर सेंटर में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। संयोजक परमानंद पाल, केंद्रीय अध्यक्ष सर्वेश मिश्रा, संजय शुक्ला ने झंडारोहण किया। मिष्ठान वितरण और सभी को बधाई दी गई। इस अवसर पर वीर सिंह, मुकेश कुशवाहा, पवन, जितेंद्र, अर्जुन, शिवा, गुड्डू तिवारी ,जगदीश तिवारी, सुनील तिवारी, पदम बहादुर, सर्वोदय नगर सेंटर से राजेश शुक्ला, शिवचरण सविता, प्रदीप शर्मा, कौशल किशोर, अंकुर गौर, अमित त्रिवेदी, धर्मेंद्र के साथ सभी पत्र वितरक उपस्थित रहे।



सर्वोदय नगर सेंटर पर उपस्थित समाचार पत्र वितरक। अमृत विचार

### समाचार पत्र वितरकों ने किया कंबल वितरण

**कानपुर।** सर्वोदय नगर डिपो में समाचार पत्र वितरकों ने 75 वें गणतंत्र दिवस मनाया। मुख्य अतिथि अनु गोयल व डॉक्टर वाना तिवारी, डॉक्टर कविता गुलाटी ने ध्वजारोहण किया। 151 जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया। लोगों को खस्ता, चाय, मिष्ठान का विवरण किया गया। इस अवसर पर महामंत्री ज्ञान प्रकाश आर्य, संगठन मंत्री राजेश कुशवाहा, कोषाध्यक्ष रमेश निषाद, उपाध्याय शिव शंकर मिश्रा, विवेक तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव, डिपो अध्यक्ष विजय दीक्षित, कार्यवाहक अध्यक्ष ब्रज किशोर, रमेश यादव, मिथुन, दिलीप, राजन, सागर यादव, राजू प्रजापति, प्रमोद दीक्षित, राजा, करुणेश त्रिपाठी, संजय यादव, रवि गुप्ता, आशु पंत, भोलू, केदार बाबा, नीरज अग्निहोत्री, मुन्नीलाल, शिव नारायण पाल, रामकिशोर, सतीश, संतोष कमरेड, अनु गोयल ने सामाजिक कार्यों को करने का संकल्प लिया।

# पुलिस लाइन में नंदी ने ध्वजारोहण कर परेड की ली सलामी

## घुड़सवार पुलिस ने हाई जंप और फाल्ट एंड आउट के करतब दिखाए

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** 75वें गणतंत्र दिवस पर कानपुर कमिश्नरेट पुलिस की ओर से पुलिस लाइन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने ध्वजारोहण करने के बाद परेड को सलामी दी। पुलिस कर्मियों ने अलग-अलग कार्यक्रमों में अपने शौर्य का प्रदर्शन किया। समारोह में डीसीपी मुख्यालय में तैनात उप निरीक्षक बिंद्रा प्रसाद को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक व अनवरगंज थाने में तैनात दरोगा राम दयाल को सराहनीय सेवा पदक प्रदान किया गया।

पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने डीसीपी वेस्ट विजय ढुल को सराहनीय सेवा



परेड की सलामी लेते प्रभारी मंत्री नंद कुमार नंदी व पुलिस आयुक्त।

पुरस्कार और एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय समेत अन्य पुलिस अफसरों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। घुड़सवार पुलिस ने हाई जंप और फाल्ट एंड आउट का शानदार प्रदर्शन किया। एनसीसी कैडेट और स्कूली छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शानदार प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया।

### देश मोदी तो प्रदेश योगी के हाथ में सुरक्षित

समारोह को संबोधित करते हुए नंदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण पिछले 10 सालों में देश ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है। देश की बागडोर प्रधानमंत्री के हाथों में सुरक्षित है और प्रदेश की कमान सीएम योगी के सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद से गुंडों ने या तो प्रदेश छोड़ दिया है या वह जेल में है। माफिया पर बुलडोजर की कार्रवाई की गई है। भाजपा सरकार में प्रधानमंत्री की सारी जनकल्याण योजनाएं देश और प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है।

### ये पुलिस कर्मी हुए सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान डीसीपी साउथ रवींद्र कुमार और डीसीपी वेस्ट विजय ढुल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही पुलिस महानिदेशक द्वारा उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह कानपुर में तैनात पुलिस कर्मी श्रवण कुमार अवस्थी ( सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह), जितेंद्र कुमार वर्मा-आरक्षी-सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह-शौर्य, राहुल अग्रहरि-आरक्षी-सिल्वर-शौर्य, मुस्ताक-आरक्षी- सिल्वर-शौर्य, राहुल कुमार-आरक्षी- सिल्वर-शौर्य, भानू प्रताप - आरक्षी - सिल्वर-शौर्य, सर्वेश कुमार-आरक्षी-सिल्वर-शौर्य, सौरभ यादव- आरक्षी - सिल्वर - शौर्य, अरविंद - मु.आरक्षी- सिल्वर, करन सिंह यादव - मु. आरक्षी- उत्कृष्ट सेवा पदक, कुलवीर सिंह-आरक्षी चालक- उत्कृष्ट सेवा पदक-, इंद्रेश चंद्र-अति उत्कृष्ट सेवा पदक- यातायात पुलिस लाइन, मजीद खां - अति उत्कृष्ट सेवा पदक- यातायात पुलिस लाइन, राम बिहारी - प्रधान परिचालक-अति उत्कृष्ट, विनय कुमार तिवारी-उप निरीक्षक-गोल्ड-शौर्य, जनार्दन सिंह यादव - उपनिरीक्षक- सिल्वर- शौर्य, हिमांशू चौधरी-उपनिरीक्षक-सिल्वर-शौर्य, सूर्य प्रताप सिंह-उप निरीक्षक-सिल्वर - शौर्य, रामदीन - यातायात टीएसआई- अतिउत्कृष्ट सेवा पदक, उस्मान खान - उप निरीक्षक- उत्कृष्ट सेवा पदक, यमुना प्रसाद मौर्या- रेडियो उप निरीक्षक-अतिउत्कृष्ट, रामवीर सिंह यादव - निरीक्षक - अति उत्कृष्ट सेवा पदक, अभिषेक कुमार पाण्डेय - एसीपी- सिल्वर- शौर्य, विजिलेंस की कानपुर इकाई के एसपी पुत्तू राम को सराहनीय सेवा पदक से नवाजा गया

### स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रित सम्मानित

**कानपुर :** स्वतंत्रता दिवस पर शहर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिलाधिकारी विशाख जी ने कार्यालय में ध्वजारोहण किया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को सम्मनित किया। मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने कार्यालय में ध्वज फहराया। सीएसजेएमयू में कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने ध्वजारोहण किया। देश के शौर्य और पराक्रम की गाथा के संदेश को संजोए हुए झांकियों को निकाला गया। छात्रों ने इस अवसर पर तिरंगा यात्रा निकाली। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के निदेशक नरेंद्र मोहन ध्वज फहराया।

## ...............शान से लहराया तिरंगा...............



घंटाघर सेंटर पर ध्वज फहराते समाचार पत्र वितरक। अमृत विचार

### समाचार पत्र विक्रेता संघ ने किया तिरंगा वितरण, झंडारोहण

**कानपुर।** घंटाघर सेंटर में समाचार पत्र विक्रेता संघ के वरिष्ठ महामंत्री सुरेंद्र यादव ने ध्वजारोहण किया गया। मिठाई वितरित की गई, ठंड से बचाव के लिए अलाव भी जलवाया गया। इस अवसर पर युवा समाचार पत्र विक्रेता संघ अध्यक्ष मोनू पंडित, घंटाघर अध्यक्ष अनिल वाजपेयी, हरिनारायण दीक्षित, प्रमोद पांडे, अजय पाण्डे, श्याम किशोर अवस्थी, विजय यादव, वैभव दीक्षित, विपिन अवस्थी, विकास यादव, विजय अवस्थी, दीपू, बबलू पांडे, रमेश गुप्ता, शैलेंद्र, विजय तिवारी, राजू, दिनेश के साथ फूलबाग एवं घंटाघर सेंटर के सभी वितरकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



घंटाघर सेंटर पर मौजूद पत्र वितरक। अमृत विचार

### गणतंत्र दिवस पर गर्म कपड़े वितरित किए

**कानपुर।** समाचार पत्र वितरक समाज ने घंटाघर सेंटर में गणतंत्र दिवस को खास तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर समाजा सेवा का संकल्प लेते हुए गर्म लोवर, इनर, टोपी आदि वितरित किए गए। समाज के संरक्षक शंकर मिश्रा और अनिल सिंह को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षत्र पाल सिंह, गुड्डू भाई, अध्यक्ष रमाशंकर, वीरेंद्र मिश्रा, राजकुमार पाण्डेय, दिनेश पाण्डेय, छेदी लाल, सर्वेश तिवारी, केदार गुप्ता, रमेश गुप्ता, रामलखन वर्मा, अशोक तिवारी, बबलू पाण्डेय, अवधेश मिश्रा, पिंटू सैनी, अंकित कुमार, राजेश वर्मा, राजेश सिंह, कपिल पाण्डेय, अर्जुन कुमार, आदित्य कुमार, पवन गुप्ता, विजय गुप्ता, श्याम सुंदर, संतोष सिंह, शैलेंद् वर्मा आदि उपस्थित रहे।



आरोग्यधाम की ओर से ग्वालटोली में गणतंत्र दिवस मनाया गया। आरोग्यधाम के संस्थापक आरआर मोहन ने समाचार पत्र वितरक संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव व कलेक्टर गंज मंदिर के सोमदत्त अग्निहोत्री का स्वागत किया। डॉ आरती मोहन, वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ हेमंत मोहन आदि रहे।

# रक्तदान व नारी जागृति रैली निकाली

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** नवीन नगर स्थित सुदामा पार्क में नवीन नगर सेवा समिति और पनेशिया ग्रुप के परिवार ने गणतंत्र दिवस महोत्सव धूमधाम से मनाया। ध्वजारोहण के बाद पदाधिकारियों ने मिष्ठान वितरण किया। दि पनेशिया हॉस्पिटल एवं दि पनेशिया पैरामेडिकल साइंसेस एंड नर्सिंग इंस्टिट्यूट के स्टाफ व छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। डॉ.प्रीति शुक्ला की अगुवाई में नारी जाग्रति के लिए प्रभात फेरी निकाली गई। मुख्य अतिथि शिवाकांत जी महाराज ने भारत की सांस्कृतिक विरासत, अखंडता, सनातन व नारी शक्ति के बारे में जानकारी दी। साथ ही 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का भी जिक्र किया। डॉ. प्रीति शुक्ला ने नारी समाज के प्रति हो रहे भेदभाव



रक्तदान करते डॉ. विकास शुक्ला। अमृत विचार

● **पनेशिया इंस्टिस्ट्यूट में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम**

को बताया। इससे मुक्ति दिलाने का आग्रह और रक्त दान भी किया। डॉ. विकास शुक्ल ने सभी को पुरानी सनातनी विरासत व संस्कृति से अवगत कराया। ब्लड डोनेशन कैंप व रक्तदाता सम्मान समारोह के आयोजन के माध्यम से युवाओं व समाज में रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने का आवाहन किया। इसके बाद काकादेव स्थित दि पनेशिया मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सेमिनार हॉल में सामूहिक व आईएमए के तत्वाधान में रक्त-दान शिविर का आयोजन किया। इस दौरान डॉ. अनिल दीक्षित, डॉ. सुलोचना दीक्षित, अशोक तनेजा, आरके सिंह, सुनीत शुक्ला, संजीव तिवारी, श्रीशेष त्रिवेदी, राघवेंद्र सिंह रहे।

## महापर्व के मौके पर निकली शोभा यात्रा

**कानपुर।** 75 महापर्व के मौके पर कांग्रेस पार्टी की ओर से तिलक हॉल कार्यालय से बैंड बाजों व झांकियों के साथ विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा मेस्टन रोड से होते हुए मूलगंज, बादशाहीनाका, कलक्टरगंज, शक्करपट्टी, नयागंज, बिरहाना रोड, फूलबाग होते हुए गांधी प्रतिमा पर पहुंची। महात्मा गांधी प्रतिमा पर मुख्य अतिथि कांग्रेस कमेटी सचिव संतराम नीलांचल ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नफरत एवं सांप्रदायिक कट्टरता समाज के लिए खतरनाक है, जिसे रोका न गया तो इसके सभी को दुष्परिणाम भोगने होंगे।

**स्मार्ट सिटी-ग्रीन सिटी** | गणतंत्र दिवस के मौके पर व्यापारियों को बांटे गए पौधों समेत 550 गमले

# शहर में हरीतिमा के लिए पौधों का वितरण

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** ग्रीन कानपुर के संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश टिंबर उद्योग व्यापार मंडल की ओर से पौधे और जैविक खाद का वितरण किया गया। कोपरगंज में हुए इस आयोजन के दौरान व्यापारियों ने हरे-भरे कानपुर और स्वच्छ कानपुर की शपथ भी दिलाई। 550 गमलों का वितरण किया गया। उत्तर प्रदेश टिंबर उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री गुरजिंदर सिंह ने व्यापारियों को पौधों का महत्व भी समझाया। उन्होंने कहा कि सभी का नैतिक कर्तव्य है कि वे अपने आवास व प्रतिष्ठान में सफाई रखें व अपने शहर को भी साफ सुथरा करने के लिए पौधे लगाए। इस दौरान यह भी कहा गया कि जिस तरह से इंदौरवासियों ने अपने शहर को स्वच्छता में पहले नंबर पर पहुंचाया



गमला वितरण के अवसर पर सरदार गुरजिंदर सिंह व अन्य पदाधिकारी।

है। उसी तरह कानपुर वासियों को भी स्वच्छता के लिहाज से शहर को पहले पायदान पर लाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्ञानेश मिश्र व विशिष्ट अतिथि सुखविंदर सिंह लाडी को व्यापार मंडल की ओर से सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष रमाकांत शर्मा व वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुरंजन त्रिपाठी ने आये अतिथियों को माला पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कोषाध्यक्ष अतुल ओमर,तजिंदर सिंह, प्रवीण दीक्षित, नदीम खान, कुंदन शर्मा, सहीर अली, मनीष वसंदानी,अशोक गुप्ता रहे।

● **उत्तर प्रदेश टिंबर उद्योग व्यापार मंडल का समारोह**

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
(Establishment Under Govt. of U.P. Act 26 of 2016)

VACANCIES OPEN | ASSISTANT PROFESSORS

Bareilly International University invites applications from committed and passionate individuals for Assistant Professors for its constituent Colleges – BIU College of Management and BIU College of Humanities & Journalism in the following domains:

| | |
|---|---|
| BIU College of Management | Commerce |
| BIU College of Humanities & Journalism | Mass Communication |
| Qualification & Experience: As per UGC Norms | |
| Remuneration: Faculty Members will be placed in a suitable pay structure commensurate with their qualifications and experiences. | |

Interested candidates may send their detailed resume clearly indicating the domain in the subject line within 07 days from the publication date of the advertisement through email to principal.bcm@biu.edu.in / principal.hj@biu.edu.in

Bareilly International University, RMCH Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India

## एक नजर

### समाचार पत्र वितरक के पिता का निधन



**कानपुर।** सर्वोदय नगर सेंटर के समाचार पत्र विक्रेता दुर्गा द्विवेदी के पिता कैलाश नाथ द्विवेदी का शुक्रवार को निधन हो गया। वह अपने पीछे तीन पुत्र दुर्गा द्विवेदी, करुणा शंकर, रमाशंकर द्विवेदी, पांच नाती और तीन नातिन छोड़ गए हैं। उनके निधन से समाचार पत्र विक्रेताओं में शोक की लहर है। सभी ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

### खेत की रखवाली करने गए युवक का शव मिला

**कानपुर।** नवर्ल थानाक्षेत्र निवासी किसान की खेत में गिरने से मौत हो गई। दीपापुर निवासी शोभा देवी ने बताया कि उनके पति रामप्रसाद (39) खेती करते थे। उनके चार बच्चे विमलेश (14), प्रियांशु (12), मंझिल (10) व बेटी गुड़िया (8) हैं। 25 जनवरी की रात रामप्रसाद खेतों की रखवाली करने गए थे। 26 जनवरी की शाम खेत से गुजर रहे ग्रामीणों ने रामप्रसाद का शव खेत में पड़ा देख परिजनों को जानकारी दी। नर्वल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### मेमू कार शेड में मेंटेनेंस की गुणवत्ता में होगा सुधार

**कानपुर।** अति व्यस्त रूट में ट्रेनों की गति बढ़ाने व अवरोध दूर करने को लेकर जीएम रविंद्र गोयल के साथ डीआरएम हिमांशु बडोनी ने निरीक्षण करके कार शेड में गुणवत्ता पूर्ण मेंटेनेंस के निर्देश दिए। बाद में सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म एक को भी देखा। डिप्टी सीटीएम आशुतोष सिंह, एसीएम संतोष कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ सीनियर इंजीनयर शांतनू से विकास कार्यों की जानकारी ली। स्टेशन अधीक्षक अनिल तिवारी मौजूद रहे।

### बनारस-नई दिल्ली ट्रेन दो दिन बलिया जाएगी

**कानपुर।** रेल प्रशासन ने बनारस से नई दिल्ली के बीच चलने वाली बनारस-नई दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस का बलिया तक विस्तार करने का फैसला किया है। यह ट्रेन सप्ताह में दो दिन बलिया स्टेशन तक जाएगी और आएगी। 30 जनवरी के बाद हर सोमवार, मंगलवार को 12581 ट्रेन बलिया से 19 .30 बजे चलकर 22 .45 बजे बनारस आएगी और 25 मिनट बाद चलेगी। 12582 ट्रेन बलिया 13 .35 बजे पहुंचेगी।

# गुरु का रिश्ता दुनिया के हर संबंधों से ऊपर: करौली शंकर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- करौली शंकर आश्रम में पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन
- श्रद्धालुओं ने किया हवन और करौली शंकर महादेव का पूजन

**अमृत विचार।** गुरु और शिष्य का रिश्ता सभी संबंधों से ऊपर है। माता- पिता और समाज हमें जिंदा रहना सिखाते हैं। कैसे हम अपनी आजीविका जुटाएं यह हमारे माता- पिता, समाज हमें बताता है। ज्यादा से ज्यादा से ज्यादा धन कमाना, वैभव प्राप्त करना हमें माता- पिता सिखाते हैं ताकि हमें किसी के सामने हाथ नहीं फैलाना पड़े, लेकिन गुरु हमें जिंदा रहना नहीं जीना सीखाता है। ये बातें करौली शंकर महादेव महाराज ने करौली स्थित आश्रम में आयोजित महासम्मेलन में कहीं।

उन्होंने कहा कि जिंदा तो पशु भी रह लेता है। लोगों ने अपने गुरु के लिए अपने माता- पिता,धन, संपत्ति और वैभव का भी त्याग कर दिया क्योंकि उन्हें यह पता चल गया कि एक गुरु ही है जो हमें जिंदा रहना नहीं जीना सिखाता है। जो जीने की कला में पारंगत है उसका साथ चाहिए। ऐसा व्यक्ति गुरु के रूप में चाहिए जिसे पूर्णता प्राप्त हो। बाबा जी अपने एक- एक शिष्य की रक्षा करते हैं उनकी देखभाल करते हैं। करौली शंकर महादेव ने कहा कि मां में एक स्वाभाविक गुण होता है ममता का। ममता का अंग्रेजी शब्द है केयर करना। मां के हिस्से में ममता आती है और पिता के हिस्से में आता है वात्सल्य। पिता के हिस्से में खाने पीने का इंतजाम करना। बाहरी लोगों से सुरक्षा करना यह पिता का दायित्व है, लेकिन मां का दायित्व सबसे ऊपर है। आप विस्तर गीला कर दो तो पिता एक गद्दा लाकर आपको सूखे में सुला सकता है। लेकिन मां तो आपको गीले से उठाकर सूखे में सुला देती है और खुद गीले में सो जाती है। क्योंकि मां ने अपने गर्भ में नौ माह तक पाला है आपको। उसके हिस्से में आता है ममता और दुलार। मां भोजन कर रही हो और बच्चा रो दे तो वह भोजन की थाली छोड़ देती है और सबसे पहले बच्चे को दूध पिलाती है। मां सृष्टि में शिव और शक्ति के रूप में है। इस दौरान श्रद्धालुओं ने हवन पूजन किया।



करौली शंकर महाराज के साथ पूजन के बाद शिष्य। अमृत विचार

## रात में चार डिग्री सर्दी, दिन में पारा पहुंचा 20 डिग्री

**कानपुर।** शहर में शनिवार को न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके बावजूद खिली धूप की वजह से लोगों को सर्दी के सितम से राहत मिली। मौसम वैज्ञानिकों ने अभी कुछ दिन तक न्यूनतम पारा बढ़ने की संभावना जताई है। इसकी वजह उत्तर पश्चिमी हवाओं का कमजोर होना है।

शनिवार सुबह सर्दी व कोहरे ने लोगों को परेशान किया। लेकिन 11 बजे अचानक खिली धूप ने दोपहर में मौसम बदल कर रख दिया। इसके चलते अधिकतम तापमान बढ़कर 20.6 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। लोगों को छतों-छज्जों और पार्कों में धूप सेंकते देखा गया। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि एंटी साइकलॉन की वजह से उत्तर पश्चिमी हवाएं रुक रही हैं। इस वजह से सर्दी में थोड़ी राहत मिल रही है। यह राहत बुधवार तक बनी रह सकती है।

# केंद्रीय सड़क निधि से बनाया जाएगा सरसौल से साढ़ तक फोरलेन मार्ग

## मिलेगी सहूलियत : डिफेंस कॉरिडोर को एनएच-टू से जोड़ने के लिए शुरू हुई कवायद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फोर लेन मार्ग के लिए जल्दी ही भूमि का अधिग्रहण करेगा लोक निर्माण विभाग



**अमृत विचार।** साढ़ गांव में बसाए जा रहे डिफेंस कारिडोर को दिल्ली-कानपुर- प्रयागराज (एनएच-2) राष्ट्रीय राजमार्ग से फोर लेन मार्ग से जोड़ने के लिए लोक निर्माण विभाग ने कवायद तेज कर दी है। इस मार्ग को केंद्रीय सड़क निधि के बजट से चौड़ा करने की तैयारी की जा रही है। इसे चौड़ा करने के लिए भूमि अधिग्रहण भी किया जाएगा। जो भूमि अधिग्रहीत की जानी है उसे चिह्नित कर लिया गया है। अब केंद्रीय सड़क निधि से बजट आवंटन के लिए प्रस्ताव भेजने की कवायद की जा रही है। बजट आसानी से मिल जाए इसके लिए सांसद देवेंद्र सिंह भोले और सत्यदेव पचौरी ने पैरवी करने की बात कही है।

उप्र एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण साढ़ गांव में डिफेंस कॉरिडोर बसा रहा है। यहां अडानी समूह को करीब सवा चौर से एकड़ भूमि आवंटित की गई है। इस पर एम्युनेशन कांप्लेक्स बनाया जा रहा है। यह कॉरिडोर टू लेन मार्ग से साढ़ से नर्वल होते हुए सरसौल में एनएच टू से जुड़ा हुआ है। जबकि टू लेन मार्ग से ही कानपुर – हमीरपुर हाईवे से रमईपुर में जुड़ता है। भविष्य में कॉरिडोर का विस्तार करने की योजना है।

ऐसे में यहां फोर लेन मार्ग की जरूरत है। इस जरूरत को देखते हुए लोक निर्माण विभाग ने डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की है। इसके लिए प्रयागराज हाईवे पर नर्वल मोड़ से साढ़ तक 16 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क बनाने की योजना है। सरसौल के नर्वल मोड़ से साढ़ चौराहा तक 15.650 किमी सड़क का चौड़ीकरण किया जाना है। इस कार्य में 207.54 करोड़ रुपये खर्च होना है। इसके बन जाने से ग्रामीणों को भी आवागमन में आसानी होगी। उद्यमियों को भी अपना माल लाने और ले जाने में किसी तरह की दिक्कत नहीं आएगी।

सड़क के चौड़ीकरण का बजट केंद्रीय सड़क निधि से मिल जाए इसके लिए पहले पीडब्ल्यूडी की मुख्य अभियंता समिति प्रोजेक्ट को मंजूर करेगी। इसके बाद प्रस्ताव को आगे बढ़ाया जाएगा। उम्मीद है कि जल्दी ही निधि स्वीकृत होगी।

## ब्रेन हमरेज से मौत के बाद व्यापारी के नेत्र किए दान

**कानपुर।** कृष्णा नगर निवासी व्यापारी कमल किशोर मेहरोत्रा (71) को गुरुवार शाम को ब्रेन हेमरेज पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी शनिवार सुबह मौत हो गई। व्यापारी की मौत के बाद उनके दामाद राजीव भाटिया व नेत्रदान सहयोगी सुदेश भाटिया ने पूर्व पार्षद व नेत्रदान पर प्रेरक मदन लाल भाटिया से संपर्क किया। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ.शालिनी मोहन को निर्देश पर नेत्र रोग विभाग की टीम में डॉ.अखिलेश चौहान व डॉ.सुप्रिया चौहान ने स्व.कमल किशोर मेहरोत्रा की दोनों कॉर्निया सुरक्षित की, जिससे दो लोगों की जिंदगी से अंधेरा दूर हो सकेगा।



## सार-संक्षेप



समाचार पत्र वितरकों ने बर्रा सेंटर में मनाया गणतंत्र दिवस। अमृत विचार

### भारत माता के जयघोष के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

**कानपुर।** समाचार पत्र वितरकों ने बर्रा सेंटर में भारत माता के जयघोष के साथ गणतंत्र के पर्व को धूमधाम से मनाया। देश के वीर जवानों अमर रहे के नारे लगाए। झंडारोहण, राष्ट्रगान कर मिठाई वितरित की। आयोजक अमर यादव एलपी दिवाकर, हरीशंकर, मनोज पाल, लाला यादव, अजय कश्यप, बुल्ला यादव, राजेश शुक्ला, इंदर यादव, प्रमोद दीक्षित, भीमशंकर, अमित यादव, राकेश सक्सेना, बडे पाल, राजपाल, लालू यादव, निक्की वर्मा, संतोष वाजपेयी, बउआ तिवारी, घनश्याम तिवारी, मुन्नू तिवारी, प्रदीप त्रिपाठी, जितेंद्र पाल, आशीष पाल, विनोद पाण्डेय, शंभू शरण पाण्डेय, रामू सचान, दीप वाजपेयी आदि उपस्थित रहे।



कल्याणपुर सेंटर में समाचार पत्र वितरकों ने झंडारोहण कर राष्ट्रगान गाया।

### तिरंगे को दी सलामी लिया सेवा का संकल्प

**कानपुर।** 75 वें गणतंत्र दिवस पर कल्याणपुर सेंटर में समाचार पत्र वितरकों ने झंडारोहण कर राष्ट्रगान किया और समाजसेवा का संकल्प लिया। इस अवसर पर हेमू तिवारी, रज्जन मिश्रा, दिव्यांशु मिश्रा, विजय पांडेय, अमन शुक्ला, प्रखर शुक्ला, सुनील सविता, विजय राठौर, आकाश शुक्ला के साथ अन्य उपस्थित रहे।



नया पुरवा सेंटर पर झंडारोहण में वितरकों का हुआ सम्मान। अमृत विचार

### नया पुरवा सेंटर में रही गणतंत्र दिवस की धूम

**कानपुर।** नया पुरवा सेंटर पर शुक्रवार को 75 वें गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाया गया। वरिष्ठ वितरकों ने झंडारोहण किया। सभी ने एक दूसरे का लड्डू खिलाकर मूहं मीठा कराया। इस अवसर पर पप्पू द्विवेदी, हर प्रसाद कामरेट, राज कपूर, महेंद्र मिश्रा, अंसारी भाई, रामजीत, अमित चतुर्वेदी, आशीष अग्रवाल सम्मिलित हुए।



समाचार पत्र वितरक संयुक्त मोर्चा ने किया झंडारोहण। अमृत विचार

### गणतंत्र दिवस पर वितरित की मिठाई

**कानपुर।** समाचार पत्र वितरक संयुक्त मोर्चा ने गणतंत्र दिवस पर लोगों को मिठाई वितरित की। इस अवसर पर महामंत्री सुभाष चन्द्र द्विवेदी व वरिष्ठ उपाध्यक्ष भरत लाल् मिश्रा, रज्जन शुक्ला, प्रदीप तिवारी, श्याम मिश्रा, सतेन्द्र मिश्रा, छुननी मिश्रा, राजेन्द्र, अमित यादव, सुरेश मिश्रा, शिव कुमार वाजपेयी, बांके, सुनील मिश्रा, राज कुमार वाजपेयी व समस्त समाचार पत्र वितरक उपस्थित रहे।



श्री आनंदेश्वर पत्र वितरक शक्ति कमेटी ने किया झंडारोहण। अमृत विचार

### गोविंद नगर में वितरकों ने फहराया तिरंगा

**कानपुर।** श्री आनंदेश्वर पत्र वितरक शक्ति कमेटी ने गोविंद नगर सेंटर में धूमधाम से गणतंत्रत दिवस मनाया। मिठाई खिलाकर एक दूसरे का मुहं मीठा कराया। इस अवसर पर काले, राज किशोर गुप्ता, हरीश, छुन्ना, प्रदीप तिवारी, योगेंद्र परिहार, बहादुर के साथ अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पांच फरवरी से विहिप चलाएगी धर्म रक्षा निधि संकलन अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



विहिप प्रांत की समीक्षा बैठक में भाग लेते पदाधिकारी। अमृत विचार

- विहिप कार्यकर्ता 31 जनवरी को करेंगे रामलला के दर्शन

**अमृत विचार।** विश्व हिन्दू परिषद कानपुर प्रान्त की समीक्षा बैठक विहिप प्रांत कार्यालय श्रीमुनि हिन्दू इंटर कॉलेज गोविंद नगर के दुर्गा भवन में हुई। विहिप प्रांत अध्यक्ष राजीव महाना, प्रांत कार्याध्यक्ष डॉ. उमेश पालीवाल, प्रांत मंत्री राजू पोरवाल और प्रांत संगठन मंत्री परमेश्वर ने बैठक का शुभारंभ किया। प्रांत मंत्री राजू पोरवाल ने प्रांत के सभी 21 जिलों से आए हुए पदाधिकारियों से पिछले कार्यक्रमों की जानकारी ली। जिसमें रामायण परीक्षा समेत पीछे किए गए कार्यों की समीक्षा हुई। विहिप प्रान्त संगठन मंत्री परमेश्वर ने बताया कि 5 फरवरी से 10 मार्च तक धर्म रक्षा निधि संकलन का अभियान चलेगा। उन्होंने बताया कि 31 जनवरी को कार्यकर्ता प्रभु श्रीरामलला के दर्शन करेंगे इसके साथ ही आगामी लक्ष्यों का संकल्प लेकर आएंगे। बैठक में विहिप प्रांत उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय, बालिस्टरजी, प्रांत सह मंत्री अभिनव दीक्षित, संगीता पाल, प्रांत संस्कार प्रमुख विवेक द्विवेदी, प्रांत कार्यालय प्रमुख विनोद तोमर, राजेंद्र शर्मा, राम गोपाल, अर्चना दीदी, आशीष गुप्ता, ओमेंद्र अवस्थी, पवन सिंह, डॉ. शिव स्वरूप, विश्वकर्मा, अमरनाथ, विभाग संगठन मंत्री पीयूष, विभाग कार्याध्यक्ष सुबोध कटियार रहे।

## प्रकाश पर्व पर शबद-कीर्तन

**कानपुर।** धन धन बाबा दीप सिंह जी का प्रकाश पर्व अर्मापुर स्थित शहीद बाबा दीप सिंह जी गुरुद्वारे में बड़े धूमधाम से मनाया गया। पर्व पर भाई गगनदीप सिंह, आगरा वाले, भाई रकम सिंह, भाई कुलदीप सिंह राजा, भाई जसप्रीत सिंह ने शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया। कार्यक्रम के बाद संगत ने गुरु का लंगर छका। उधर प्रकाश पर्व के मौके पर उत्तर प्रदेश गुरु की सेवा फाउंडेशन की ओर से चाय वितरण की गई। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष सरदार गगनदीप सिंह ने बताया कि बाबा दीप सिंह के गुरुद्वारे में हर वर्ष प्रकाश पर्व हर्षोल्लास के साथ बनाया जाता है। सेवा में मुख्य रूप से स्मित कौर सिल्की, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरमीत सिंह, दमनप्रीत सिंह, सरदार सिमरदीप सिंह, मनजीत सिंह, मनिंदर सिंह, सरबप्रीत सिंह मौजूद रहे।

# स्टेम सेल थेरेपी किट के लिए मिले 25 लाख

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज किट खरीदने के लिए जल्दी ही करेगा टेंडर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में डायबिटीक मरीजों को बीमारी से मुक्ति मिल सकती है। यहां पर स्टेम सेल थेरेपी की मदद से मरीजों को रोग से मुक्ति दिलाने का काम किया जाएगा। इसके लिए स्टेम सेल थेरेपी की किट अतिमहत्वपूर्ण है, जिसके लिए जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज को 25 लाख रुपये किट खरीदने के लिए मिले हैं।

दुनिया में अभी तक कोई ऐसी दवा नहीं बनी, जो डायबिटीज (मधुमेह) से मुक्ति दिला सके। लेकिन स्टेम सेल थेरेपी से इसका इलाज संभव है। स्टेम सेल थेरेपी की मदद से डायबिटिज ग्रस्त कुछ मरीज को इस बीमारी से मुक्ति मिली है। अब किट के लिए जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से टेंडर जारी किया जाएगा। प्राचार्य डॉ. संजय काला ने बताया कि किट खरीदने के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। इसके लिए कमेटी का गठन किया गया है।

### ऐसे दी जाएगी थेरेपी

डॉ. सौरभ अग्रवाल के मुताबिक इसके लिए बोन मैरो व अंबिलिकल कॉर्ड से स्टेम कोशिकाएं निकाली जाएंगी। उसके बाद इन कोशिकाओं को पैंक्रियाज की धमनी में डालते हैं। इससे पैंक्रियाज की बीटा कोशिकाएं बनने लगती हैं और साथ ही इंसुलिन भी बनने लगता है। इस पूरी प्रक्रिया में करीब 24 दिन लगते हैं।

**लोकसभा चुनाव की तैयारी** — विधानसभा चुनाव में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान बनाए गए थे प्रभारी, लोकसभा चुनाव के लिए उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा राज्य प्रभारी

# मिशन-80 के लिए भाजपा ने फिर ओडिशा पर भरोसा जताया

विशेष संवाददाता, कानपुर



बैजयन्त पांडा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा के लिए यूपी की चुनावी जंग में भाजपा नेतृत्व ने एक बार फिर ओडिशा के अनुभवी नेता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा पर भरोसा जताया है। गैर हिंदीभाषी बेल्ट के पांडा को यूपी का प्रभारी बनाकर मिशन-80 यानी यूपी की सभी 80 लोकसभा सीटें जिताने की जिम्मेदारी दी गयी है। हालांकि पांडा यूपी की राजनीतिक हवा से बहुत ज्यादा वाकिफ नहीं हैं पर उनका सांगठनिक अनुभव काम आएगा। पांडा 15वी व 16वीं लोकसभा में केंद्रपाड़ा से सदस्य रहे हैं। 2000 से 2009 तक दो बार राज्यसभा सदस्य रहे। उनके पिता बंसीधर पांडा बीजू पटनायक के खास दोस्त थे। मां इंद्राणी पांडा राज्यसभा की सदस्य थीं।

बीजू जनता दल (बीजेडी) के अध्यक्ष ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के भरोसेमंद पारिवारिक साथी बैजयंत पांडा की 2018 में नवीन से अनबन हो गयी थी, जिसके चलते उन्हे पटनायक ने निलंबित कर दिया था। नौ महीने बाद पांडा भाजपा में शामिल हो गए। पांडा का कहना है कि वह नयी जिम्मेदारी बखूबी निभाएंगे। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से करीबी के चलते वह भाजपा में शामिल हुए थे। संगठन ने उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया और हाल ही में महिला मोर्चा का प्रभारी बना दिया।

मीडिया टाइकून बैजयंत पांडा को सामंजस्य बैठाने में माहिर बताया जाता है। वह किसी भी तरह के असंतोष को ठंडा करने के कौशल के लिए जाने जाते हैं। भाजपा यूपी में 80 में 80 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही है। अबकी बार 400 पार का नारा साकार करने में यूपी की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। ऐसे में पांडा को दी गयी जिम्मेदारी उनकी अग्नि परीक्षा भी है। संकेत हैं कि पार्टी शायद उनको लोकसभा चुनाव में न उतारे। वह चुनाव बाद राज्यसभा भेजे जा सकते हैं। हालांकि भाजपा ने उन्हें 2019 के चुनाव में केंद्रपाड़ा लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया था, किंतु वह बीजेडी के अनुभव महंति से चुनाव हार गए थे। पांडा शीघ्र ही लखनऊ आकर प्रदेश पदाधिकारियों और क्षेत्रीय अध्यक्षों से मिलकर चुनावी संभावनाओं पर चर्चा करेंगे।

## सपा आसानी से नहीं छोड़ेगी कानपुर की सीट

विशेष संवाददाता, कानपुर

- कांग्रेस को गठबंधन में 11 लोकसभा सीटें देने का ऐलान पर संशय बरकरार
- सपा जिलाध्यक्ष और प्रवक्ता ने कहा कि बूथस्तर तक की गई है तैयारी

**अमृत विचार।** कांग्रेस के लिए 11 लोकसभा सीटें छोड़ने वाली समाजवादी पार्टी ने रायबरेली और अमेठी सीट छोड़ने की बात तो कही है, लेकिन बाकी नौ सीटें कौन सी होंगी, इस पर अभी संशय है। फिलहाल सपा और कांग्रेस नेता इस बारे कुछ भी खुलकर नहीं बोल रहे हैं। हालांकि कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि कानपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस का ही प्रत्याशी लड़ाया जाना चाहिए।

कानपुर संसदीय सीट का चुनावी इतिहास देखें तो कांग्रेस 1952-57 के बीच हुए तीन चुनाव जीती थी। श्रमिकों का शहर होने के कारण यहां से निर्दल प्रत्याशी एसएम बनर्जी चार बार सांसद रहे। कांग्रेस का प्रत्याशी उनके सामने हारा। ऐसे में कांग्रेस के पास उन्हें समर्थन देने के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं बचा। 1967 और 1971 के चुनाव में बनर्जी को कांग्रेस ने समर्थन दिया। 1977 में जनता पार्टी की आंधी में मनोहरलाल सांसद चुने गए। 1980 और 1984 में कांग्रेस के आरिफ मोहम्मद खान और नरेश चंद्र चतुर्वेदी चुने गए थे। इसके बाद 1989 में माकपा प्रत्याशी सुभाषिनी अली सहगल जीतीं। 1991, 96, 98 में भाजपा के जगतवीर सिंह द्रोण सांसद चुने गए। 1999 से कांग्रेस के श्रीप्रकाश जायसवाल वर्ष 2014 तक सांसद रहे। इसके बाद मुरलीमनोहर जोशी और सत्यदेव पचौरी कानपुर से भाजपा के सांसद हुए। वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव मे कानपुर लोकसभा क्षेत्र के पांच विधानसभा क्षेत्रों में से तीन पर आर्यनगर, छावनी और सीसामऊ से सपा प्रत्याशी के विधायक बनने और महापौर के चुनाव में सपा की प्रत्याशी वंदना वाजपेयी को मिले वोटों से सपा ने कानपुर सीट से लोकसभा चुनाव में दावा कर दिया। अखिलेश यादव से हरी झंडी मिलते ही सपा की कानपुर इकाई ने बूथ स्तर पर ढांचा खड़ा कर दिया। सपा जिला अध्यक्ष फजल महमूद कहते हैं कि इनती जल्दी पार्टी कानपुर से दावा नहीं छोड़ने वाले हैं। उनका कहना है कि कार्यकर्ताओं ने जीजान से जुटकर मेहनत की है। सीट छोड़ने को लेकर पार्टी नेताओं ने संकेत नहीं दिए हैं।

# ट्रैक्टर-ट्राली ने तीन बच्चों को रौंदा, एक की मौत, दो घायल

## स्कूल से लौटते समय हुआ हादसा, गुस्साए ग्रामीणों ने किया हंगामा, मुआवजे की मांग

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर लौट रहे छात्रों को ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मारकर रौंद दिया। हादसे में एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो को घायल अवस्था में अस्पताल भेजा गया।

अनेई गांव निवासी नितिन (8) पुत्र मनोज, दिव्यांशी (12) पुत्री मनोज, ब्रजेश कुमार (10) तीनों एक ही स्कूल अनेई प्राथमिक विद्यालय में पढ़ते हैं। 26 जनवरी को तीनों स्कूल में कार्यक्रम में शामिल होने के बाद साइकिल से लौट रहे थे, तभी धान लदे ट्रैक्टर ने कुचल दिया। जिसमें नितिन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दिव्यांशी का पैर टूट गया व बृजेश को भी चोटें आईं। सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और ट्रैक्टर चालक को दौड़कर पकड़ लिया। छात्र के परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया और कार्रवाई की मांग करते हुए आरोपी चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग की। इधर पहुंची पुलिस ने हंगामा देख ग्रामीणों को शांत कराने में जुट गई। शाम छह बजे थाना प्रभारी अभिलाष कुमार मिश्रा व बिल्हौर थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह भाटी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया। चालक दीपक कुमार गौतम निवासी ककवन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। घायल दिव्यांशी पुत्री मनोज को हैलट रेफर किया गया। मृत छात्र के परिजनों की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आर्थिक मुआवजा की भी मांग की। उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है, पीड़ित को उचित आर्थिक सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा।



घायल दिव्यांशी। अमृत विचार



सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में ध्वजारोहणमें मौजूद शिक्षक -विद्यार्थी। अमृत विचार

## बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं

**कानपुर।** सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में ध्वजारोहण कर मिष्ठान वितरण किया गया। इस दौरान प्रिंसपल शिखा बनर्जी, केन जोशुआ, गणेश तिवारी, मधुश्री भौमिक, एमके मिश्रा, जीएम शैलेंद्र अग्निहोत्री मौजूद रहे। कार्यक्रम में बांसुरी वादक कुरेश माहेश्वरी और गोपाल शर्मा की प्रस्तुति को सराहा गया।

### झांकियों ने मोह लिया मन

**कानपुर।** मैनावती मार्ग स्थित जेएमडी वर्ल्ड स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया गया। अमित दीक्षित, स्कूल की प्रिंसपल मलिका अरोरा प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों व विभिन्न झांकियों के जरिए बच्चों को गणतंत्र दिवस का महत्व समझाया गया।

# स्कूल के बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र में सरकारी, गैर सरकारी कार्यालय, शिक्षण संस्थान व प्रतिष्ठानों पर ध्वजारोहण कर मिष्ठान वितरण किया गया। कई विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ प्रभात फेरी निकली गईं। कस्बा स्थित ब्लाक मुख्यालय पर ब्लाक प्रमुख राजेश शुक्ला व बीडीओ एसएन कश्यप, चौबेपुर थाने पर प्रभारी संजय पांडेय, सीएचसी में प्रभारी अधीक्षक डा. यशोवर्धन सिंह व विभिन्न बैंकों में ध्वजारोहण कर मिष्ठान वितरण किया गया। कस्बे के बंदी माता मार्ग स्थित लवकुश विद्यालय, गोगूमऊ रोड स्थित सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल, बेला मार्ग स्थित वीवीआईपी स्कूल व कस्बा स्थित पूर्णा एजूकेशन सेंटर में प्रभात फेरी निकाली गईं। वीवीआईपी स्कूल में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मन मोह लिया। इस मौके पर विद्यालय चेयरमैन डा. पुरुषोत्तम बाजपेई, सचिव आदित्य बाजपेई, ट्रस्टी माधुरी बाजपेई, प्रधानाचार्य अंकित बाजपेई रिचा आदि मौजूद रहे। पूर्णा एजूकेशन सेंटर में विद्यालय प्रबंधक अंगन गुप्ता, पूर्णेंद्र गुप्ता ने बच्चों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य आकांक्षा गुप्ता, पूनम शुक्ला, लाली सविता, संध्या, कार्तिक आदि रहे।



वीवीआईपी स्कूल में प्रभात फेरी निकालते छात्र। अमृत विचार



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का सम्मान करतीं उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा।

### जगह-जगह फहराया गया शान से तिरंगा

**घाटमपुर।** क्षेत्र में समाचार पत्र विक्रेता संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष टिंकू बाजपेई के नेतृत्व ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर उपाध्यक्ष जय नारायण दीक्षित, कोषाध्यक्ष रमेश यादव, महामंत्री बृजेश अवस्थी, सतीश बाजपेई, आनंद यादव, विवेक कुमार, धर्मेंद्र कुमार छोटेलाल, राजेश शुक्ला, राजू अवस्थी, अरविंद यादव, अमन साहू आदि मौजूद रहे। रेवना में श्रीलालमणि इंटर कालेज में अध्यक्ष ध्रुव नारायण द्विवेदी, प्रधानाचार्य अनिल पाल ने ध्वजारोहण किया। श्रीशक्ति डिग्री कालेज शाकाहारी, किसान औद्योगिक इंटर कालेज धरमगदपुर, पतारा विकासखंड के ग्राम पंचायत गिरसी में ध्वजारोहण किया गया। ग्राम पंचायत सचिवालय दुरौली पतारा विकासखंड में ग्राम प्रधान दीक्षा सचान, ग्राम पंचायत टिकमापुर में ग्राम प्रधान नागेंद्र तिवारी, घाटमपुर विकासखंड मुख्यालय में ब्लाक प्रमुख इंद्रजीत सिंह ने ध्वजारोहण कर मिष्ठान वितरण किया।

### भक्त गीतों पर जमकर नाचे

**शिवराजपुर।** कस्बा में गणतंत्र दिवस की धूम रही। जगह-जगह डीजे लगाकर लोग भक्ति गीतों पर जमकर नाचे। वहीं थाना परिसर में थाना प्रभारी सुबोध कुमार ने ध्वजारोहण किया। सीएचसी परिसर में अधीक्षक डा. अनुज दीक्षित, ब्लाक परिसर में ब्लाक प्रमुख शुभम बाजपेई ने वीडियो सच्चिदानंद मिश्र के साथ ध्वजारोहण किया। भैसऊ गांव के प्राथमिक विद्यालय में ग्राम प्रधान अमित कटियार और लालू करियार ने ध्वजारोहण किया। जगदीशपुर के आजाद में मेमोरियल इंटर कालेज में प्रधानाचार्य शालिनी कटियार ने व सांसद प्रतिनिधि रवि बाजपेई ने अपने कार्यालय पर ध्वजारोहण कर मिष्ठान वितरण किया। नगर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष निर्मला कटियार और अतुल दुबे ध्वजारोहण किया। इस मौके पर ग्राम सचिव मनोज वर्मा, शाश्वत श्रीवास्तव, रवि वर्मा, अंजली पांडेय, अमित कुमार, प्रदीप आर्या, राजेश पाल आदि रहे। राम सहाय बैरी इंटर कालेज में कार्यवाहक प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने ध्वजारोहण कर बच्चों को मिष्ठान वितरित किया।

### देशभक्ति कार्यक्रमों की रही धूम

**बिल्हौर।** बिल्हौर तहसील मुख्यालय पर उप जिलाधिकारी रश्मि लंबा, तहसीलदार तिमिराज सिंह ने तिरंगे को सलामी दी। भवन को भव्य सजाया गया था। बिल्हौर व ककवन सीएचसी पर प्रभारी अधीक्षक डॉक्टर दिलीप कुमार कटियार, डॉक्टर धर्मेंद्र राजपूत ने ध्वजारोहण किया। कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह भाटी व ककवन थाना प्रभारी अभिलाष कुमार मिश्रा ने तिरंगे को सलामी दी। ककवन के दुर्गा प्रसाद स्मारक नेहरू इंटर कालेज में प्रबंधक ललित कुमार शुक्ला, मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विनय यादव व रचना सिंह ने ध्वजारोहण किया। बच्चों ने संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पशु चिकित्सालय में डा. नीरज पटेल ने ध्वजारोहण किया। ककवन पंचायत भवन में ग्राम प्रधान राजू स्वर्णकार ने सभ्रांत नागरिकों का सम्मान कर ध्वजारोहण किया। क्षेत्र के कामासी देवी इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य डा. अनिरुद्ध कुमार यादव की अगुवाई में तमाम बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## सार-संक्षेप

### ब्लाक में तैनात बाबू ने फांसी लगाकर जान दी

**बिठूर।** थाना क्षेत्र के विरितियान गांव में प्लाट में लगे टीन शेड की राड से फांसी लगाकर विकासखंड बिल्हौर में तैनात बाबू ने आत्महत्या कर ली। बाबू के बेटे नितेश ने बताया कि पिता देवेंद्र सिंह ने नौकरी से वीआरएस के लिए आवेदन किया था। शनिवार सुबह वह कल्याणपुर स्थित घर से मंधना प्लाट देखने आए थे, लेकिन जब दोपहर तक नहीं लौटे और उनसे कोई संपर्क नहीं हो पाया तो आकर देखा। यहां उनका शव लोहे की राड से लटका मिला।

### आर्थिक तंगी से जूझ रहा युवक फंदे पर लटका

**भीतरगांव।** बरईगढ़ निवासी महेंद्र साहू (43) शनिवार सुबह अपनी पत्नी से झगड़ कर संतू चौरसिया के आम के बगीचे में चला गया। वहां पेड़ पर फांसी लगा ली। इसकी सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों के अनुसार युवक ने गांव में कई लोगों से कर्ज ले रखा था। उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। जिसके कारण आएदिन उसके घर में झगड़ा होता था। युवक आर्थिक तंगी से जूझ रहा था।

### चोरी की घटनाओं का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**चौबेपुर।** बीते दिनों क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुईं तीन चोरियों का पुलिस ने खुलासा किया है। जरारी गांव में 12 जनवरी की रात जितेंद्र सिंह के घर घुसे चोरों ने कमरे में रखे बक्शों का ताले तोड़कर नगदी समेत जेवर पार कर ले गए थे। पीड़ित के अनुसार घटना में करीब 15 लाख का माल चोर ले गए थे। इसी रात चोरों ने गांव के जगदीश सिंह के घर में भी धावा बोला था। चोर कमरे में रखे बक्शों के ताले तोड़ नगदी व आभूषण ले गए थे। जगदीश सिंह ने पांच लाख की चोरी होना बताया था। इसके बाद 17 जनवरी की रात चोरों ने इंदलपुर जुगराज गांव निवासी महेंद्र कमल के घर से लैपटॉप, मोबाइल समेत लगभग पचास हजार का सामान पार कर दिया था। लगातार चोरियों के कारण पुलिस व सर्विलांस की संयुक्त टीम गठित की गई थी। जिसके बाद एसआई मुजम्मिल हुसैन, मनोज कुमार, शिव प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल राजवीर, संजीव कुमार, करन सिंह, मो. इमरान, संजय, धर्मेंद्र राजदेव ने 25 जनवरी की रात चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अमित गौतम निवासी भौसाना चौबेपुर, ओमजी उर्फ शाखा निवासी पंचमा पुरवा बिठूर, सुधांशु गौतम गिरफ्तार कर लिया।

### मंडल बैठक में पदाधिकारियों ने दिए निर्देश

**बिल्हौर।** ककवन मंडल अध्यक्ष शानू राठौर की अध्यक्षता में प्रथम बैठक हुई। जिसमें शक्तिकेंद्र प्रमुख व बूथ अध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा के जेपी कटियार ने नमो एप, सरल एप डाउनलोड करने के बारे में चलाए जा रहे अभियानों व मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर सुनने का आग्रह किया। इस मौके पर सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मंडल मे चल रही गुटबाजी को शांत करके संगठन का कार्य करने की अपील की। इस मौके पर जिला मंहामंत्री राजेंद्र कटियार, जिला उपाध्यक्ष गीता गुप्ता, जिला मंत्री राजू दुबे, अमरनाथ राजपूत व पूर्व उपाध्यक्ष जेपी कटियार रहे।



समाचार पत्र वितरकों ने गणतंत्र दिवस मनाया। अमृत विचार

### जरूतमंदों को कंबल वितरण कर मनाया गणतंत्र दिवस

**कानपुर।** जरीब चौकी सेंटर में समाचार पत्र वितरकों ने गणतंत्र दिवस पर सुबह सबसे पहले झंडारोहण किया। सभी को बधाई देते हुए चाय, काफी और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया। इस अवसर पर राजेश, कृपाल, रमेश दुबे, धनंजय, सोनू, विष्णु, गुड्डू, सुरेश के साथ अन्य लोग सामिल रहे।






# 75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
## पाटन-उन्नाव परिशिष्ट


सभी जनपद वासियों एवं क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
Mob. 9936944488, 9455196550
वेद अल्ट्रासाउण्ड
डिजिटल X-RAY, ECG एण्ड पैथोलॉजी
ई.सी.जी. पैथोलॉजी हारमोन टेस्ट कैंसर मार्कर एफ.एन.ए.सी. बायोप्सी
E-mail : chauhanatish005@gmail.com
अतीश सिंह चौहान
स्थान - बिहार-बक्सर रोड निकट भगवन्तनगर चौराहा, उन्नाव

सभी जनपद वासियों एवं क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
संदीप कुमार अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत भगवन्त नगर, उन्नाव
आशीष शुक्ला 'रिंकू' चेयरमैन
नगर पंचायत भगवन्त नगर, उन्नाव

सभी जनपद वासियों एवं क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
-: प्रतिष्ठान :-
श्री अम्बे ऑटो मोबाइल (बजाज मोटर साइकिल)
श्री जगदम्बा ऑटो मोबाइल (हाण्डा मोटर साइकिल)
कमल किशोर दीक्षित 'भैया जी'
प्रधान प्रतिनिधि ग्राम पंचायत कुम्भी, बीघापुर

सभी जनपद वासियों एवं क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
कमला हॉस्पिटल
पानी की टंकी के सामने, चकलवंशी रोड, परियर, उन्नाव
मो.नं. - 9415313246, 9415990067, 6396261934
डॉ. आलोक

सभी जनपद वासियों एवं क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
सुभांशु सिंह चौहान 'रुद्र'
प्रबन्धक - लालबहादुर पब्लिक इण्टर कॉलेज, भगवन्त नगर - उन्नाव


!! स्वच्छ गंगाघाट !!
आज़ादी का अमृत महोत्सव
!! सुन्दर गंगाघाट !!

## कार्यालय नगर पालिका परिषद गंगाघाट, उन्नाव

### नगर गंगाघाट को बनाये नं0 -1
### 'अपील'

1. स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 प्रारम्भ है। घर अथवा दुकान में जनित (Genrate) होने वाला सूखा कूड़ा, गीला कूड़ा एवं घरेलू खतरनाक अपशिष्ठ ( बच्चों के डाइपर्श/शेनेटरी पैड ) को अलग-अलग डस्टविन में एकत्र करें। नगर को स्वच्छ रखने के लिए कूड़े को नगर पालिका द्वारा अधिकृत घर-घर से कूड़ा एकत्र करने वाले वाहन/पालिका कर्मी को ही दें। कूड़े को किसी भी दशा में नाले नाली, सड़क अथवा खुले में न फेकें और नही जलायें, कूड़ा जलाने/खुले में फेंकने से गंदगी उत्पन्न होती है तथा वातावरण प्रदूषित होता है, ऐसा कदापि न करें। यह दण्डनीय अपराध है। खुले में कूड़ा फेकते पाये जाने पर नियमावली की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत प्रथम बार रु0 100/- एवं पुनरावृत्ति पर रु0 500/- जुर्माना प्रति प्रकरण वसूल किया जायेगा।
2. सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में स्थित नाला नालियों एवं सड़कों-गलियों आदि की दो पालियों में सफाई पालिका में उपलब्ध संसाधनों से नियमित रुप से कराई जाती है। स्वाइन फ्लू, डेंगू, कोरोना जैसी संक्रामक बीमारियों से बचाव हेतु नगर क्षेत्र में फागिंग एवं एण्टी लार्वा का छिडकाव कराया जा रहा है।
3. नगर पालिका सीमान्तर्गत सभी होटल, रेस्टोरेन्ट, हास्पिटल, विद्यालय, बारात, घर स्वामियों को सूचित किया जाता है। जिनका कचरा प्रतिदिन 100 किग्रा0 से ज्यादा है, वह अपने गीले कूड़े का निस्तारण अपने ही परिसर में स्वयं करना सुनिश्चित करें अन्यथा एस0डब्लूएम0 नियम 2016 तथा पालिका उपविधि के अनुसार रु0 1000/-जुर्माना वसूला जायेगा।
4. नगर पालिका सीमान्तर्गत निर्मित सेप्टिक टैंकों से निकलने वाली गन्दगी (Fecal Sludge) को साफ करने हेतु सीवर सैक्शन मशीन उपलब्ध है, जिसका शुल्क रु0 1000/- प्रति चक्कर के हिसाब से लिया जायेगा। यदि कोई भी फीकल स्लज आपरेटर उन्नाव स्थित एस0टी0पी0 के बजाय रोड के किनारे अथवा अन्यत्र फीकल स्लज टैंकर का डिस्पोजल करते हुये पाया गया तो नियमावली के अन्तर्गत अर्थदण्ड वसूल किया जायेगा। यदि कोई भी मकान मालिक किसी भी प्राइवेट व्यक्ति से सैप्टिक टैंक साफ कराता है और सफाई के दौरान किसी भी प्रकार की घटना या दुर्घटना होती है तो इसके लिये नियोक्ता एवं सम्बन्धित कर्मी स्वयं जिम्मेदार होगा। ऐसे व्यक्तिके खिलाफ मैनुअल स्कैवेन्जर अधिनियम 2013 की धाराओं के अभियोग पंजीकृत कराया जायेगा।
5- नगर पालिका सीमान्तर्गत खुले में शौच करना एक दण्डनीय अपराध है। कृपया खुले में शौच कदापि न करें। अपने आस-पास बने सार्वजनिक/सामुदायिक/ पेट्रोल पम्प पर बने शौचालयो का ही प्रयोग करें एवं दूसरों को भी प्रेरित करें। खुले में शौच करते हुये पकड़े जाने पर प्रति व्यक्ति रु0 500/- तक जुर्माना वसूल किया जायेगा।
6. नगर पालिका सीमान्तर्गत मच्छर जनक स्थिति पैदा करने वाले व्यक्तियों से 500/- जुर्माना वसूल किया जायेगा। स्वच्छ सर्वेक्षण में भारत सरकार की ओर से नियुक्त सर्वेकर्ता/आब्जर्वर द्वारा सफाई से सम्बन्धित प्रश्नों पर नागरिकों का पॉजिटिव फीडबैक हो।

मुकेश कुमार मिश्रा
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद गंगाघाट, उन्नाव

कौमुदी पाण्डेय अध्यक्ष
न.पा.प. गंगाघाट, उन्नाव

समस्त सदस्यगण न.पा.प. गंगाघाट, उन्नाव


समस्त जनपदवासियों व क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अमित सिंह सेंगर
उर्फ छोटू समाजसेवी

गणतंत्र दिवस 2024
की हार्दिक शुभकामनाएं
क्षेत्र के विकास का वादा
अभयेन्द्र सिंह युवा नेता
प्रधान-निबहरी कल्यानपुर

समस्त जनपदवासियों व क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
चन्द्रजीत
ग्राम विकास अधिकारी
विकास खण्ड नवाबगंज, उन्नाव

समस्त जनपदवासियों व क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आशीष कुमार पटेल
ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड नवाबगंज, उन्नाव

सभी जनपद वासियों एवं क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
भुवन द्विवेदी एडवोकेट हाईकोर्ट
लखनऊ मो.नं.- 7379169521

# नवविवाहिता और युवती ने फंदे पर लटक कर समाप्त कर लिया जीवन

बांगरमऊ उन्नाव। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव मुर्तजापुर में नवविवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। ससुरालियों ने बहू को फंदे से लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच की। मामला नवविवाहिता की मौत से जुड़ा होने पर प्रशासनिक अफसरों को जानकारी दी। वहीं अचलगंज थाना क्षेत्र में घरेलू काम को लेकर कहासुनी के बाद युवती ने दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

**केस 01** बांगरमऊ कोतवाली के मुर्तजापुर गांव निवासी विनय का विवाह आठ माह पूर्व करीमुद्दीनपुर गांव निवासी रेनू से हुआ था। विनय पंजाब के अमृतसर में रहकर मजदूरी करता है। घर पर उसकी पत्नी रेनू (20) व मां रहती है। शनिवार सुबह रेनू कमरे में छत के हुक में रस्सी के फंदे से लटक गई। सास ने पड़ोसियों व ग्राम प्रधान को घटना की जानकारी दी। सूचना पर कोतवाली पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव उतारकर प्रशासनिक अफसरों को घटना की जानकारी दी। बताते हैं कि रेनू का छोटा भाई अन्नू घटना के समय बहन के घर पर ही मौजूद था। फिलहाल पुलिस मायके वालों इंतजार कर रही है।

**केस 02** अचलगंज थाना क्षेत्र के मनोहरपुर गांव निवासी कांति देवी (22) पुत्री लल्लू यादव की घर में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद पिता, मां शिवरानी और भाई राहुल खेत पर काम करने चले गए। घर पर कांति और उसकी छोटी बहन शिल्पी मौजूद थी। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे घर के अंदर कमरे में कांति ने कमरे के अंदर दुपट्टे के फंदे से लटकर जान दे दी। छोटी बहन उसे बुलाने गई तो शव लटका देख शोर मचाया। जानकारी पर परिजन खेत से घर पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि युवती के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

- **बांगरमऊ में विवाहिता ने लगाई फांसी, आठ माह पहले हुई थी शादी**
- **अचलगंज क्षेत्र के एक गांव में युवती का फंदे से लटका मिला शव**

### फांसी लगाकर जान देने का प्रयास

**पुरवा।** क्षेत्र में नगर के मोहल्ला शीतलगंज निवासी राकेश गुप्ता के 22 वर्षीय पुत्र विकास ने शराब पी रखी थी। नशे में वह बाइक चाबी मांग रहा था जिस पर मां ने इंकार कर दिया। इसी से नाराज विकास ने घर का दरवाजा बंद कर आंगन में पड़े जाल में फंदा बनाकर लटक गया। स्कूल से लौटी बहन ने दरवाजा बंद देख पड़ोसी के घर नीचें पहुंची और फंदा काटा। सांसे चलती देख भर्ती कराया है।

## मारपीट और तोड़फोड़ करने पर चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आजाद नगर निवासी एक युवक को दबंगों ने पीट दिया। इसके साथ प्लाट में रखा सामान भी तोड़ दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के अनुसार मामले में जांच की जा रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई होगी। आजाद नगर निवासी रंजीत पाल ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि पिंडोखा गांव में डेढ़ लाख रुपये देकर जमीन का बयाना किया था।

24 जनवरी को प्लाट में था, तभी आरोप है कि भारत पुत्र बैजनाथ, भाई गुड्डु, सुजीत पुत्र मुन्नू व मुरलीपुर निवासी धर्मेन्द्र पुत्र राजाराम वहां पहुंचे और गाली गलौज करते हुये मारा पीटा। इतना ही प्लाट में तोड़फोड़ कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** कानपुर-उन्नाव रेलमार्ग पर जम्मू तवी एक्सप्रेस से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस पहुंची और शव की पहचान के प्रयास किए। सफलता न मिलने पर शव मोर्चरी भेजा गया। वहीं, दही थाना क्षेत्र में यात्रा करते समय युवक ट्रेन से गिरकर गंभीर घायल हो गया। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे कानपुर से जम्मू जा रही जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन से सदर क्षेत्र की लोक नगर रेलवे क्रासिंग के पास गेट पर खड़ा (30) वर्षीय युवक ट्रेन से गिरकर घायल हो गया। पुलिस उसे जिला अस्पताल लाई। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह काली-सफेद धारीदार शर्ट, सफेद बनियान और काली पैंट पहने हुए है। पहचान न होने पर पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से पहचान के प्रयास में जुटी है। एसएचओ प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि ट्रेन से युवक गिरा है पहचान नहीं हो पाई है। वहीं माखी थानाक्षेत्र के गांव रुपऊ निवासी संतोष कश्यप का पुत्र राज (22) ट्रेन से कानपुर गया था। शुक्रवार को लौटते समय दही थानांतर्गत आवास विकास कॉलोनी के पास वह एलकेएम ट्रेन से गिरकर घायल हो गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से घायल के चाचा आशुतोष कुमार ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

### बिजली केबल टूट कर गिरा, करंट से बुजुर्ग की मौत

**उन्नाव।** घर के बाहर झोपड़ी में सो रहे वृद्ध पर विद्युत केबल टूटकर गिर गया। करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। सुबह पत्नी उसे बुलाने पहुंची तो उसे घटना का पता चला। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दही थाना क्षेत्र के रामपुर खालसा गांव निवासी मनोहर लाल (64) घर के बाहर झोपड़ी में रात में सोता था। गुरुवार रात खाना खाने के बाद वह रोज की तरह सोने चला गया। इसी दौरान झोपड़ी पर विद्युत केबल टूटकर वृद्ध के पैर पर गिर गया और उसकी करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। शुक्रवार सुबह नौ बजे पत्नी रामरती झोपड़ी में पहुंची तो पति को अचेत पड़ा देख उसने परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने तार हटाकर देखा तो वृद्ध की मौत हो चुकी थी। सूचना पर दही पुलिस पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वृद्ध की मौत से बेटा शोभित व विवाहित बेटियों सहित अन्य परिजन रो-रोकर बेहाल रहे।

### श्रमिक की मौत

**फतेहपुर चौरासी।** थानाक्षेत्र के ऊगू कस्बा निवासी सौरभ पटेल (26) सदर कोतवाली अंतर्गत मगरवारा चौकी क्षेत्र के अकरमपुर स्थित स्टील फैक्ट्री में ठेके पर काम करता था। वह फैक्ट्री के बगल में ही बने क्वार्टर में रहता था। साथी मजदूर भानू ने बताया कि शनिवार सुबह सौरभ आग ताप रहा था, इसी दौरान वह अचानक गिरकर अचेत हो गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### समाधान दिवस में आये 10 मामले, तीन का निस्तारण

**शुक्लागंज उन्नाव।** शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जहां दस लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। जहां एसडीएम नमृता सिंह और सीओ विजय आनंद पहुंचे। जहां उन्होंने समस्याएं सुनी। इस दौरान 10 लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जिसमें 7 मामले राजस्व के और 3 मामले पुलिस से संबंधित आये। जिसमें तीन मामलों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। वहीं अन्य मामलों को संबंधित दरोगाओं और लेखपालों को निस्तारण के लिये सौंपा गया है।

### राज्यपाल की सुरक्षा व्यवस्था के लिये तैनात रही पुलिस

**शुक्लागंज।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को शनिवार को कानपुर सड़क मार्ग जाने के लिये प्रोटोकॉल जारी हुआ। जिसे देखते हुये गंगाघाट क्षेत्र में हाइवे से लेकर बैराज मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जगह-जगह पुलिस फोर्स तैनात रहा। सुबह लगभग साढ़े ग्यारह बजे हाइवे से होते हुये आजाद मार्ग होते हुये बैराज मार्ग से कानपुर की ओर उनका काफिला निकला। वहीं शाम को लगभग पौने छह बजे वापस कानपुर से लखनऊ के लिये उनका काफिला वापस चला गया। हाइवे पर काफिला पहुंचने के बाद पुलिसकर्मियों ने राहत की सांस ली।

# सांसद साक्षी महाराज के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन आज

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सांसद साक्षी महाराज के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन रविवार को होगा। क्षेत्र के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना व पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा रविवार उनके चुनाव कार्यालय के उद्घाटन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हो सकते हैं। हालांकि सपा ने अपना प्रत्याशी पूर्व सांसद अन्नू टंडन के रूप में लगभग घोषित कर दिया है। वहीं कांग्रेस में प्रत्याशिता को लेकर अभी तक सन्नाटा है।

लोकसभा चुनाव की आहट आते ही इस बार सांसद की दावेदारी को कमतर बताया जाने लगा था। इसके साथ ही आधा दर्जन दावेदारों व लगभग इतने ही गैर जिलों के नेता भी प्रत्याशिता तय कराने की पेशबंदी में जुट गए थे। अब रविवार को सांसद आवास के पास रविवार को साक्षी महाराज के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन होने से राजनीतिक चर्चा तेज हो गई है। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेतृत्व की ओर घोषित प्रभारी व मंत्री सुरेश खन्ना के साथ पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रह सकते हैं। इसको देखते हुए साक्षी महाराज के लगातार तीसरी बार प्रत्याशी बनना तय माना जा रहा है।



मंत्रियों के साथ मौजूद विधायकगण व अन्य। अमृत विचार

### मांगलिक कार्यक्रम में पहुंचे दो मंत्री, विधायकों ने किया स्वागत

**चौरासी उन्नाव।** क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ता के घर आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे कैबिनेट व राज्यमंत्री का विधायकों के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के गांव राजेपुर निवासी भाजपा कार्यकर्ता धीरेंद्र प्रताप सिंह के घर आयोजित तिलक समारोह में शनिवार को शामिल होने श्रम एवं सेवायोजन कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर व संसदीय कार्य एवं चिकित्सा स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह पहुंचे। कार्यक्रम में पहुंचे मंत्रियों का बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार, पुरवा विधायक अनिल सिंह, सदर विधायक पंकज गुप्ता, बांगरमऊ ब्लाक प्रमुख पति कमलेश दिवाकर, गंजमुरादाबाद ब्लाक प्रमुख व फतेहपुर चौरासी ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

# सड़क हादसों में दो की मौत, मचा कोहराम

नवाबगंज उन्नाव। लोडर की टक्कर से घायल बाइक सवार की मौत होने के बाद परिजनों ने अजगैन कोतवाली के बाहर शव रख चालक को गिरफ्तार करने की मांग कर हंगामा शुरू कर दिया। एसएचओ ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं मौरावां थानान्तर्गत पैदल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। सुबह राहगीरों ने शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। परिजनों के पहुंचने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

- **अजगैन में लोडर की टक्कर से युवक की मौत, कोतवाली के बाहर हंगामा, मौरावां में अज्ञात वाहन ने युवक को रौंदा**



हंगामा करते परिजनों को समझाते एसएचओ। अमृत विचार

**केस 01** अजगैन कोतवाली क्षेत्र पकरीगवां गांव निवासी रामबक्श (45) पुत्र सुंदर बीते बुधवार को साथी विमल पुत्र चंद्रपाल के साथ बाइक से रैनापुर गांव की बाजार गए थे। बिचपरी-पकरीगवां मोड़ के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार लोडर की टक्कर से दोनों गंभीर घायल हुए थे। परिजनों ने उन्हे नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया था। जहां से रामबक्श को परिजनों ने लखनऊ के विवेकानंद अस्पताल में भर्ती कराया था। शनिवार सुबह उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन शव लेकर अजगैन कोतवाली गेट के सामने पहुंचे और ग्रामीणों के साथ मिलकर लोडर चालक की गिरफ्तारी की मांग कर हंगामा करने लगे। परिजनों का आरोप था कि लोडर चालक ने धमकी दिया था कि जिस दिन सामने आ जायेंगे उस दिन लोडर से उड़ा देंगे। मृतक की पत्नी मीरा ने लोडर चालक पर पति की हत्या का आरोप लगाकर चालक की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गई। एसएचओ ने लोडर चालक को हिरासत में लिए जाने की जानकारी दी। इसके बाद परिजन शांत हुए। युवक की मौत से उसके दो बेटे सोनू, दीपक सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। एसएचओ अवनीश सिंह ने बताया कि चालक को हिरासत में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**केस 02** मौरावां थानाक्षेत्र के शिवला गांव निवासी मुकेश (22) पुत्र गुरुचरण लोधी शुक्रवार रात काम से निकला था। इसी दौरान पैदल जाते वक्त मौरावां-गुरुबक्सगंज मार्ग पर भइयाखेड़ा चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। इसमें उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। शनिवार सुबह राहगीरों ने शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी। पहचान के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। चाचा नन्हकू ने बताया कि वह मजदूरी करता था। उसके पिता व तीन भाई अन्य प्रांत में मजदूरी करते हैं। बेटे की मौत से मां चंद्रावती व अन्य परिजन बेहाल हैं। एसओ भवन सिंह मौर्य ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।



1रामबक्श।

# आजीवन कारावास काट रहे कैदी की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- **जेल जाने के दौरान ही कैंसर से पीड़ित था कैदी**

**अमृत विचार।** बिहार थानाक्षेत्र में अपनी भतीजी की गोली मारकर हत्या करने पर आजीवन कारावास काट रहे कैदी की जिला जेल में गुरुवार देररात्रि को हालत बिगड़ गई। जेल वार्डन ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। जिसमें बीमारी से मौत की पुष्टि हुई। कैदी पित्त की थैली में कैंसर से पीड़ित था।

बिहार थानाक्षेत्र के पितुआ खेड़ा गांव निवासी भीमशंकर (62) ने 14 सितंबर 2016 को एक दीवार को लेकर चल रहे पारिवारिक विवाद में विवाहित भतीजी आरती की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतका के ससुर गंगा महेश ने भीमशंकर पर हत्या और उनकी पत्नी शिवदेवी और बेटे अश्वनी पर उकसाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसी दौरान वह पित्त की थैली में कैंसर की बीमारी से ग्रसित हो गया। एसजीपीजीआई से उसका इलाज चल रहा था। इसी बीच मुकदमे की सुनवाई पूरी हुई और कोर्ट ने उसे दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास से दंडित किया। 25 जनवरी को उसकी अचानक हालत बिगड़ गई। इस पर पहले उसे जेल अस्पताल लाया गया। हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां उसकी मौत हो गई। कार्यवाहक जेल अधीक्षक अमरजीत सिंह ने बताया कि सजायाफ्ता कैदी की मौत हुई है। वह हत्या के मामले में आजीवन कारावास काट रहा था।

# मां ज्वालादेवी क्रिकेट ट्राफी टूर्नामेंट 8 फरवरी से होगा शुरू

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मां ज्वालादेवी द्वारा संस्थापित शुक्लागंज नगर के 88वें स्थापना दिवस पर 20वीं मां ज्वालादेवी क्रिकेट ट्राफी टूर्नामेंट का आयोजन शुक्लागंज के रामकली स्टेडियम में 8 फरवरी को होगा। प्रतियोगिता में 12 टीमें भाग लेंगी। सभी मैच आईसीसी के नियमों के तहत खेले जायेंगे।

यह जानकारी शनिवार को प्रेसवार्ता के दौरान अजय त्रिवेदी ने दी। बताया कि 8 फरवरी को शुक्लागंज का स्थापना दिवस मनाया जाता है। जिसके परिपेक्ष्य में पिछले 19 वर्षा से लगातार मां ज्वालादेवी क्रिकेट ट्राफी प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। इस बार भी प्रतियोगिता रामकली स्टेडियम में होगी। जिसमें नगर के अलावा अन्य जनपदों की 12 टीमें भाग लेंगी। सभी मैच 35-35 ओवरों के होंगे। टूर्नामेंट आईसीसी के नियमों के अन्तर्गत खेला जायेगा। जिसमें विजेता और उपविजेता के बीच पचास हजार कैशमनी ट्राफी के साथ दी जायेगी। प्रत्येक मैच में मैन आफ द मैच का अवार्ड दिया जायेगा। इसके साथ ही फाइनल मैच में मैन आफ द टूर्नामेंट और बेस्ट बॉलर का भी अवार्ड दिया जायेगा। इस दौरान संजय बाजपेयी, रितेश मिश्रा, कमल दोसर रहे।




प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते आयोजक। अमृत विचार

### आज होगा ब्रह्मसभा का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**शुक्लागंज उन्नाव।** ब्रम्हसभा शुक्लागंज की ओर से हर वर्ष नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। उसको देखते हुये रविवार को डीएसएम स्कूल में स्वास्थ्य शिविर लगाया जायेगा। यह जानकारी ब्रह्मसभा के अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि डीएमएम पब्लिक स्कूल में रविवार सुबह नौ बजे शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# अलाव की आग से जलकर गृहस्थी खाक

संवाददाता परियर उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर तहसील क्षेत्र के परियर गांव में तपाने के लिए जलाई गई आग की चिंगारी की चपेट में आकर झोपड़ी जलकर खाक हो गई। साथ ही नगदी और गृहस्थी का सामान भी राख हो गया। क्षेत्रीय लेखपाल ने नुकसान का आकलन कर तहसील में रिपोर्ट भेज दी है।

परियर गांव निवासी अजय की झोपड़ी में शाम करीब पांच बजे अचानक आग लग गई। आसपास के लोगों ने निजी साधनों से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गृहस्थी का सामानजल कर राख हो गया। मौके पर पहुंचे लेखपाल प्रदीप कमल, दीपचंद ने नुकसान का आकलन कर तहसील में रिपोर्ट देने के साथ परिवार को राशन कंबल आदि दिया। बाबा बलखंडेश्वर महादेव विकास सेवा समिति ने पीड़ित परिवार को कंबल व बच्चों को खाने की सामग्री दी।



परियर में आग लगने से जली गृहस्थी। अमृत विचार

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**विद्युत नगरीय वितरण मण्डल (प्रथम) केस्को,**
96/10, बिजलीघर, परेड, कानपुर-208001

**ई-निविदा सूचना :** अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित ई-निविदा पृथक-पृथक दो भागों में प्रतिष्ठित व अनुभवी निविदादाताओं से विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-प्रथम, बिजलीघर केस्को के अन्तर्गत निम्नवत् कार्य व विवरण के अनुसार ई-निविदा वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती हैं। **क्र0सं0-** 1, **ई0 निविदा संख्या-** 42/ईयूडीसी-प्रथम/2023-24, **कार्य का विवरण-** नगरीय विद्युत वितरण मण्डल -प्रथम के अन्तर्गत फूलबाग खण्ड के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत नोडल ऑफीसर कानपुर स्मार्ट सिटी लि0, द्वारा श्री आर0के0 पाल, परिसर सं0 16/04 नगर निगम नियर हास्टल, कानपुर को 48 कि0वा0 का विद्युत संयोजन एकल बिन्दु प्रणाली के अन्तर्गत निर्गत करने के कार्य हेतु। , **निविदा प्रपत्र मूल्य-** रू0 1180/- जी0एस0टी0 अतिरिक्त, **धरोहर धनराशि-** रू0 2100/-, **खुलने की तिथि-** 05.02.2024, ई-निविदा प्रपत्र पूर्ण कर निविदादाताओं द्वारा वेबसाईट पर निविदा की खुलने की निर्धारित तिथि को अपरान्ह 13:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है एवं ई-निविदा का प्रथम भाग उसी दिन 15:00 बजे वेबसाईट पर सार्वजनिक रूप से खोला जायेगा। उक्त तिथि को अवकाश घोषित होने पर निविदायें अगले कार्य दिवस में नियत समय पर खोली जायेगी। ई-निविदा मूल्य की धनराशि का भुगतान एवं प्रथम भाग में धरोहर धनराशि का भुगतान आर0टी0 जी0एस0/एन0ई0 एफ0टी0डी0डी0/बैंकर्स चेक एवं बैंक गारण्टी के माध्यम से (खाता सं0 628805018266 आई0एफ0एस0सी0-**ICIC0006288**) में जमा किया जा सकता है। वेबसाइट पर निविदा प्रपत्रों के साथ यू0टी0आर0 स्कैन प्रति अपलोड करना अनिवार्य हैं। निविदा प्रपत्र के प्रथम भाग मे निर्धारित पी0क्यू0 आर एवं तकनीकी अभिलेख होंगे तथा निविदा के द्वितीय भाग मे दरें एवम् व्यवसायिक शर्ते होगी, बिना धरोहर धनराशि के तथा सशर्त निविदायें खोली / स्वीकार नही की जायेंगी। **ई-निविदा में किसी प्रकार की शुद्धि एवं तिथि के विस्तारण की सूचना ई-टेन्डरिंग बेवसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी जिसकी सूचना प्रथक रूप से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं की जाएगी।** तकनीकी एवं वित्तीय योग्यता पूरी न करने वाले निविदादाताओं की निविदा पर विचार नही किया जायेगा। कार्य की मात्रा घट/ बढ़ सकती है। अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास बिना कोई कारण बताये किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा। **(रवि चन्द्र श्रीवास्तव) अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल -प्रथम, बिजलीघर, केस्को कानपुर। "राष्ट्रहित में बिजली बचाएँ" पत्रांक:** 362/ईयूडीसी-प्रथम/2024 **दिनांक:-** 27.01.2024

**प्रकाश पर्व** शहर के हाकिमटोला स्थित गुरुद्वारा से निकलेगा नगर कीर्तन

# भव्य होगा श्रीगुरु गोविंद सिंह का प्रकाशोत्सव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- **हाकिमटोला स्थित गुरुद्वारा में हुई पत्रकार वार्ता**
- **मंगलवार सुबह दस बजे से कीर्तन दरबार लगेगा**

**अमृत विचार।** श्रीगुरु गोविंद सिंह साहिब के प्रकाश पर्व पर श्रीगुरु सिंह सभा की ओर से तीन दिवसीय समारोह भव्यता के साथ मनाया जाएगा। विभिन्न आयोजन कराते हुए परंपरागत ढंग से विशाल नगर कीर्तन निकाला जाएगा। साथ ही हजारों लोग लंगर में प्रसादा चखेंगे।

शहर के हाकिमटोला स्थित गुरुद्वारा में शनिवार को पत्रकार वार्ता में श्रीगुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार अरविंदर की ओर से बताया गया सिंह ने यह जानकारी देते हुए सभी से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। गुरुद्वारा में मंगलवार को सुबह दस बजे से कीर्तन दरबार लगेगा। इसके बाद दोपहर से लंगर शुरू होगा। पंज प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन निकला जाएगा। जगह-जगह समाज सेवियों द्वारा स्टाल लगाकर शरबत, फल, प्रसाद आदि का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि यात्रा गुरुद्वारा से शुरू होकर बड़ा चौराहा, सदर बाजार, छोटा चौराहा होते हुए सुंदर टाकीज रोड, छिपियाना चौराहा, दादा मियां चौराहा, धवन रोड, स्टेशन रोड (गुरुतेग बहादुर मार्ग) होकर आईबीपी चौराहा से वापस गुरुद्वारा पहुंचेगी। पूरे रास्ते में जगह-जगह शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद आदि वितरित किया जाएगा। साथ ही गुरुग्रंथ साहिब के अनुयायियों द्वारा माथा टेकने का सिलसिला जारी रहेगा।

कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी होने का दावा करते हुए बताया गया कि तीन दिवसीय समारोह में गुरुद्वारा में शबद-कीर्तन जारी रहेंगे। साथ ही गुरु ग्रंथ साहिब की शिक्षाओं की जानकारी भी दी जाएगी। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कानपुर महानगर से सिख संगत व श्रद्धालु यहां पहुंचेंगे।




जानकारी देते श्रीगुरु सिंह सभा के लोग। अमृत विचार

# अधिवक्ता समागम में एकता पर जोर

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** अधिवक्ता का मान मर्दन कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे और उनके मान-सम्मान की रक्षा हेतु संघर्ष में वह अग्रिम पंक्ति में खड़े होंगे। इसके लिए सभी अधिवक्ताओं में एकता होना बहुत जरूरी है। यह बात बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामसुमेर सिंह ने अधिवक्ता समागम को संबोधित करते हुए कही।

अध्यक्ष ने नए पंजीकृत अधिवक्ता मनीराम यादव और राकेश चौरसिया, विवेक दीक्षित को बैंड पहनाकर उन्हें अधिवक्ता परिवार में शामिल कराया। कहा कि नए अधिवक्ताओं को दृढ़ संकल्पित होना आवश्यक है। हाईकोर्ट लखनऊ के वरिष्ठ अधिवक्ता मोतीलाल यादव एडवोकेट ने सिर्फ भारतीय संविधान को वकीलों की एकमात्र पुस्तक बताया और कहा कि देश के नागरिकों के मूल अधिकार की रक्षा करना वकीलों का परम कर्तव्य है। स्थानीय तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष शुक्ला ने कहा कि वकील की जाति, धर्म केवल वकालत ही है। कार्यक्रम को रश्मि मोहन अग्निहोत्री, कार्तिकेय सिंह व सुरभ श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। संचालन एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री बृजेन्द्र मोहन बाजपेई ने किया।

इस दौरान आदित्य तिवारी, विनोद यादव, योगेश लोधी, अजीत शुक्ला, हरिओम दीक्षित, ज्ञान शंकर मिश्रा, सर्वोत्तम अवस्थी, अंचल शुक्ला, शुभम शुक्ला आदि सहित करीब दर्जनों अधिवक्ता शामिल हुए।




उन्नाव बार एसोसिएशन अध्यक्ष का स्वागत करते मनीराम यादव। अमृत विचार



75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सोहरामऊ-उन्नाव परिशिष्ट
26 JANUARY REPUBLIC DAY
रंजन बाजपेई संवाददाता सोहरामऊ




समस्त जनपदवासियों व क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
चंद्रभान यादव ग्राम प्रधान
हसनापुर, विकासखंड नवाबगंज




समस्त जनपदवासियों व क्षेत्रवासियों को
75वें गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
नरेंद्र पटेल
पूर्व जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा बीजेपी
प्रधान लालपुर, विकासखंड नवाबगंज




समस्त जनपदवासियों व क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
रामचंद्र
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मैसोरा
विकासखंड नवाबगंज, जनपद उन्नाव




समस्त जनपदवासियों व क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
26 JANUARY REPUBLIC DAY
भोला
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अमरेया, विकासखंड नवाबगंज




26 JANUARY
डॉ. राममोहन मीना
रोशनी रावत
रवि सिंह
गणतन्त्र दिवस 2024 के पावन पर्व की आप सभी क्षेत्र, ग्राम व जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
प्रमोद कुमार सिंह
अभिषेक वर्मा
ग्रा.से - विकास खण्ड नवाबगंज, जनपद उन्नाव




समस्त जनपदवासियों व क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY 26 JANUARY REPUBLIC DAY
एजाज खान
प्रधान दरियापुर विकास खण्ड नवाबगंज
चंद्रजीत
ग्राम पंचायत अधिकारी दरियापुर वि.ख. नवाबगंज




समस्त जनपदवासियों व क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
निजामुद्दीन (सोफिया)
ग्राम प्रधान आशाखेड़ा, वि.ख.नवाबगंज
मो.नं.-9839289142, 7668868686




समस्त जनपदवासियों व क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
भुवन द्विवेदी एडवोकेट हाईकोर्ट
लखनऊ मो.नं.- 7379169521




समस्त जनपदवासियों व क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
पंकज गुप्ता
विधायक सदर, उन्नाव
निवेदकः भारतीय जनता पार्टी, जिला-उन्नाव व शुभचिंतक गण




समस्त जनपदवासियों व क्षेत्रवासियों को
75वें गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अभयेंद्र सिंह (समाज सेवी)
युवा भाजपा नेता निबहरी, सोहरामऊ




समस्त जनपदवासियों व क्षेत्रवासियों को
75वें गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज
ग्राम प्रधान भितरेपार
विकास खण्ड नवाबगंज




GYANENDRA PRADHAN
MANAGING DIRECTOR
Sea Hawk
SEA HAWK
ENTERPRISES PVT. LTD.
(Solvent Extraction Plant)
MANUFACTURERS OF EDIBLE & NON-EDIBLE OIL
RICE BRAN OIL & R.B.D.O.C. MUSTARD D.O.C.
OFFICE
570/95, Pakri Pool Tiraha, Sector-H
Kanpur Road, Lucknow-226012
FACTORY
Sirauti: Sohramau (Kanpur-Lucknow Road) Unnao (U.P.).
PHONE NUMBER
9621897048, 9838273276
09839929125, 08604125125
E-mail: seahawksolvent@gmail.com

# संवैधानिक विवेक और श्रीराम की मर्यादा



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> भारत के संवैधानिक विवेक में श्रीराम की मर्यादा सम्मिलित है। संविधान बन गया था। संविधान पारण के बाद सभा अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने कहा, ''अब सदस्यों को संविधान की प्रतियों पर हस्ताक्षर करने हैं। एक हस्त लिखित अंग्रेजी की प्रति है। इस पर कलाकारों ने चित्र अंकित किए हैं।

भारत श्रीराममय हो गया है। यह अव्याख्येय है। दर्शन और मनोविज्ञान के सिद्धांतों से भारत के ताजा उत्साह की व्याख्या नहीं हो सकती। अयोध्या में जनसैलाब उमड़ रहा है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का दिन था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी उपस्थित थे। अयोध्या में इस कार्यक्रम के लिए निमंत्रित लगभग 7000 लोगों की उपस्थिति थी। लेकिन कार्यक्रम स्थल के अलावा भी पूरी अयोध्या राममय थी। प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में अपेक्षित लोगों की सूची में मैं भी था। इसलिए सारा कार्यक्रम निकट से देखने का अवसर मिला। अयोध्या और उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मध्य 135 किमी का फासला है। इस लम्बे मार्ग के किनारे किनारे श्रद्धालुओं की भीड़ जय श्रीराम का नारा लगा रही थी। सबके चेहरे पर उल्लास और उत्साह। सब आनंदित और सब प्रसन्न। देश और विदेश के तमाम क्षेत्रों में भी अपने अपने ढंग से उल्लास व्यक्त करने वालों की भीड़ आश्चर्यजनक थी। मूलभूत प्रश्न है कि यह भीड़ किसकी बनाई योजना के अनुसार अनुशासनबद्ध थी? किसने इसे प्रेरित किया? इस महाभीड़ का कारण क्या था? स्पष्ट है कि यह महाभीड़ 'स्वतः स्फूर्त' थी। स्वतः स्फूर्त का अर्थ सीधा और सरल है। यहाँ कोई दूसरा व्यक्ति या संगठन प्रेरक नहीं। कोई लोभ नहीं। कोई भय नहीं। कोई आश्वासन नहीं। सब कुछ अनुभूत विवेक के अधीन अपने आप घटित हो रहा था। ऐसा स्वतः स्फूर्त वातावरण पहले कभी नहीं देखा गया।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर समूचे देश में आश्चर्यजनक उत्साह था। यह. वाकई विश्लेषण और विवेचन का विषय है। इसने राम के श्रद्धालुओं को आनंद अतिरेक का खूबसूरत अवसर दिया है। मजेदार बात यह है कि इसी के बहाने छदम् सेकुलरपंथी राजनीति वाले भी अनेक महानुभाव भी वाचाल हुए। उन्होंने श्रीराम के प्रति लोक आस्था को हास्यास्पद ढंग से प्रकट किया। प्राण प्रतिष्ठा सीधी सी बात है। मूर्तियां वस्तु या पदार्थ से बनती हैं। जब तक बाजार में हैं तब तक वे वस्तु हैं। शिल्पी उन्हें तैयार करते हैं। रूप रंग भरते हैं। उनमें सौन्दर्य उत्पन्न करते हैं। लेकिन हैं तो मूर्तियां ही। वैदिक परम्परा में मूर्तियों में प्राण प्रतिष्ठा की विशेष पद्धति विकसित हुई थी। मूर्तियों में प्राण नहीं होते। इस पद्धति के आलोचक अपने ज्ञान पर प्रसन्न हो सकते हों तो हों। मूर्ति पूजा प्राण उपासना का हिस्सा है। ऋग्वेद में सूर्य को प्राण कहा गया है। वह जगत् का प्राण है ही। सविता सूर्य पृथ्वी के पोषक हैं। श्रीराम सूर्यवंशी हैं। उनके कारण जगत् की गतिविधि चलती है। प्रश्नोपनिषद में कहते हैं, ''आदित्यो ह वै प्राणो-आदित्य जगत के प्राण हैं।'' छान्दोग्य उपनिषद (1.3.1) में कहते हैं, ''मनुष्यों में प्राण ऊर्द्धव गान है-उद्गीथ हैं।'' प्राण महत्वपूर्ण हैं। प्राण धारण करने से हम सब प्राणी हैं। पत्थर या किसी भी पदार्थ की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के पहले साधारण पदार्थ ही होती है। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में मूर्ति को निश्चित समय के लिए जल प्रवाह में रखने का विधान है। अन्न में भी प्राण होते हैं। इसलिए मूर्ति को काफी समय के लिए अन्न के भीतर रखते हैं। दूध आदि पदार्थ भी उपयोग में आते हैं। फिर मंत्र आराधन करते हैं। विश्वास करते हैं कि मूर्तियों में प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। प्राण प्रतिष्ठा की यह विधि सभी मूर्तियों के लिए अपनाई जाती है,लेकिन राम विरोधी तत्व मीडिया में जगह पाने के लिए हास्यास्पद और दयनीय बयानबाजी करते हैं।

ऐसे ही एक नेता कहते हैं कि मुर्दों की प्राण प्रतिष्ठा क्यों नहीं की जाती? शरीर का हलचल में रहना ही प्राणवान होना नहीं है। प्राण जीवन है। भारतीय और बौद्ध परम्परा ने शरीर के बूढा हो जाने पर पुनर्जन्म का सिद्धांत माना है। प्राण अव्यय और अक्षर हैं। भारतीय परम्परा के निन्दक प्राण उपासना नहीं जानते। मार्कण्डेय काटजू भारत के प्रधान न्यायधीश रहे हैं। उन्हें पद पर रहते हुए हम भारत के लोग 'न्यायमूर्ति' कहते रहे हैं। उन्होंने इस विशेषण का विरोध नहीं किया। न्याय भौतिक उपलब्धि है। श्री काटजू भी न्यायमूर्ति कहे जाते रहे हैं। कृपया वे स्पष्ट करें कि वे अभी भी न्यायमूर्ति हैं कि नहीं। अगर वे अभी भी मूर्ति हैं तो क्या उनकी मूर्ति निष्प्राण हैं? कुछ लोग कह सकते हैं कि संविधान न्यायपालिका का मार्गदर्शी है। यह सही भी है। संविधान निर्माताओं का विवेक और विनिश्चय सभी संविधाननिष्ठ भारतवासियों के लिए स्वीकार्य है।

भारत के संवैधानिक विवेक में श्रीराम की मर्यादा सम्मिलित है। संविधान बन गया था। संविधान पारण के बाद सभा अध्यक्ष डॉ० राजेन्द्र प्रसाद ने कहा, ''अब सदस्यों को संविधान की प्रतियों पर हस्ताक्षर करने हैं। एक हस्त लिखित अंग्रेजी की प्रति है। इस पर कलाकारों ने चित्र अंकित किए हैं। दूसरी छपी हुई अंग्रेजी की प्रति है और तीसरी हस्तलिखित हिन्दी की।'' चित्रमय प्रति में मुखपृष्ठ पर श्रीराम और श्रीकृष्ण, भाग 1 में सिन्धु सभ्यता की स्मृति वाले मोहनजोदड़ो काल की मोहरों के चित्र हैं। नागरिकता वाले अंश में वैदिक काल के गुरुकुल का चित्र है। भाग 3 में मौलिक अधिकारों वाले पृष्ठ पर श्रीराम की लंका विजय का चित्र है। नीति निदेशक तत्वों वाले पृष्ठ पर श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए गीता उपदेश का चित्र है। इस चित्रावली में स्वामी महावीर, बुद्ध, अशोक, गुप्तकाल, विक्रमादित्य, नालंदा विश्वविद्यालय, ओडिशा का स्थापत्य, नटराज, गंगा अवतरण, शिवाजी, गुरु गोविन्द सिंह, महारानी लक्ष्मी बाई, गाँधी जी की दाण्डी यात्रा, नेता जी सुभाष चन्द्र आदि के अनेक चित्र हैं। संविधान निर्माताओं ने राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर आदि के चित्र सांस्कृतिक उपयोगिता के आधार पर ही निश्चित किए गए थे। भारत का विवेक इसी परम्परा से बना है।

विवेक का विकास लोक और शास्त्र से तथ्य लेकर संभव होता है। किसी को राम काल्पनिक लगते हैं। यह उसका अपना विवेक है। तुलसीदास सजग थे। उन्होंने ऐसे लोगों के लिए रामचरितमानस में खूबसूरत चैपाई लिखी है, ''जाकी रही भावना जैसी-प्रभु मूरत देखि तिन जैसी।'' लेकिन अब श्रीराम और श्रीकृष्ण को काव्य कल्पना बताने वाले लज्जित हैं। खिसिया गए हैं। उनका सतही अध्ययन हास्यास्पद सिद्ध हुआ है। अयोध्या तथ्य हैं। चित्रकूट तथ्य हैं। दण्डकारण्य तथ्य हैं। गंगा, तमसा और मन्दाकिनी के प्रवाह सत्य हैं। वाल्मीकि, कम्ब व तुलसी सत्य हैं। उनके विवेक सिद्ध सत्य हैं। दो दिन पहले भारत ने अपना गणतंत्र दिवस समारोह सम्पन्न किया है। जन गण मन में भारत का विवेक अंतर्निहित है। भारतीय विवेक का विस्तार और निर्माण श्रीराम के शील, आचार और मर्यादा से हुआ है। श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। श्रीराम इस राष्ट्र का उत्स (मूल) हैं। इसी उत्स से 22 जनवरी को स्वतः स्फूर्त उत्सव प्रकट हुआ है। इसीलिए भारत आदर्श गणतंत्र है। महाभारत युद्ध के बाद युधिष्ठिर ने भीष्म से आदर्श गणतंत्र पूछा। भीष्म ने (शांतिपवर्:107.14) बताया कि भेदभाव से ही गण नष्ट होते हैं। उन्हें संघबद्ध रहना चाहिए। गण के लिए बाहरी की तुलना में आतंरिक संकट बड़ा होता है-''आभ्यन्तरं रक्ष्यमसा बाह्यतो भयम्'' वाह्य उतना बड़ा नहीं। यह सावधानी अनिवार्य है।

# रूपांतरण का महीना है माघ



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

शास्त्रों में आध्यात्मिक दृष्टि से माघ महीने में पवित्र नदियों में स्नान एवं पूजन की जो महिमा कही गई है,उसके बहुआयामी लाभ हैं। जहां शास्त्रों में माघ माह के तप को अश्वमेध यज्ञ एवं पुंडरीक यज्ञ के साथ मोक्ष,विष्णुपद की प्राप्ति वाला बताया गया है। वहीं आधुनिक शोधों में उत्तम शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य वाला महीना कहा गया है। इसी के साथ शीतकाल के इस ऋतु में स्नान एवं पूजन से प्रकृति के साथ तादाम्य बनाने का भी अवसर मिलता है।

आदिकवि वाल्मीकि ने रामायण की रचना के पूर्व ही जिन दो महीनों में प्रातःकाल स्नान एवं श्रीहरि के पूजन का चर्चा की है, उसमें पहला माह माघ ही है। दूसरे पर चैत्र स्नान का उल्लेख है। माघ महीने में स्नान के महत्व की एककथा का भी उल्लेख है। राजा सुमति और सत्यवती का पूर्वजन्म दूषित था, लेकिन अनजाने में वशिष्ठ ऋषि के आश्रम पर जाकर स्नान-पूजन से वे अगले जन्म में राजा हुए। आशय स्पष्ट है कि इस महीने में प्रयाग में जुटने वाले संतों के सानिध्य से रूप-स्वरूप तथा आचरण में बदलाव आता है। गोस्वामी तुलसीदास ने भी 'माघ मकरगत रबि जब होई तीरथपतिहिं आव सब कोई' चौपाई में माघ माह की महत्ता पर पूरा जोर डाल दिया। वैज्ञानिक एवं खगोलीय दृष्टि से देखा जाए तो माघ महीने में प्रयाग के संगम पर सूर्य की किरणों का जल पर अद्भुत असर पड़ता है। जल में अमृत-तत्व की उत्पत्ति होती है। माघ महीने का कृष्ण पक्ष हेमंत तो शुक्ल पक्ष शिशिर ऋतु है। शीतकाल के इस यौवनकाल में स्नान से शरीर के रस-रसायनों में यौवनकाल जैसा तेज प्राप्त होता है,जो शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य को उत्तम बनाता है।

सूर्यनारायण दक्षिणायण से उत्तरायण होते हैं। मेडिकल साइंस की दृष्टि से इस अवधि में सूर्य की किरणों का सेवन अति लाभकारी है। आध्यात्मिक ऋषियों ने इन्हीं विशेषताओं को देखते हुए पौष मास की पूर्णिमा से माघ मास की पूर्णिमा तक पवित्र नदियों में स्नान एवं भगवान के पूजन का उल्लेख किया है। प्रयाग में भारद्वाज ऋषि ने इसी अवधि में संगम स्नान के लिए आए याज्ञवल्क्य ऋषि से अपनी अज्ञानता को दूर करने की प्रार्थना की और याज्ञवल्क्य ऋषि ने श्रीहरि स्वरूप भगवान श्री राम की महिमा से उन्हें परिचित कराया था। श्रीराम के प्रति भक्ति का फल ही था कि वनगमन के समय निकले भगवान श्रीराम भरद्वाज ऋषि के आश्रम पर आए थे। ब्रह्मपुराण में 'अरुणोदयमारभ्य प्रातःकालवधि प्रभो, माघस्नानवतां पुण्यं क्रमात्तत्रावधारणा' (स्नान के काल की अवधि अरुणोदय से आरंभ कर प्रातःकाल कही गई है। माघ में माघस्नान करने वालों के लिए विशेष रूप से यह कहा गया है)। इसी पुराण में कहा गया है कि जो भगवान कृष्ण का ध्यान कर इस अवधि में स्नान करता है, वह देवपूजित होता है। पद्मपुराण में कहा गया है कि अशक्त व्यक्ति को भी कम से कम तीन दिन माघ माह में सूर्योदय के समय पवित्र नदियों में स्नान करना चाहिए। प्रयाग के संगम में स्नान गंगा-सागर स्नान की तरह फलदायी है। नारद पुराण में होम-हवन का विधान बताया गया है। हवन में तिल के प्रयोग से अग्नि का प्रज्ज्वलन लाभदायी है। इस अवधि में दान की भी महिमा है जिसमें गर्म वस्त्रों आदि के साथ तिल के दान का विशेष उल्लेख है। तिल पदार्थ में एक चौथाई शर्करा (चीनी या गुड़) और तीन चौथाई तिल होना चाहिए। माघ महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक की अवधि भी नवरात्र व्रत की तरह है। लौकिक रूप से इसे गुप्त नवरात्र कहते हैं। इस समय ज्ञान की शक्तियां अज्ञान के महिषासुर का वध करती हैं।

# आधुनिकता के साथ संस्कार भी आवश्यक



डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह मिशन प्रेरणा उत्तर प्रदेश

> शिक्षा संस्कारों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा द्वारा छात्र को नैतिक और सामाजिक मूल्यों, जैसे कि सत्य, ईमानदारी, समरसता, सहयोग, समानता और समाज सेवा के महत्व को समझाया जाता है।

आधुनिक युग में बच्चे संस्कार विहीन होते जा रहे हैं। इसका मुख्य कारण समाज में पाश्चात्य सभ्यता का हावी होना है। हमारा देश तरक्की कर रहा है, डिजिटल रिलेशन के युग में सभी काम मशीन से हो रहा है। यह अच्छी बात है,परंतु हर अच्छे काम के करने के तरीके में बुराई भी छिपी होती है। मशीन का उपयोग करने वाला किस प्रकार का व्यक्ति है,उसका आचरण कैसा है,वह विकास के लिए प्रतिबद्ध है अथवा उसका आचरण गलत है,यह उस पर निर्भर करता है। आज अपने बच्चों में संस्कार भरने की आवश्यकता है।

यह एक बड़ी अजीब सी बात हुई कि गत दो तीन माह में मेरे पास साथी शिक्षकों एवं अन्य साथियों तथा कुछ परिचितों ने दूरभाष पर बात हुई जिसमें उनका प्रश्न था कि हम बच्चों को जो कुछ भी शिक्षा दे रहे हैं, किताबें रटबा रहे हैं। उन सबमें संस्कार विकास कहां हैं? हम लोग बच्चों में संस्कार नहीं दे पा रहे हैं। चाहें उनका घर हो,परिवार हो या फिर शिक्षण संस्थाएं कहीं भी संस्कार के विकास पर कार्य नहीं कर रहे हैं तो फिर हम शिक्षा से कर क्या रहे हैं?

आज अभिभावक अपने बच्चों से दूर होते जा रहे हैं। उन्हें खुद फुर्सत नहीं मिलती जिस कारण वे अपने बच्चों पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। बच्चे क्या कर रहे हैं कैसी संगति में हैं,उसकी निगरानी अभिभावकों द्वारा नहीं होने के कारण बच्चे संस्कार विहीन हो जाते हैं। बच्चों की प्रवृत्ति गलत कार्यों के प्रति ज्यादा होती है, ऐसे में उन्हें रोकने वाला कोई नहीं मिलता। यही कारण है कि वे बिगड़ते जाते हैं और संस्कार विहीन बन जाते हैं।

संस्कार का अर्थ है अच्छे गुण,अच्छे व्यवहार,अच्छे कर्म एवं अच्छा रहन-सहन। बच्चों को बचपन से प्रारंभ होकर जीवनपर्यंत संस्कार मिलते रहते हैं। बच्चों में संस्कार का गुण विकसित करने के लिए हमें घर में अच्छा माहौल बनाना होगा। बच्चों की प्रथम पाठशाला घर ही होता है और बच्चे के माता-पिता प्रथम गुरु होते हैं। यदि बच्चों में संस्कार डालना है तो बचपन से ही उनमें अच्छे संस्कार डालने होंगे। बच्चे के माता-पिता, चाचा-चाची,दादा-दादी एवं अन्य परिवार सदस्य,जैसे-बातचीत एक दूसरे के साथ करना। व्यवहार,घर के समान तरीके से रखना,आगंतुक का स्वागत, सब काम तरीके से एवं समय से करना इत्यादि करते हैं। बच्चे भी यह सब देखकर एवं सुनकर उन्हीं चीजों का अनुसरण करते हैं। इसलिए बच्चों में संस्कार की नींव घर परिवार से ही डालनी होती है। समाज, छात्र के संस्कारों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परिवार, स्कूल, मित्रों, अध्यापकों, आदर्शों और सामाजिक परिवेश द्वारा प्रभावित होकर छात्र के व्यक्तित्व में संस्कारों का निर्माण होता है। एक समाज की मान्यताएं, संस्कृति, धार्मिक मान्यताएं, सामाजिक नीतियां और सामाजिक नियम आदि संस्कारों का महत्वपूर्ण स्रोत होते हैं।

शिक्षा भी संस्कारों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा द्वारा छात्र को नैतिक और सामाजिक मूल्यों, जैसे कि सत्य, ईमानदारी, समरसता, सहयोग, समानता और समाज सेवा के महत्व को समझाया जाता है। शिक्षा छात्र को सोचने की क्षमता, न्याय और सही गलत का विवेचन करने की क्षमता, सामरिकता, स्वतंत्रता, सहनशीलता और दूसरों के प्रति सम्मान करने की क्षमता विकसित करती है। शिक्षा छात्र को संस्कृति के साथ एक समृद्ध सामाजिक और नैतिक जीवन के लिए तैयार करती है। संस्कार शब्द संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है सज्जन बनाना या निर्माण करना। इसे हम सामान्यतः शिक्षा, आदर्शों, संगठन, नैतिकता और सामाजिक नियमों के माध्यम से व्यक्ति में अपनाए जाने वाले गुणों का संकेत के रूप में भी जानते हैं। विद्यार्थी जीवन में संस्कारों का महत्व अत्यंत प्रमुख होता है। यह उन गुणों और मूल्यों को सम्मिलित करता है,जो छात्र के व्यक्तित्व का आधार बनाते हैं और उसे समर्पित, सद्भावपूर्ण और सभ्य नागरिक बनाते हैं। संस्कारों के माध्यम से, विद्यार्थी सामाजिक, नैतिक और नैतिकतापूर्णता के मूल्यों को सीखते हैं,जो उन्हें अपने जीवन के समस्त क्षेत्रों में सफलता और सुख की प्राप्ति के लिए आवश्यक होते हैं। इस प्रकार संस्कारों का निर्माण सामाजिक और शैक्षिक माध्यमों के माध्यम से होता है,जो छात्र के व्यक्तित्व को स्वर्णिम बनाते हैं। संस्कारों का समावेश छात्र को उच्चतम मान्यताओं, नैतिकता, न्याय, समरसता, सहयोग, समानता, समाज सेवा और सत्य के मार्ग पर चलने की क्षमता प्रदान करता है। ये संस्कार उन्हें व्यक्तिगत और सामाजिक सफलता की ओर ले जाते हैं और एक सद्भावपूर्ण,सशक्त और समृद्ध समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

ऐसा व्यक्ति कभी अपने समय को व्यर्थ नहीं गंवाता। अपनी कड़ी मेहनत, लगन व ईमानदारी से अपने जीवन को तो संवारता ही है। साथ ही दूसरों का भी उद्धार करता है। वह अपनी शिक्षा के माध्यम से एक शिक्षित समाज का निर्माण करता है। लोगों में परस्पर प्रेम, सद्भावना एवं परोपकार का भाव जाग्रत करता है।

# साहित्य: रूप परिवर्तन



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

एक वह युग था,जब लिपि का विकास तो नहीं हुआ था,पर भाषा का विकास हो रहा था,संवाद होता था,साहित्य का एक रूप संवाद था। श्रुति-परंपरा,वाचिक-परंपरा,स्मृति परंपरा थी। लोकजीवन में गीत,कथा,गाथा और कहानियों का प्रचलन संवाद के साथ ही विकसित होने लगा था। नाटक आए। व्याख्यान और शास्त्रार्थ थे। एक युग वह भी आया, जब लिपि का विकास हुआ, लिपि का विकास हुआ तब साहित्य का रूप फिर बदला।

ताड़-पत्रों पर ग्रंथ लिखे जाने लगे सूत्रग्रंथ लिखे गए। पद्यात्मक रूप प्रधान रहा। वाचिक परंपरा का और विकास हुआ, हस्तलिखित ग्रंथों का विस्तार भी हुआ,किंतु समर्थ लोगों तक ही ग्रंथों की पंहुच थी। लिखिया होते थे। फिर मुद्रणालय आए। तब साहित्य का रूप फिर से बदला। अब गद्य रूप प्रधान होने लगा और उपन्यास-कहानी-निबंध-आलोचना आदि का प्रचार हुआ। ग्रंथों के साथ ही अखबार आए, खबर आई और उनकी पहुंच का व्यापक विस्तार हुआ।

ज्ञानविज्ञान के विभिन्न अनुशासनों को लेकर किताबें छपने लगीं और वे सामान्यजन तक पहुंचने लगीं। फिर रेडियो आया, वार्ता, परिचर्चा, रेडियोनाट्य, रिपोर्ताज जैसे साहित्य रूप आए। फिर मूवी आया। टौकी आया। फिल्म आई, पटकथा और संवाद। साहित्य की विधाओं का और अधिक विस्तार हुआ। दूरदर्शन आने के बाद साहित्य के लिए नाटक और परिचर्चा जैसे रूप मिले। साहित्य और ज्ञान-विज्ञान के दृश्यरूप और अधिक प्रभावी बन गए।

अब जब इंटरनेट आया है,साहित्य का रूप फिर से बदलने को है। ज्ञान-विज्ञान के विभिन्न अनुशासनों की प्रस्तुतियों का रूप भी बदलने को है। माध्यम बदलने से साहित्य का रूप तो बदलता ही है,साहित्य की अंतर्वस्तु का भी विस्तार होता है। टेक्नोलॉजी किस प्रकार से साहित्य के रूप को प्रभावित करती है? इस विषय पर एक थीसिस लिखी जा सकती है। मुद्रण आने के बाद गद्य की कितनी विधाओं का विकास हुआ? रेडियो आने के बाद कितनी नई विधाएं (रेडियो-नाट्य,रेडियो-रूपक,फीचर,वार्ता आदि) फिल्म आने पर नाट्य रूपों में जबर्दस्त परिवर्तन हुआ और नौटंकी जैसे आयोजन धीरे-धीरे कम होते चले गए। टी.वी. आने के बाद तो साहित्य-विधाओं के साथ ही पत्रकारिता का भी रूप व्यापक हो गया है। आज इंटरनेट ने फिर से साहित्य और लोकसंवाद के नए-नए रूपों को विकसित किया है। भविष्य में ये सब नए रूप एक साहित्य-पत्रकारिता और संवाद का नया इतिहास बनाएंगे। अनुशासनों की प्रस्तुतियों का रूप भी बदलने को है।

# परम तत्व चिंतन



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

जिन परमात्मा में श्रेष्ठ बुद्धि वाले विप्रगण अपने मन को लगाते हैं तथा अपनी सब प्रकार की वृत्तियों को भी नियुक्त करते हैं, जिन्होंने अग्निहोत्र आदि समस्त शुभ कर्मों का विधान किया है,जो समस्त जगत के विचारों को जानने वाले और अद्वितीय हैं, उन सबसे महान, सर्वज्ञ परमेश्वर की हमें भूरि-भूरि स्तुति करनी चाहिए।

हे मन और बुद्धि, मैं तुम दोनों के स्वामी और समस्त जगत के आदि कारण परब्रह्म परमात्मा को बार-बार नमस्कार करके विनयपूर्वक उनकी शरण में जाकर उनमें संलग्न होता हूं। परमेश्वर की महिमा का जो मैंने वर्णन किया है, वह संपूर्ण जगत में व्याप्त हो जाए। दिव्य लोकों में निवास करने वाले परमात्मा के सभी पुत्र भी उनकी महिमा को भली-भांति सुनें।

परमात्मा की स्तुति के पश्चात ध्यान की स्थिति का वर्णन करते हुए श्रुति कहती है कि जिस स्थिति में अरणिमंथन के लिए शरीर को नीचे की अरणि और ओमकार को ऊपर की अरणि बनाकर ओम का जप और उसके अर्थरूप परमात्मा का निरंतर चिंतनस्वरूप मंथन किया जाता है,जहां प्राणायाम द्वारा प्राणवायु का विधिपूर्वक भली-भांति निरोध किया जाता है,जहां आनंद रूप सोमरस प्रचुर मात्रा में प्रकट होता है,उस ध्यानावस्था में मनुष्य का मन सर्वथा विशुद्ध होकर परमात्मा में संलग्न हो जाता है।

हे साधक संपूर्ण जगत के स्वामी परमेश्वर की इस प्रकार से स्तुति करके उनसे अनुमति प्राप्त कर तुम्हें सबके आदि उन पर ब्रह्म परमात्मा की ही सेवा करनी चाहिए,उन परमेश्वरम में ही आश्रय प्राप्त करना चाहिए। ऐसा करने से पहले किए हुए समस्त संचित कर्म विघ्नकारक व बंधन रूप नहीं होंगे।

# जब तंत्र नहीं रहेगा तो लोक का क्या होगा



द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

> तंत्र के किसी वर्ग को गण से कोई लेना-देना नहीं दिखता। सब खुद में मस्त हैं। कोई-कोई ऐसा दिल वाला दिख जाता है,जो जन के मन को समझता है और उस दृष्टि से सार्थक काम करता है,लेकिन वह व्यक्ति भी बहुत जल्दी इस कुटिल सत्ता की नजरों में चढ़ जाता है और उसके हाथ-पैर बांध दिए जाते हैं ताकि उसकी कार्य-संस्कृति का प्रभाव वर्तमान सिस्टम को कहीं 'प्रदूषित' न कर दे।

देश की आजादी के बाद इतने बड़े राष्ट्र को चलाने और आगे बढ़ाने के लिए संविधान सभा में लंबा विचार-विमर्श चला। लोकतंत्र की अवधारणा को अपनाया गया और राज्य को संचालित करने की शक्ति लोक के हाथों में सौंपना तय किया गया। आधी सदी से अधिक समय बीत गया,बीते समय में हम आगे बढ़े,लेकिन समय से पीछे रह गए। समय हमसे तेज चल रहा है,लेकिन हमारी गति कम है,क्योंकि देश में गण और तंत्र अलग-अलग चल रहे हैं। यदि इन दोनों का साथ होता तो टीम-वर्क उभरकर आता और हम समय के साथ कदम ताल मिला लेते।

गणतंत्र के नाम पर हमें वोट देने का अधिकार मिला है। अच्छे और बुरे के बीच चुनाव करने का अधिकार हमें प्राप्त नहीं है,हमें वोट उसे देना है,जो कम बुरा है। गणतंत्र के नाम पर हमें बोलने का अधिकार मिला है,लेकिन उसे तंत्र सुनता नहीं,क्योंकि कुर्सी पर आसीन नेता और अफसर, जनता को मूर्ख समझते हैं। वे मानते हैं कि ये बेवजह हल्ला करने वाले नासमझ लोग हैं। वो समझते हैं कि 'ये' करेंगे, ये समझते हैं 'वो' करेंगे और दोनों एक-दूसरे की और संदेह भरी निगाह से देख रहे हैं। जब कुछ हासिल होता दिखाई नहीं पड़ता तो 'ये' 'वो' को गरिया रहा है और 'वो' 'ये' को। दोनों के बीच का पुल संविधानसभा में बनाया गया था,लेकिन पुल पुराना पड़ता गया। सत्ता ने हौले-हौले पुल की नींव हटा दी,पुल भसक कर जमींदोज हो गया। अब प्रजा एक छोर पर खड़ी है और तंत्र दूसरे छोर पर,यही आज का बचा-खुचा गणतंत्र है। दोनों मिलकर गाना गा रहे हैं,'पुकार लो, तुम्हारा इंतज़ार है।' ऐसा नहीं है कि प्रगति नहीं हुई है। पुलिस का उदाहरण लेते हैं। आजादी के पहले पुलिस के हाथ में डंडा और बन्दूक थे,अब स्टेनगन है उनके हाथों में। ये स्टेनगन लोक की रक्षा के लिए नहीं है,तंत्र की रक्षा के लिए तैनात है। लोक अपनी रक्षा स्वयं करे, तंत्र की जिम्मेदारी नहीं है,लेकिन तंत्र की रक्षा लोक करे। क्योंकि तंत्र का जीवन लोक के मुकाबले अधिक महत्वपूर्ण है। सही तो है तंत्र नहीं रहेगा तो लोक का क्या होगा? लोक का क्या है? रहे न रहे। न्याय व्यवस्था को देख लीजिए,लोग इस उम्मीद में न्यायालय जाते हैं कि उनके मध्य विवाद का निपटारा होगा, लेकिन वादी-प्रतिवादी निपट जाते हैं,विवाद का समाधान नहीं होता,तारीख पर तारीख मिलती है। न्यायालयों की अढ़धप में फंसे व्यक्ति की जो आर्थिक और मानसिक दुर्दशा होती है उसे वही व्यक्ति जानता है जिसे मुकदमा लड़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ हो। जज से लेकर मुंशी तक, हर व्यक्ति आमजन को इस कदर अपमानित और तंग करता है कि वह अदालत जाने के नाम से कान पकड़ लेता है। क्या संविधान सभा ने ऐसी निकृष्ट न्याय व्यवस्था की उम्मीद की होगी?

कोई भी पार्टी होसबके नेता नौटंकीबाज हैं। सबको अपनी फिक्र है, गण की नहीं। गण तो उनके ऊपर पहुंचाने की सीढ़ी हैं, ऊपर पहुंच गए, खेल खत्म,पैसा हजम। शासक और प्रशासक आपस में मिलीभगत करके आमजन के जीवन को कष्ट में डालने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं,लेकिन गीत जन कल्याण के गाएंगे। ईमानदारी का भजन गाने राजनीतिज्ञ वाले बेईमानी के धन से चुनाव लड़ते हैं और जीतने के बाद वसूली अभियान चलाते हैं,जो हार जाता है वह भुट्टे की तरह जलता-भुंजता-कुढ़ता रह जाता है।

तंत्र के किसी वर्ग को गण से कोई लेना-देना नहीं दिखता। सब खुद में मस्त हैं। कोई-कोई ऐसा दिल वाला दिख जाता है,जो जन के मन को समझता है और उस दृष्टि से सार्थक काम करता है,लेकिन वह व्यक्ति भी बहुत जल्दी इस कुटिल सत्ता की नजरों में चढ़ जाता है और उसके हाथ-पैर बांध दिए जाते हैं ताकि उसकी कार्य-संस्कृति का प्रभाव वर्तमान सिस्टम को कहीं 'प्रदूषित' न कर दे। आगे भी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता रहेगा,क्योंकि यह संविधान को सम्मान देने का उत्सव है। काश गणतंत्र दिवस की भावना को समझते हुए अपनी शक्ल संविधान के पन्नों में देखें और गलतियों को सुधारने का यत्न करें अन्यथा अगली पीढ़ी हमें माफ नहीं करने वाली।

# बंधन से मुक्ति



रामनाथ द्विवेदी
कानपुर

> ब्राह्मण जो ब्रह्म को जानता हो। दवीज दो बार पैदा होना। अर्थात् प्रथम बार मां के गर्भ से पैदा होना दोबारा शिक्षा के द्वारा ब्राह्मण होना जिसकी विप्र विशिष्ट प्रज्ञा है।

यदि कोई व्यक्ति अपने को विद्वान की श्रेणी में मानता है तथा जाति का समर्थन करता है या किसी मनुष्य को दलित कहता है तो मूल रूप से वह सनातनी नहीं है। जाति व्यवस्था एवं दलित शब्द मुगलों की देन है। पराजित कोम को दास बना बनाते थे और दास बना करके विक्रय किया करते थे,क्योंकि वे असहाय थे। उनके साथ पशुवत व्यवहार करते थे और आज भी प्रचलन में है। हमारे यहां गरीब ब्राह्मण था जिसकी कोई आजीविका नहीं थी। मात्र भिक्षाटन था। यहां तक की भगवान विष्णु ने बलि को छलने के लिए ब्राह्मण का रूप धारण करके वावनअवतार लिया था। ब्राह्मण तीनों वर्णों से भिक्षाटन करता था और सारा जीवन राष्ट्र के अभ्युदय में लगता था। गरीब होना हमारे समाज में अपमान नहीं माना जाता था अपितु ब्राह्मण सबसे सम्मानित था। क्योंकि उसके पास विद्या थी तप था समाज एवं राष्ट्र की सेवा थी। इसीलिए ब्राह्मण के पर्यायवाची सभी विद्वान सूचक शब्द है। ब्राह्मण जो ब्रह्म को जानता हो। दवीज दो बार पैदा होना। अर्थात् प्रथम बार मां के गर्भ से पैदा होना दोबारा शिक्षा के द्वारा ब्राह्मण होना जिसकी विप्र विशिष्ट प्रज्ञा है। इसीलिए हमारे सनातन धर्म की धुरी में महर्षि व्यास,महर्षि वाल्मीकि एवं महर्षि सूत जी है,जो सभी निम्न वर्ण के थे तथा लगभग सभी सनातन धर्म ग्रंथों की रचना की है। श्रीमद् भागवत गीता महाभारत का अंश है जिसकी रचना महर्षि व्यास ने की है। वेदों में भी भूमि दास एतरेय, महर्षि सत्यकाम जावाल इसी प्रकार दस अन्य महर्षि निम्न वर्ण के थे। इतना ही नहीं महाराज काशी नरेश मीराबाई संत शिरोमणि रविदास के शिष्य थे। राष्ट्र की प्रगति के लिए सनातनी बने। जातिवादी बनकर के स्वार्थी एवं अवसरवादी न बने स्वार्थी एवं अवसरवादी व्यक्ति कभी विद्वान नहीं होता। वस्तुतः सनातन धर्म आर्य धर्म है, जो जीवन में व्यक्ति को मुक्ति प्रदान करता है बंधन नहीं। महर्षि वशिष्ठ जब भगवान राम को शिक्षा दे चुके तो उनसे कहा अब तुम मुक्त हो और तुम अपने विवेक से काम करो। सा विद्या या विमुक्त ये। ज्ञान वही है,जो बंधन से मुक्ति प्रदान करें।

# शान से लहराया तिरंगा, देशभक्ति की बही बयार

## सरकारी इमारतों पर फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज, देशभक्ति से सराबोर रहा नगर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शुक्रवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। सरकारी व अर्द्धसरकारी संस्थानों में भी धूमधाम से गणतंत्र दिवस मना। वहीं, गंगाघाट कोतवाली में एसएचओ ने ध्वजारोहण किया।

गंगाघाट क्षेत्र में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास व धूमघाम से मना। सरकारी व अर्द्धसरकारी कार्यालयों में तिरंगा फहराया गया। वहीं गंगाघाट कोतवाली में कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने ध्वजारोहण किया। गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर स्टेशन मास्टर ने ध्वजारोहण किया। पीएचसी में डॉक्टर, पशु चिकित्सालय व नगर पालिका में पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने झंडारोहण किया। जहां ईओ मुकेश कुमार मिश्रा, चेयरमैन प्रतिनिधि संदीप पांडे, सभी सभासद व पालिकाकर्मी रहे। वहीं आजाद नगर ठाकुर खेड़ा स्थित सीएचसी में डाक्टर ने ध्वजारोहण किया। इसके अलावा श्याम प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में पूर्व नौसैनिकों ने ध्वजारोहण किया। वहीं, नगर में शुक्लागंज वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। सपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला ने संत विवेकानंद, सिटी मंटेसरी, धोबी पुलिया, गांधी चौक आदि स्थानों पर ध्वज फहराया। शंकरपुर गांव स्थित रामलीला मैदान में ध्वजारोहण हुआ। जहां मुख्य अतिथि किसान आंदोलन के प्रदेश संयोजक अजय अनमोल ने ध्वजारोहण किया। जहां सभी ने देश के अमर शहीदों को याद किया गया।



पालिका में ध्वजारोहण करती पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे। अमृत विचार

### समाचार पत्र वितरक समिति ने किया ध्वजारोहण

**शुक्लागंज।** गणतंत्र दिवस पर राजधानी मार्ग स्थित नगर पालिका कार्यालय के बाहर शुक्लागंज समाचार पत्र वितरक समिति के तत्वावधान में मुख्य अतिथि रमेश मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। जिसके बाद समाचार पत्र वितरकों ने लड्डू बांटे। इस दौरान समिति के अध्यक्ष मुकेश तिवारी, योगेंद्र शुक्ला, नवनीत शुक्ला, उमेश शुक्ला, अरविंद बाजपेई, रामू दीक्षित, सुनील अवस्थी, चुन्नू तिवारी, हरि, विजय बाजपेई, अशीष सिंह, विजय मिश्रा, अरुण मिश्रा, राहुल, राजू बाजपाई, संजय बाजपेई, शम्भू तिवारी, ऋषि पाल, मनोज पाल, कमल तिवारी, नंदकिशोर दुबे मौजूद रहे।


गणतंत्र दिवस मनाते समाचार पत्र वितरक। अमृत विचार

### देश भक्ति व फिल्मी गानों पर खूब थिरके छात्र-छात्राएं

**शुक्लागंज।** गणतंत्र दिवस पर स्कूलों में नन्हें-मुन्ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए शान से गणतंत्र दिवस मनाने पहुंचे। नगर के विभिन्न विद्यालयों में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। नगर के अंबिका प्रसाद मेमारियल पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम बच्चों ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि संतोष कुमार त्रिवेदी ने ध्वजारोहण किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जहां एमडी अजय त्रिवेदी, प्रधानाचार्या डेफिनी लेम्यूर मौजूद रही। सहजनी स्थित महार्षि स्कूल में पी एन शुक्ला, मयंक शुक्ला ने ध्वजारोहण किया। जिसके बाद बच्चों ने फोरलेन पर रैली निकाली। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सचल सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसे देख फोरलेन से आने जाने वाले लोगों ने खूब तालियां बजाई। इस दौरान निधि शुक्ला, मोहित त्रिपाठी, ज्योति बाजपेई, इशरत जैदी, सौरभ सिंह, अल्पना श्रीवास्तव, तृप्ति द्विवेदी, प्रमोद सिंह, नीलम मिश्रा, फरहीन, सर्वेश मिश्रा, रीता अग्निहोत्री आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आनंद नगर स्थित शिवम कानवेंट में प्रबंधक अंकुर शुक्ला, रश्मि शुक्ला ने ध्वजारोहण किया। वहीं मनसुख खेड़ा स्थित शिवांश कान्वेंट में झंडारोहण किया गया। देवारा कलां स्थित पूर्णिमा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मंर पं. उमेश चंद्र मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। वहीं दयानंद सरस्वती इंटर कालेज में प्रधानाचार्या सुधा तिवारी, प्रबंधक संतोष तिवारी, अभिषेक तिवारी ने ध्वजारोरण किया। जिसके बाद बच्चों ने रैली निकाली। डीएसएम पब्लिक स्कूल, संत विवेकानंद पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु व विद्यामंदिर गोपीनाथ पुरम, सरस्वती शिशु व विद्यामंदिर गंगानगर में ध्वजारोहण हुआ।


ध्वजारोहण करते पीटीसी के प्राचार्य नवनीत सिकेरा। अमृत विचार

### निकाली गई प्रभातफेरी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का चला दौर

**फतेहपुर चौरासी।** क्षेत्र में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण के बाद प्रभात फेरी निकाली गयी और शाम तक सांस्कृतिक कार्यक्रमो के दौर चलता रहा। जवाहर नवोदय विद्यालय में प्राचार्य डाक्टर रमेश बाबू ने, विकास खण्ड मुख्यालय पर ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद और बीडीओ अनिल कुमार सिंह ने, नगर पंचायत में चेयरमैन मिथलेश कुमार ने, पीटीसी के प्राचार्य नवनीत सिकेरा ने, केडीएम में कृपाशंकर मिश्रा, आरबीएस में महेंद्र सिंह ने ध्वजारोहण किया। वहीं उम्मारपुर प्रीतम के प्राथमिक विद्यालय के छात्र को शिक्षक ने साइकिल दी। काजीपुर कच्छ के कंपोजिट विद्यालय के प्रधान शिक्षक कुलदीप विमल ने छात्र अभिनव सिंह को लैपटाप दिया। पीटीसी में प्राचार्य नवनीत सिकेरा ने कर्मचारियों को साइकिल दी। जिससे वह अपनी सेहत को दुरुस्त रख सकें।


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते एमडीपीएस के बच्चे। अमृत विचार

### देशभक्ति में डूबे रहे लोग, फहराया तिरंगा

**नवाबगंज।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर विकासखण्ड मुख्यालय परिसर में ब्लॉक प्रमुख रोशनी रावत ने ध्वजारोहण किया। जिसके बाद ज्वाइंट मजिस्ट्रेट डॉ राम मोहन मीणा, भाजपा नेता रवि प्रताप सिंह, एडीओ मनोज कुमार, राजेश कुमार, जयसिंह, सचिव सुरेन्द्र कुमार, शैलेन्द्र भारती, डॉ अमरेश वर्मा, रमाकांत पांडे, चंद्रजीत, आकाश शुक्ला, सुशील कुमार आदि ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक पर पुष्प अर्पित कर सरदार पटेल एवं अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। स्वास्थ्य केंद्र में अधीक्षक डॉ राजेश कुमार ने ध्वजारोहण कर परिसर से करीब एक दर्जन 102 और 108 एंबुलेंस की रैली को रवाना किया। एंबुलेंस प्रोग्राम मैनेजर विराट श्रीवास्तव की प्रेरणा से जिला प्रभारी नीरज मौर्य के नेतृत्व में एंबुलेंस कर्मियों ने देश भक्ति के नारों के उदघोष के साथ कस्बे का भ्रमण किया। इस दौरान डॉ सौरभ सोनकर, मलखान सिंह, प्रशांत दीक्षित, संजीव सक्सेना, स्टाफ नर्स वर्षा कुमारी, निशी पाल आदि स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। लखनऊ कानपुर राजमार्ग टोल प्लाजा कार्यालय पर मैनेजर अमरेश सिंह चौहान ने ध्वजारोहण कर कर्मचारियों के साथ गणतंत्र दिवस मनाया। नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष दिलीप लश्करी ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी अनिल कुमार, सभासद सुनीता, मैकी, आशीष गुप्ता, ऋतुराज गुप्ता, बांकेलाल, मुन्नालाल, संतोषी समेत तुफैल अहमद, शिवा दीक्षित, संजय खान, दिनेश शर्मा आदि कर्मचारी उपस्थित रहे। कस्बा स्थित श्यामलाल इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ अनूप सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान स्काउट्स व एनसीसी कैडेट्स ने परेड व मॉकड्रिल किया। जहां मनोज गुप्ता, विजय सिंह, लालता तिवारी समेत शिक्षक संतोष तिवारी, धर्मेश प्रताप सिंह, मनोज अवस्थी, संदीप मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# बैसवारा क्षेत्र के शहीदों को किया याद और अर्पित की श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** गणतंत्र दिवस पर बैसवारा क्षेत्रीय कल्याण समिति ने न सिर्फ अमर बलिदानी राजा राव राम बक्स सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए, बल्कि बदरका गांव में रणनाहर चंद्रशेखर आजाद व बजौरा पहुंच कर कारगिल शहीद लांसनायक अमर बहादुर सिंह सहित बैसवारा क्षेत्र के आधा दर्जन स्थानों पर पहुंचकर शहीदों व सेनानियों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

समिति ने बक्सर व डौंडियाखेड़ा स्थित किला परिसर में राजा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए अपने अभियान की शुरुआत की। शहीद चंद्रशेखर आजाद के गांव बदरका में शहीद स्थल पर स्थापित उनकी आदमकद प्रतिमा पर भी समिति के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण किया।

इसी तरह शहीद चंडिका बक्स सिंह के पैतृक गांव बेथर, कारगिल शहीद अमर बहादुर सिंह के गांव बजौरा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिवाधार मिश्र के गांव हुलासी खेड़ा पहुंचकर समिति के पदाधिकारियों ने उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। समिति के महामंत्री हरिओम सिंह ने विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कहा कि शहीदों के बलिदान के चलते ही स्वतंत्रता प्राप्त हो सकी है। इसलिए वर्तमान पीढ़ी को राष्ट्र के लिए मन, वचन और कर्म से ईमानदारी से दायित्वों का निर्वहन करते हुए भारत राष्ट्र को मजबूत बनाना चाहिए। समिति के अध्यक्ष मुन्ना सिंह अवधूत ने भी शहीदों के बलिदान की याद ताजा कराई।बलिदानियों के सपनों को साकार बनाने में सभी को समर्पण भाव से काम करना चाहिए। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में सतीश कुमार वाजपेयी, राजेश कुमार मिश्रा, प्रमोद सिंह, माधव सिंह, राजेंद्र सिंह राठौर छविनाथ आदि मौजूद रहे।


बदरका में चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पदाधिकारी। अमृत विचार

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मन मोहा, बच्चों ने मनवाया लोहा

संवाददाता, पाटन

- जगह-जगह आयोजित किये गया उत्सव, निकलीं रैलियां

**अमृत विचार।** बीघापुर तहसील क्षेत्र में गणतंत्र दिवस का पर्व सरकारी व निजी संस्थाओं व प्रतिष्ठानों में ध्वजारोहण कर हर्षोल्लास के साथ के साथ मनाया गया। अधिकांश विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाल कर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन का ध्वजारोहण एसडीएम क्षितिज कुमार द्विवेदी ने किया। नगर पंचायत भगवंतनगर में ध्वजारोहण आशीष शुक्ला रिंकू ने किया। वहीं भगवंत नगर स्थित लालबहादुर पब्लिक इंटर कॉलेज में प्रबंधक शुभांशू सिंह, शिवशक्ति मोटर्स में अमन सिंह चौहानए श्रीअम्बे ऑटोमोबाइल्स में कमल किशोर दीक्षित, वेद पैथालॉजी एण्ड अल्ट्रासाउंड सेंटर में अतीश सिंह चौहान ने ध्वजारोहण किया। कंपोजिट विद्यालय बिहार में शिक्षक गिरीश प्रताप सिंह गौरीशंकरश व प्राथमिक विद्यालय बिहार द्वितीय में शिक्षिका प्रतिभा दीक्षित ने ध्वजारोहण किया। बजौरा स्थित जूनियर स्कूल में प्रधान शिक्षक स्वदेश कुमार व प्राथमिक स्कूल में नीरज कुमार ने झंडा फहराया। तनगापुर स्थित श्रीचंद्रिका देवी इंटर कॉलेज में ध्वजारोहण माधव सिंह ने किया। प्रधानाचार्य प्रमोद सिंह सहित शिक्षक मौजूद रहे। त्रिवेणी काशी इंटर कॉलेज बिहार में ध्वजारोहण अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह व साहित्यकार डा. गणेश नारायण शुक्ल ने संयुक्त रूप से किया। गिरजा शंकर सरला देवी इंटर कॉलेज का ध्वजारोहण पूर्व जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी शंकर चौरसिया ने किया। बिहार इंटर कॉलेज का ध्वजारोहण प्रबंधक जितेंद्र बहादुर सिंह ने किया। थाना बिहार का ध्वजारोहण प्रभारी शिव प्रकाश पांडे ने किया। आरक्षियों द्वारा सलामी व परेड का भी आयोजन किया गया।

आरआरबीएन इंटर कॉलेज भगवन्तनगर का ध्वजारोहण विद्यालय के प्रबंधन द्वारा किया गया। अमित कुमार मिश्रा ने बीज गोदाम पाटन पर ध्वजारोहण किया। रघुराजा रामगोपाल महाविद्यालय का ध्वजारोहण प्रबंधक अरविंद सिंह तथा बाबू जयशंकर गया प्रसाद का संरक्षक दिनेश बाबा द्वारा किया गया। विकासखंड सुमेरपुर में ब्लॉक प्रमुख व ब्लॉक संसाधन केंद्र में बीईओ द्वारा ध्वजारोहण की परंपरा का निर्वहन किया गया। शिक्षण संस्थानों में बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। लोगों ने इस अवसर पर आजादी को अक्षुण्य बनाए रखने का संकल्प लिया तथा शहीदों को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किया और राष्ट्र के नाम संदेश दिया।


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

### शिक्षण संस्थानों में रही देशभक्ति की धूम

**बांगरमऊ।** नगर व क्षेत्र में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। सभी शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी और झांकी भी निकाली गई। क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने आम्रपाली आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल बेहटा मुजावर व अपने आवास समेत कई संस्थानों में ध्वजारोहण किया। तहसील प्रांगण में एसडीएम शुभम यादव ने, नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा अधीक्षक डॉ मुकेश कुमार ने, कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक राजकुमार ने तिरंगा फहराया। इसी क्रम में नगर के मोहल्ला न्यू कटरा स्थित आरआरडीएस इंटर कॉलेज में प्रबंधक पीके सैनी, नगर के संडीला मार्ग स्थित आरएस इंटर कॉलेज में प्रबंधक सैयद मोहम्मद रिजवान ने, एमएसबी एजुकेशन सेंटर में प्रबन्धक सय्यद मोहम्मद गयासुद्दीन ने, इंदिरा गांधी राजकीय महाविद्यालय में प्रचार्य सदानंद राय ने, श्री विशंभर दयाल त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य कृष्णकांत दुबे ने तथा अंशिका फिलिंग स्टेशन पर अविनाश शर्मा ने ध्वजारोहण किया। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय ततियापुर में मनीराम यादव प्रधान, कांटा गुल्जारपुर में प्रधान प्रतिनिधि आरिफ जमा, प्राथमिक विद्यालय कमलापुर में प्रतिमा बाजपेई प्रधान तथा भगवंत पुर गोटपाली विद्यालय में अमित दिवाकर प्रधान ने झंडा फहराया।



आरएस स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार


नगर पंचायत सफीपुर में ध्वजारोहण करतीं अध्यक्ष गरिमा बाजपेई। अमृत विचार

## जगह-जगह किया ध्वजारोहण

संवाददाता, सफीपुर

**अमृत विचार।** कस्बे व आसपास क्षेत्र में 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शासकीय-अशासकीय कार्यालय और स्कूलों में शान से तिरंगा झंडा फहराया गया। सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा की मनमोहक धुन के साथ जगह जगह पर प्रभात फेरी के साथ ही साथ कई कार्यक्रम किए गये। सफीपुर तहसील परिसर में बार एसोशिएसन भवन ,तहसील कार्यालय ,विकास खंड कार्यालय ,नगर पंचायत कार्यालय, सीएचसी परिसर, कोतवाली परिसर सहित क्षेत्र के विभिन्न सरकारी व प्राइवेट विद्यालयों में सुबह तिरंगा फहराया गया। बार एसोसिएशन भवन में सिविल जूनियर डिवीजन जज के साथ अध्यक्ष यस्पतेंद्र सिंह, महामंत्री श्याम सुंदर यादव, उपाध्यक्ष संजीव शुक्ला, पूर्व महामंत्री हरिप्रकाश कुशवाहा ने ध्वजारोहण किया। तहसील कार्यालय में एसडीएम नवीन चंद्र ने तहसीलदार व अन्य कर्मचारियों के साथ ध्वजारोहण किया। नगर पंचायत में अध्यक्षा गरिमा बाजपेई, प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई व अधिशाषी अधिकारी विनीत श्रीवास्तव, लिपिक होरीलाल सहित सभासद व कर्मचारियों के साथ ध्वजारोहण किया। सीएचसी में सीएचसी प्रभारी एसीएमओ राजेश कुमार वर्मा, चिकित्सक ब्रजेश सिंह आदि कर्मचारियों के साथ ध्वजारोहण किया ।सफीपुर विकास खंड कार्यालय में एडीओ पंचायत छोटेलाल के साथ ग्राम पंचायत अधिकारियों व कर्मचारियों ने झंडारोहण कार्यक्रम किया। इसी क्रम में कोतवाली परिसर में व क्षेत्राधिकारी कार्यलय पर ही सीओ ऋषिकान्त शुक्ला ने ध्वजारोहण किया। प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह के नेतृत्व में सलामी दी गई। महात्मा गाँधी इंटर कालेज में प्रबंधक गुलाब चंद्र, प्रधानाचार्य शरीफ खान, एनसीसी ऑफिसर सुभाष चंद्र, कुलदीप पटेल सहित एनसीसी कैडेट एवं अध्यापक मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय ध्वज फहराया और ली परेड की सलामी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- राज्य मंत्री अजीत पाल ने परेड की सलामी लेकर अधिकारियों व जवानों को दिए मेडल

**अमृत विचार।** शुक्रवार को जिले में हर्षोल्लास से गणतंत्र दिवस मनाया गया। कलक्ट्रेट सहित सभी सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों सहित शिक्षण व निजी संस्थाओं की ओर से भी ध्वजारोहण किया गया। मुख्य समारोह पुलिस लाइन परिसर में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री अजीत पाल ने परेड की सलामी लेते हुए विशिष्ट सेवाओं के लिए अधिकारियों सहित पुलिस जवानों को सम्मानित भी किया।

मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। साथ ही परंपरागत ढंग से सजाए गए वाहन पर सवार होकर परेड का निरीक्षण व मान प्रणाम स्वीकार किया गया। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने जवानों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि ने सभी को राष्ट्रीय पर्व पर शुभकामनाएं देते हुए तमाम शहीदों का नमन किया। उन्होंने देश व समाज की अखंडता बनाए रखने में सभी के सहयोग का आह्वान किया। परेड में पुरुष और महिला पुलिसकर्मियों की टोलियों के अलावा आपात सेवा 112 के दो व चार पहिया वाहन (पीआरवी), श्वान दल, दंगा नियंत्रण वाहन, फायर सर्विस व मिशन शक्ति टीम आदि शामिल रहीं। डीएम अपूर्वा दुबे, सीडीओ ऋषिराज, एडीएम वित्त एवं राजस्व नरेंद्र सिंह, एडीएम न्यायिक विकास सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अरुण मणि तिवारी व एएसपी आदि परेड में शामिल जवानों की हौसला-अफजाई करते रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि राज्यमंत्री ने एसपी को आईजी की ओर से दिए गए पुलिस सेवा में सराहनीय योगदान के लिए प्रशंसा चिन्ह (स्वर्ण) प्रदान किया गया। प्रथम कमांडर सीओ पुरवा सोनम सिंह, द्वितीय कमांडर उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस नशरुद्दीन, तृतीय कमांडर उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस चंद्रवीर सिंह सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उप निरीक्षक नागरिक पुलिस संतोष कुमार राय के नेतृत्व वाली टोली नंबर दो को प्रथम, महिला उप निरीक्षक प्रियंका चौधरी के नेतृत्व वाली टोली नंबर पांच को द्वितीय, उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस नेक मोहम्मद खां के नेतृत्व वाली टोली नंबर एक को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने जिले में सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को गृह मंत्रालय भारत सरकार की ओर से प्रदत्त अति उत्कृष्ट सेवा पदक, उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान किए। साथ ही पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदत्त सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह-प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। अच्छे रिस्पांस टाइम के लिए अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश यूपी 112 मुख्यालय, लखनऊ द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र पुलिसकर्मियों को प्रदान किए। इस दौरान आमजन की मदद करने वाले कालरों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

परेड का जोश भरा संचालन उपनिरीक्षक भगत सिंह और महिला मुख्य आरक्षी दिव्या अवस्थी ने किया। एसपी ने स्वयं सम्मानित किया। अंत में स्कूली छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वामा सारथी जिला अध्यक्ष इंदिरा मीना, एएसपी अखिलेश सिंह व सभी के अलावा अन्य विशिष्ट लोगों की उपस्थिति कार्यक्रम को गौरवपूर्ण बनाए रही। समन्वयन में परिवार परामर्शदाता डा. आशीष श्रीवास्तव, डा.मनीष सिंह सेंगर, परिवार कल्याण प्रकोष्ठ की सुरेखा शर्मा व संगीत वर्मा आदि का विशेष सहभागिता रही।



ध्वजारोहण करतीं डीएम अपूर्वा दुबे, सम्मानित करते राज्य मंत्री अजीत पाल। अमृत विचार

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए 150 छात्र-छात्राएं पुरस्कृत

गणतंत्र दिवस पर कई विद्यालयों ने बहुरंगी सांकृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए विभिन्न विद्यालयों के 150 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। पैट्रियाट इंटर कॉलेज, उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरी पीपर खेड़ा, किंग्सन इंटर कॉलेज, विवेकानंद इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, चंद्रशेखर आज़ाद इंटर कॉलेज, राइजिंग डांस स्कूल के बच्चों ने एक से बढ़कर एक देशभक्तिपूर्ण प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री अजीत सिंह पाल, डीएम अपूर्वा दुबे, एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना व वामा सारथी अध्यक्ष इंदिरा मीना सहित मौके पर मौजूद सभी लोग एक के बाद एक करतल ध्वनि करते हुए प्रस्तुतियों की सराहना करते रहे। मुख्य अतिथि सहित अधिकारियों ने सभी बच्चों को उपहार, प्रमाणपत्र भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। मुख्य अतिथि व एसपी ने संयुक्त रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के समन्वयकों डा .आशीष श्रीवास्तव व डा . मनीष सिंह सेंगर को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। प्रतिसार निरीक्षक अब्दुल रशीद ने पुलिस लाइन स्टाफ की ओर से निर्णायक मंडल प्रमुख इंदिरा मीना को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी तरह निर्णायकों में शामिल अबरार हुसैन, सबीहा उमर व शिल्पी श्रीवास्तव, मुख्य महिला मुख्य आरक्षी सुरेखा शर्मा, महिला मुख्य आरक्षी संगीता वर्मा को इंदिरा मीना ने प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। महिलाओं व बच्चों के लिए बैठने की सुव्यवस्थित व्यवस्था कराने के लिए महिला प्रकोष्ठ प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह व प्रतिसार निरीक्षक अब्दुल रशीद की एसपी ने विशेष सराहना की।


ध्वजारोहण करते एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना। अमृत विचार


समस्त जनपदवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
!! जय श्री राम !!
!! भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद !!
!! भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद !!
मोरि सुधारिहि सो सब भाँती। जासु कृपा नहिं कृपाँ अघाती।।
राम सुस्वामि कुसेवकु मोसो। निज दिसि देखि दयानिधि पोसो।।
अयोध्या में
श्री रामलला जी के
प्राण प्रतिष्ठा
पर समस्त देशवासियों को
हार्दिक
शुभकामनायें
सौरभ गुप्ता
चेयरमैन प्रतिनिधि
मिताली गुप्ता
नगर पंचायत अध्यक्ष
तिर्वागंज कन्नौज
जय श्री राम
जय श्री राम
शुभ्रान्त शुक्ल
जिलाधिकारी, कन्नौज
आशीष सिंह
एडीएम कन्नौज
उमेश कुमार सिंह
अधिशाषी अधिकारी
सम्मानित सभासदगण
अवकाश अवस्थी सुभाष नगर
अवनीश कुमार बौद्ध नगर
आशा देवी अशोक नगर
ऊषा देवी गांधी नगर
कुसुम देवी इंद्रा नगर
कृष्ण प्रताप सिंह कालिका नगर
पूजा अम्बेडकर नगर
दीपक कुमार अन्नपूर्णा नगर
निधि गुप्ता शास्त्री नगर
गायत्री देवी जवाहर नगर
महलका परवीन आज़ाद नगर
विकास गुप्ता मंडी बाजार
विजय कुमार लोहिया नगर
सतेंद्र कुशवाहा दुर्गा नगर
सौरव कुमार रानीअवंती बाई नगर
निवेदक - नगर पंचायत अध्यक्ष, सम्मानित सभासदगण एवं समस्त मतदातागण तिर्वागंज कन्नौज

## एक नजर

### तीन आईएएस के तबादले कार्यों में फेरबदल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव से पहले उप्र में तबादलों का सिलसिला जारी है। शनिवार को तीन आईएएस के तबादले किए गए। आईएएस बी. चन्द्रकला को सचिव पंचायती राज से सचिव महिला कल्याण बनाया गया है। चन्द्रकला से अपर निबंधक सहकारिता का प्रभार भी हटाया गया है। वहीं, छुट्टी से लौटे अनुराग यादव को सचिव नियोजन बनाया गया है। प्रमुख सचिव सहकारिता बाबूलाल मीना के छुट्टी पर जाने के चलते सचिव कृषि राजशेखर को सहकारिता विभाग का अतिरिक्त चार्ज सौंपा गया है।

# 28 .86 करोड़ से देवारघाट का कायाकल्प करेगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर निर्माण कार्यों को मिली स्वीकृति
- पहली किस्त के रूप में 10.10 करोड़ आवंटित

**अमृत विचार :** प्रदेश के समेकित विकास का खाका खींच रही प्रदेश सरकार ने अब सुल्तानपुर में गोमती नदी किनारे स्थित देवारघाट के कायाकल्प की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर देवारधाट पर सेतु, उस तक पहुंचने के मार्ग व सुरक्षात्मक कार्यों के निर्माण के लिए 28.86 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। पहली किस्त के तौर पर 10.10 करोड़ की धनराशि जारी की गई है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग और सेतु निगम ने मिलकर तैयारियां शुरू कर दी हैं।

उल्लेखनीय है कि सुल्तानपुर को प्रभु श्रीराम के पुत्र महाराज कुश की स्थली के तौर पर जाना जाता है। यहां माता सीता की विश्राम स्थली के तौर पर विख्यात सीताकुंड घाट का पहले ही सरकार सौंदर्यीकरण करा चुकी है और अब अगले पड़ाव के तौर देवारघाट के सौंदर्यीकरण, सेतु निर्माण समेत कनेक्टिंग रोड के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। सुल्तानपुर में भी देवारघाट घाट का सौंदर्यीकरण ही नहीं होगा, बल्कि सेतु व पहुंच मार्ग का भी निर्माण होगा।

# संविधान हमारे लिए सर्वोपरि: मुख्यमंत्री

## राजधानी में आयोजित परेड समारोह में शामिल हुईं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और योगी आदित्यनाथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राम मंदिर की झांकी ने दर्शकों का मन मोहा
- मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने गुब्बारे उड़ाकर दी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

**अमृत विचार :** 75वें गणतंत्र दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर तिरंगा फहराया और प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। शुक्रवार को अपने संबोधन में उन्होंने कहा, हमारा संविधान हमारे लिए सर्वोपरि है। ये हमें आग्रही बनाता है कि हर कार्य देश के नाम होना चाहिए। दुनिया के इस सबसे प्राचीनतम राष्ट्र के प्रति हम अपने संविधान के जरिए श्रद्धा का भाव प्रकट करते हैं। योगी ने इस अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और संविधान शिल्पी बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को भी नमन किया।

दूसरी ओर, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने विधानभवन पर तिरंगा फहराया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। वहीं भारतीय सेना और प्रदेश की सुरक्षा में तैनात विभिन्न सुरक्षा बलों द्वारा राज्यपाल के समक्ष परेड कर सलामी दी गई। विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। महिला होमगाड्र्स के मोटरसाइकिल दस्ते ने भी साहसिक प्रदर्शन किया। साथ ही फायर ब्रिगेड और डायल 112 ने भी परेड में अपने दम-खम का प्रदर्शन किया। इस दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा राममंदिर की झांकी ने सबका मन मोह लिया। रामलला को समर्पित इस झांकी को देखकर परेड स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।



राजधानी में गणतंत्र दिवस परेड कार्यक्रम में राष्ट्रगान के दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी व अन्य।

# भाजपा ने तय किया लोगों से सीधे संवाद का लक्ष्य

## मुख्यमंत्री से लेकर कार्यकर्ता तक गांव में करेंगे प्रवास, 4 से 11 फरवरी तक चलेगा गांव चलो अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को गांव चलो अभियान की कार्ययोजना तय कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, दोनों उप मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, पदाधिकारी समेत हर कार्यकर्ता को 4 फरवरी से 11 फरवरी तक गांव में 24 घंटे प्रवास करना अनिवार्य होगा। पार्टी ने प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने के लिए 26 करोड़ प्रदेशवासियों से सीधा संवाद का लक्ष्य रखा है।

लखनऊ के विश्वैश्वरैया प्रेक्षागृह में शनिवार को गांव चलो अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला एवं लोकसभा चुनाव की तैयारी बैठक में तय हुआ कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, दोनों उप मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर सहित पार्टी के सभी पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता गांव में प्रवास करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार की सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण की योजनाएं और विकसित भारत का विजन लेकर गांव, मजरों, टीलों, चौपालों तथा बूथों पर चर्चा करेंगे।

बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय सह महामंत्री (संगठन) शिव प्रकाश ने कहा कि सक्षम कार्यकर्ता गांव में प्रवास के दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से सम्पर्क, बूथ समितियों तथा पन्ना प्रमुखों से संवाद, घर-घर सम्पर्क करते हुए विकसित भारत का विजन तथा देश में परिवर्तन के कारकों के साथ प्रवास के दौरान चर्चा करेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि अभियान के माध्यम से 26 करोड़ लोगों तक सीधा संवाद करना है।

राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने कहा कि गांव चलो अभियान के तहत देश के 7 लाख गांवों में जनता से 24 घंटे प्रवास के माध्यम से सम्पर्क करना है। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि गांव चलो अभियान की प्रदेश कार्यशाला के पश्चात 30 जनवरी को प्रदेश के सभी संगठनात्मक जिलों में जिला कार्यशालाओं के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। अभियान के तहत 1 और 2 फरवरी को मंडल की कार्यशालाएं सम्पन्न होंगी। अभियान के तहत ग्राम संयोजक व ग्राम प्रवासी तय किये जाएंगे, जो डोर टू डोर-मैन टू मैन कनैक्टिविटी की माइक्रोप्लानिंग पर काम करेंगे। प्रवास के दौरान स्वच्छता अभियान, शहीदों के परिजनों का सम्मान, खिलाड़ियों, अधिवक्ताओं, शिक्षकों सहित विभिन्न कार्य क्षेत्रों से जुड़े लोगों से सम्पर्क करना है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत नमो एप पर विकसित भारत एम्बेसडर बनाने का भी काम करना है।

बैठक में प्रदेशभर के जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिला अभियान संयोजक शामिल रहे।




भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित बैठक में उपस्थित पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, मंत्री सुरेश खन्ना व अन्य।

### 31 तक खुल जाएगा पार्टी का लोकसभा कार्यालय

भाजपा की राज्य मुख्यालय पर शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय हुआ कि 31 जनवरी तक लोकसभा चुनाव कार्यालय खुलेगा, साथ ही लोकसभा और विधानसभा चुनाव संचालन समिति के गठन का कार्य पूरा किया जाएगा। आगामी कार्यक्रमों, अभियानों और लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अन्य कार्यक्रमों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। कलस्टर प्रभारी, लोकसभा संयोजक/प्रभारी, जिलाध्यक्ष और जिला प्रभारियों को मिशन-80 को लेकर लक्ष्य दिया गया। बैठक को राष्ट्रीय सहमहामंत्री (संगठन) शिव प्रकाश, राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने सम्बोधित किया। संचालन प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने किया।

### पांडा के प्रभारी बनने पर दीं शुभकामनाएं

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा को राज्य का लोकसभा चुनाव प्रभारी नियुक्त किए जाने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी सीटों पर प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज होगी।

# प्राण प्रतिष्ठा के बाद गोरखपुर पहुंचे योगी का भव्य स्वागत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राम पताका लहराकर झूमे-नाचे युवा, बुजुर्ग, महिलाएं व बच्चे

**अमृत विचार :** रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आयोजन के बाद पहली बार गोरखधाम पहुंचे गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्थानीय लोगों ने धूमधाम से स्वागत किया।

एयरपोर्ट से लेकर गोरखनाथ मंदिर तक मानव श्रृंखला के बीच मुख्यमंत्री के काफिले का आगे बढ़ना रोड शो जैसा था। मंदिर परिसर में प्रवेश तक हर उम्र के लोगों ने पुष्प वर्षा कर व केसरिया ध्वज लहराकर मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। वहीं, श्रीरामजानकी हनुमान मंदिर के सामने लोक कलाकारों ने गायन व नृत्य के बीच लोक परंपरा जीवंत कर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। कई जगहों पर एनसीसी व स्काउट के कैडेट्स ने बैंड की धुन के बीच स्वागत किया।

मुख्यमंत्री इसके बाद वह ब्रह्मलीन पीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर गए और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इन्हीं भावों के साथ योगी ने अयोध्याधाम से धारण किए श्रीराम नाम की पट्टिका गुरु प्रतिमा पर श्रद्धाभाव से समर्पित कर दी। सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, चरगांवा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह, पूर्व प्रमुख ईश्वरचंद जायसवाल, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास आदि मुख्यमंत्री के स्वागत में शामिल रहे।

# अयोध्या में 3570 करोड़ से बनेगी 68 किमी ग्रीनफील्ड

## राम मंदिर में जुट रही भारी भीड़ से बदलेगी अयोध्या की तस्वीर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एनएचएआई ने चार व छह लेन हाइवे के लिए मांगा ऑनलाइन टेंडर

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद उमड़ रही भक्तों की अप्रत्याशित भीड़ के मद्देनजर एनएचएआई ने 68 किमी ग्रीनफील्ड बाईपास के निर्माण की कवायद शुरू कर दी है। यह लखनऊ, बस्ती और गोंडा की सड़कों से जुड़ेगा। इसपर 3570 करोड़ खर्च का अनुमान है। इसके लिए नई दिल्ली कार्यालय से ऑनलाइन टेंडर भी आमंत्रित किया गया है। बाईपास चार लेन और कहीं-कहीं छह लेन होगा।

अयोध्या और आसपास के इलाकों में भीड़भाड़ कम करने के अपने प्रयास में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय सक्रिय हो गया है। 3570 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 68 किलोमीटर लंबे ग्रीनफील्ड बाईपास के निर्माण की योजना बनाई गई है। इसकी केंद्र से विशेष मंजूरी मिलने के साथ एनएचएआई ने बाईपास हाइवे के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। अयोध्या बाईपास परियोजना कई जिलों में आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान करेगी।

पीएम गतिशक्ति के तहत अयोध्या बाईपास परियोजना को गति दी जा रही है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि उप्र में 67.57 किलोमीटर लंबी अयोध्या बाईपास परियोजना का क्रियान्वयन पीएम गतिशक्ति के तहत हो रहा है। यह परियोजना निर्बाध माल परिवहन की सुविधा प्रदान करेगी और अयोध्या में भीड़ को कम करने का काम करेगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि यह बाईपास लखनऊ, बस्ती और गोंडा जैसे प्रमुख जिलों को कवर करेगा। यह परियोजना इन तीन जिलों में पर्यटक और तीर्थ स्थलों सहित आर्थिक, सामाजिक और लॉजिस्टिक से जुड़े विभिन्न संपर्क व्यवस्था की कनेक्टिविटी में सुधार की सुविधा प्रदान करेगी।

# जाली नोटों के दो तस्करों को एटीएस ने किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बांग्लादेश में छपे नोट बंगाल के रास्ते यूपी लाकर करते थे सप्लाई
- वाराणसी में पकड़े गए तस्कर 97,500 जाली नोट बरामद

**अमृत विचार :** आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने बांग्लादेश में छापे गए जाली नोटों के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह पश्चिम बंगाल से फरक्का-मालदा के रास्ते जाली नोटों की सप्लाई उप्र में कर रहा था। पकड़े गए दोनों तस्करों के पास 97,500 रुपये भारतीय जाली मुद्रा बरामद की गई है। हालांकि एटीएस ने अभी इस बात का खुलासा नहीं किया है कि यह जाली नोट वाराणसी में किसे देने थे।

एटीएस के मुताबिक, शनिवार की सुबह प्रतापगढ़ निवासी दीपक कुमार व चंदन सैनिक को वाराणसी-आजमगढ़ रोड स्थित एक डिग्री कॉलेज के पास गिरफ्तार किया गया। दोनों पश्चिम बंगाल के फरक्का से जाली नोट लेकर वाराणसी पहुंचे थे। पूछताछ में सामने आया कि दोनों जाली नोटों की सप्लाई दूसरे जिलों में भी करते थे। एटीएस के अनुसार, दोनों शातिर तस्कर हैं और इस धंधे में काफी समय से जुड़े हुए हैं। दोनों इसके पहले गांजा तस्करी और वाहन चोरी में भी जेल जा चुके हैं। एटीएस यह पता लगाने में जुटी है कि यह जाली नोट वाराणसी में किसे दिए जाने थे और पश्चिम बंगाल के किन तस्करों से इन्हें जाली नोट सप्लाई की जा रही थी। इस बाबत मिले तथ्यों के आधार पर कुछ अन्य तस्करों की तलाश की जा रही है।

## पहली गर्भनिरोधक गोली 'सहेली' के जनक पद्मश्री डॉ. नित्यानंद का निधन

**अमृत विचार, लखनऊ :** देश की पहली गर्भनिरोधक गोली 'सहेली' के जनक व सीडीआरआई के पूर्व निदेशक पद्मश्री डॉ. नित्यानंद का निधन हो गया। 99 साल के डॉ. नित्यानंद तबीयत बिगड़ने के बाद 29 नवंबर को एसजीपीजीआई के आईसीयू में भर्ती किया गया था। तभी से उनका इलाज एक्सपर्ट डॉक्टरों की निगरानी में चल रहा था। इस बीच इन्फेक्शन बढ़ने के साथ उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट भी दिया गया। शनिवार को इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। डॉ. नित्या आनंद केजीएमयू की कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद के पिता हैं। उनके निधन से केजीएमयू, लोहिया संस्थान समेत सीडीआरआई जैसे संस्थानों में शोक की लहर दौड़ गई। उनका पार्थिव शरीर निरालानगर स्थित उनके आवास पर रखा गया है। जहां उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और मुख्यमंत्री के सलाहकार व भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक डॉ. जीएन सिंह सहित कई नेता व वैज्ञानिक श्रद्धांजलि देने पहुंचे। उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार सोमवार को किया जाएगा। औषधि अनुसंधान संस्थान (सीडीआरआई), लखनऊ के सेवानिवृत्त निदेशक डॉ. नित्यानंद औषधि खोज एवं विकास अनुसंधान के क्षेत्र में एक जानी-मानी हस्ती थे।

## वर्ग पहेली-325

**बाएं से दाएं**

2. 1. शुचि या शुद्ध होने की अवस्था
4. 1. मुंह
5. 1. एक ही चीज़ खाकर रहने का व्रत या प्रतिज्ञा 2. दिन या रात में एक ही बार भोजन करने का व्रत या नियम।
7. 1. कच्चेपन की गंध 2. किसी फल अथवा अन्य खाद्य-पदार्थ के कच्ची अवस्था में रहने पर निकलने वाली गंध अथवा महक।

**ऊपर से नीचे**

1. देवदार का वृक्ष।
3. पक्षियों का शिकार करने वाला व्यक्ति, बहेलिया।
4. 1. शेर या बाघ का गरजन, गर्जना 2. रोते समय ज़ोर से चिल्लाने का शब्द, चीत्कार, आर्तनाद 3. डांट।
5. एक से अधिक, अनेक।
6. 1. किसी रोग या रक्तविकार के कारण चेहरे या शरीर पर पड़ने वाले हलके काले धब्बे या दाग 2. काली छाया, परछाईं 3. झलक, आभा 4. अंधकार 5. छल, धोखा 6. प्रतिध्वनि। (मु.)-देना : इधर-उधर की बातें कह कर धोखा देना।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | ■ | 2 | 3 | |
| | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| | ■ | ■ | 4 | | |
| ■ | 5 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | 6 |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | 7 | | | | ■ |

### वर्ग पहेली - 324 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 पु | ता | ई | ■ | ■ | 2 ब |
| ■ | ■ | ■ | 3 गि | लो | य |
| 4 अ | ड़ | ब | ल | ■ | ना |
| ■ | ■ | ■ | ह | ■ | ■ |
| 5 स | ह | च | री | ■ | 6 फ़ा |
| मि | ■ | ■ | ■ | ■ | र |
| 7 ध | म | ध | म | ■ | स |

## सुडोकू -42

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 7 | 8 | 4 | | 3 |
| | | 6 | 3 | | 2 | | | |
| 8 | | | 6 | | 1 | 9 | | |
| | | | | 5 | | | 9 | |
| | | 4 | | | | 7 | | |
| | 2 | | | 3 | | | | |
| | | 7 | 4 | | 9 | | | 6 |
| | | | | | 3 | 5 | | |
| 6 | | 3 | 8 | 1 | | | 7 | |

### सुडोकू - 41 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 | 9 |
| 1 | 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 6 | 3 |
| 3 | 2 | 4 | 9 | 1 | 6 | 8 | 7 | 5 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 3 | 7 | 1 | 9 | 6 |
| 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 | 7 | 5 | 2 |
| 6 | 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 3 | 8 | 4 |
| 4 | 9 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 |
| 5 | 1 | 6 | 8 | 4 | 3 | 9 | 2 | 7 |
| 7 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 जनवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 29 जनवरी 06.10 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.41 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-16.18-17.01 तक। दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मघा 15.53 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** — आज आपकी मन :स्थिति विचलित हो सकती है। मांगलिक कार्य की योजना बनाने की योजना बनाएंगे। स्वार्थी व्यवहार के कारण प्रेमीजन आपसे खिन्न हो सकता है। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जिम्मेदारियों के बोझ तले दब सकते हैं।

**वृष** — आज बीती हुई नकारात्मक बातें पुन : तूल पकड़ सकती हैं। बच्चों को पेट में इंफेक्शन की समस्या हो सकती है। अपनी रुचि के अनुसार काम करने का प्रयास करें। जॉब में आप काफी निष्ठापूर्वक काम करेंगे। शत्रुओं के ऊपर विजय मिलेगी।

**मिथुन** — आज विदेश यात्रा में आ रही रुकावट दूर होगी। मानसिक रूप से शांति का अनुभव करेंगे। मित्रों के माध्यम से आपको धन लाभ हो सकता है। अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन बहुत सुखद रहेगा।

**कर्क** — आज व्यापार में बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। अनैतिक कार्यों से आपको दूर रहना चाहिए। आपको कर्ज लेने से बचना चाहिए। परिजनों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें।

**सिंह** — आज आय के साधनों में वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन सामान्य रहेगा। पुराने मामलों का निपटारा हो सकता है। धन से जुड़े मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे। घर के कार्यों में आपका मन नहीं लगेगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कन्या** — आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर हो सकती है। अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। काम की उलझनों के कारण आप कुछ परेशान रहेंगे। अपरिचित लोगों से ज्यादा मेलजोल न रखें। परिजनों के व्यवहार से मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला** — आज समय की अनुकूलता का लाभ उठाएं। बॉस आपका प्रोत्साहन बढ़ाएंगे। अव्यावहारिक लक्ष्य प्राप्त करने की कोशिश करेंगे। पिता के प्रति आदर का भाव बढ़ेगा। दिखावे के लिए धन खर्च कर सकते हैं। जरूरतमंद लोगों की मदद करने से पीछे न हटें।

**वृश्चिक** — आज सरकारी कार्यों में रुकावट आ सकती है। काम की उलझनों के कारण आप फंस सकते हैं। शरीर में थकावट और कमजोरी हो सकती है। आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। प्रेम संबंधों में एक दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखें।

**धनु** — आज नई नौकरी शुरू करने के लिए समय उत्तम है। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहने वाला है। समाज में आपके संपर्क का दायरा बढ़ेगा। कारोबार में इच्छित परिणाम प्राप्त होंगे। परिवार में आपकी स्थिति मजबूत होगी।

**मकर** — आज अनावश्यक खर्चों की चिंता मन में रहेगी। नकारात्मक बातों को ज्यादा तूल न दें। अधीनस्थ कर्मचारियों पर ज्यादा भरोसा न करें। आप कहीं घूमने जा सकते हैं। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से बचें। जीवनसाथी को पर्याप्त समय देंगे।

**कुंभ** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जल्दबाजी और गुस्से के कारण काम खराब हो सकते हैं। मन में नए-नए विचार उत्पन्न होंगे। अपनी सोच का दायरा विस्तृत रखें। परिवार में आपके सद्गुणों की प्रशंसा होगी।

**मीन** — आज परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। आपको गुप्त शत्रुओं से भय हो सकता है। शुभ समाचार मिल सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। घर का माहौल अनुशासित और मर्यादित रहने वाला है।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- शान — सुबह : 11.39
- अनाड़ी — रात : 07.00

Sony Max
- पानीपत — सुबह : 10.11
- पीकू — रात : 09.04

Sony Pix
- रेडी प्लेयर वन — सुबह : 09.42
- ए मैन कॉल्ड ओटो — रात : 09.00

Zee Cinema
- बार बार देखो — सुबह : 10.30
- ऑपरेशन रोमियो — रात : 07.30

Colors Cineplex
- गोलमाल 3 — सुबह : 09.37
- ए दिल है मुश्किल — दोपहर : 03.39

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-09.04 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

लड़की का एक्सीडेंट हो गया।
डॉक्टर - आपके पैर खराब हो गए हैं।
लड़की - क्या ये सही नहीं होंगे?
डॉक्टर - नहीं इनको काटना पड़ेगा।
लड़की - ओह! नो अब मैं क्या करुंगी?
डॉक्टर -धीरज रखिए, ईश्वर सब ठीक करेगा।
लड़की- अरे मुझे उसकी टेंशन नहीं है। मैंने कल ही नया सैंडल खरीदा है और उस दुकान पर लिखा था- "बिका माल वापस नहीं होगा"।

डॉक्टर-चश्मा किसके लिए बनवाना है?
बब्लू- टीचर के लिए।
डॉक्टर- पर क्यों?
बब्लू- क्योंकि उन्हें मैं हमेशा गधा ही नजर आता हूं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# विधायिका की छवि उसके सदस्यों के आचरण पर निर्भर: प्रधानमंत्री मोदी

## प्रधानमंत्री ने 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन को किया संबोधित

मुंबई, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उन्हें खुशी है कि संसद और राज्य विधायिकाएं 'एक राष्ट्र, एक विधान मंच' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने यहां 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक दल अपने सदस्यों के आपत्तिजनक व्यवहार पर अंकुश लगाने के बजाय उनके समर्थन में उतर आते हैं। उन्होंने कहा कि यह संसद या विधानसभाओं के लिए अच्छी बात नहीं है। क्योंकि विधायिका की छवि उसके सदस्यों के आचरण पर निर्भर है।

प्रधानमंत्री ने कहा-वर्ष 2021 में, आपके साथ चर्चा के दौरान मैंने 'एक राष्ट्र, एक विधान मंच' के बारे में बात की थी। मुझे खुशी है कि हमारी संसद और राज्य विधानसभाएं अब ई-विधान और डिजिटल संसद मंचों के माध्यम से इस लक्ष्य पर काम कर रही हैं। 'एक राष्ट्र, एक विधान मंच' परियोजना का उद्देश्य सभी विधानमंडलों की कार्यवाही को एक ही डिजिटल मंच पर उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि विधायिका की छवि उसके सदस्यों के आचरण पर निर्भर करती है। मोदी ने कहा-एक समय था जब सदन में अगर कोई सदस्य नियम तोड़ता था और उसके खिलाफ कार्रवाई होती थी ताकि वह गलती को न दोहराएं।

### मोदी ने युवाओं से कहा-आप विकसित भारत के वास्तुकार



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अपनी सरकार द्वारा उठाये गये कई कदमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उसने युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाया है और एक विकसित भारत के उनके सपनों को पूरा करेगा। उन्होंने यहां वार्षिक एनसीसी-पीएम रैली में युवाओं से कहा- आप एक विकसित भारत के वास्तुकार हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं पहले सांस्कृतिक कार्यक्रमों तक ही सीमित थीं लेकिन उनकी सरकार ने तीनों सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों को उनके लिए खोल दिया है और वे हर जगह अपनी छाप छोड़ रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में केंद्रीय सुरक्षा बलों में महिलाओं की संख्या दोगुनी हो गई है और कहा कि राज्यों को भी इसी तरह के रास्ते पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### भारतीय सेना में पहली सूबेदार बनीं प्रीति रजक

नई दिल्ली। भारतीय सेना में पदोन्नत होने के बाद हवलदार प्रीति रजक शनिवार को सूबेदार का पदल हासिल करने वाली पहली महिला बन गईं हैं। वह एक चैंपियन ट्रैप शूटर हैं। सूबेदार रजक दिसंबर 2022 में सेना की सैन्य पुलिस कोर में शामिल हुई थी। सेना ने कहा- भारतीय सेना के साथ-साथ देश की महिलाओं के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है। आज ट्रैप शूटर हवलदार प्रीति रजक को सूबेदार के पद पर पदोन्नत किया गया। उसने कहा- सूबेदार प्रीति रजक अब भारतीय सेना की पहली महिला सूबेदार हैं। उनकी उपलब्धि नारी शक्ति का एक असाधारण प्रदर्शन है।" वह शूटिंग में हवलदार के रूप में सेना में नामांकित पहली मेधावी खिलाड़ी थीं। रजक ने चीन के हांगझाउ में आयोजित 19वें एशियाई खेलों के दौरान ट्रैप में महिला टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता था।

मनाया गया भारत पर्व 2024...



नई दिल्ली में शनिवार को लाल किले पर भारत पर्व 2024 के दौरान लोक कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति। ● एजेंसी

## एक नजर

### मणिपुर में हुई गोलीबारी एक ग्रामीण की मौत

इंफाल। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में शनिवार सुबह दो सशस्त्र समूहों के बीच मुठभेड़ में एक ग्रामीण स्वयंसेवक की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। मुठभेड़ तब शुरू हुई, जब हथियारबंद बदमाश सतांग कुकी के पहाड़ी गांव में घुस आए और उन्होंने बंदूकों और बम से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि सतांग गांव में अतिरिक्त बलों के पहुंचने के बाद हमलावर पीछे हट गए, जिसके बाद लड़ाई रुक गई।

### तालाब खुदाई के दौरान मिट्टी ढहने से 7 घायल

जींद। हरियाणा के जींद में तालाब की खुदाई कर रही 7 महिला मजदूर अचानक से मिट्टी ढहने की वजह से उसके नीचे दब गईं। मिट्टी के नीचे दबी महिलाओं को बाहर निकालकर नागरिक अस्पताल ले लाया गया, जहां एक महिला को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे गई जबकि 6 महिलाएं उपचाराधीन हैं। एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक, जींद के ईगराह गांव में स्थित तालाब की खुदाई के कार्य के लिए मनरेगा मजदूरों को लगाया गया था। कुछ महिलाएं शनिवार सुबह धूप सेंकने के लिए पास ही मिट्टी के ढेर के पास बैठ गईं कि तभी मिट्टी का ढेर अचानक से खिसक गया था।

## आप के 7 विधायकों को खरीदने, दिल्ली सरकार को गिराने का रचा जा रहा षड्यंत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच पर लगाया आरोप

आम आदमी पार्टी ने शनिवार को आरोप लगाया कि भाजपा ने दिल्ली में उसकी सरकार को गिराने के लिए उसके सात विधायकों को 25-25 करोड़ रुपये देने की पेशकश की है। वहीं, भाजपा की दिल्ली इकाई ने इन आरोपों का खंडन किया और उन सात विधायकों तथा इस प्रस्ताव के साथ उससे संपर्क करने वालों के नाम सार्वजनिक करने की आप को चुनौती दी।

आप ने दावा किया कि पार्टी के एक विधायक से संपर्क करने वाले व्यक्ति की रिकॉर्डिंग उपलब्ध है और जिसे बाद में जारी किया जाएगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि ''इन्होंने'' (भाजपा) उनकी पार्टी के सात विधायकों से संपर्क किया और उन्हें चेतावनी दी कि आप संयोजक को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। केजरीवाल ने कहा, ''पिछले दिनों इन्होंने दिल्ली के हमारे सात विधायकों से संपर्क कर कहा- 'कुछ दिन बाद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लेंगे। उसके बाद विधायकों को तोड़ेंगे'।'' भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पलटवार करते हुए कहा, ''इससे पता चलता है कि केजरीवाल राजनीतिक



रूप से कितने हताश हो गए हैं। उनका यह निराधार आरोप खुद को राजनीतिक रूप से जिंदा रखने की कोशिश है। यह आरोप उनके मानसिक दिवालियापन को दर्शाता है कि भाजपा 70 (सदस्यीय दिल्ली विधानसभा) में से 62 विधायकों वाली सत्तारूढ़ आप के विधायकों को तोड़ना चाहती है।'' केजरीवाल के अनुसार, फोन करने वाले ने आप के 21 विधायकों के संपर्क में होने का दावा किया है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि विधायकों को 25-25 करोड़ रुपये और दिल्ली की आप नीत सरकार गिरने के बाद चुनाव लड़ने के लिए भाजपा का टिकट दिए जाने का वादा किया गया। केजरीवाल ने कहा-उनका दावा है कि उन्होंने 21 विधायकों से संपर्क किया है लेकिन हमारी जानकारी के अनुसार, उन्होंने अब तक सात विधायकों से ही संपर्क किया है और सभी ने उनका प्रस्ताव ठुकरा दिया।

## घरेलू हिंसा पीड़िता की याचिका से जुड़ी कार्यवाही को हल्के में लेने की नहीं दी जा सकती अनुमति : हाईकोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि किसी वादी को घरेलू हिंसा की पीड़िता द्वारा शुरू की गई अदालती कार्यवाही को हल्के में लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। उच्च न्यायालय ने कहा कि घरेलू हिंसा (डीवी) अधिनियम उन महिलाओं के संविधान-प्रदत्त अधिकारों को अधिक प्रभावी सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाया गया था, जो परिवार के भीतर होने वाली हिंसा की शिकार हैं।

न्यायमूर्ति अमित महाजन ने सत्र अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली एक व्यक्ति की याचिका खारिज करते हुए ये टिप्पणियां कीं। सत्र अदालत ने एक मजिस्ट्रेट अदालत के जुलाई 2022 के उस आदेश को बरकरार रखा था।

## कुपवाड़ा में 5 आतंकवादी सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी में शामिल पांच आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। मूल रूप से कुपवाड़ा के रहने वाले पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के दो लश्कर-ए-तैयबा संचालकों से हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी के बारे में विश्वसनीय जानकारी के बाद मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया गया। इस मामले में गिरफ्तार होने वाला पहला व्यक्ति कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के करीब एक गांव रियर सुधपोरा करनाह का जहूर अहमद भट था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक युगल मन्हास ने कहा-स्वयं के स्रोतों और अन्य सहयोगी एजेंसियों की पुष्टि के आधार पर आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया गया है।

## भाजपा ने की राज्यों के लिए चुनाव प्रभारियों, सह-प्रभारियों की नियुक्ति

▸▸ लोस चुनाव के मद्देनजर 23 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए दी गई जिम्मेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार को 23 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के लिए चुनाव प्रभारी नियुक्त किए। पार्टी के एक बयान के अनुसार, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को बिहार का चुनाव प्रभारी बनाया गया है, जबकि भाजपा के राज्यसभा सदस्य और झारखंड इकाई के पूर्व अध्यक्ष दीपक प्रकाश सह-प्रभारी होंगे। तावड़े बिहार में भाजपा के राजनीतिक मामलों के प्रभारी हैं। भाजपा ने उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा को उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम को उत्तराखंड का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है।

बयान में कहा गया है कि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य लक्ष्मीकांत बाजपेयी झारखंड के चुनाव प्रभारी होंगे। इसमें कहा गया है कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने नियुक्तियां की हैं। भाजपा के राज्यसभा सदस्य और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को हरियाणा का चुनाव प्रभारी बनाया गया है, जबकि भाजपा नेता सुरेंद्र नागर सह प्रभारी होंगे। बिहार के पूर्व मंत्री और पश्चिम बंगाल में भाजपा के प्रभारी मंगल पांडे को राज्य का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा नेता अमित मालवीय और आशा लाकड़ा सह प्रभारी होंगे। नड्डा ने उत्तर प्रदेश के विधान परिषद सदस्य और राज्य के पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह को मध्य प्रदेश के लिए भाजपा का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है, जबकि सतीश उपाध्याय सह प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और पंजाब के भाजपा प्रभारी विजय रूपाणी को राज्य का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि भाजपा के राष्ट्रीय सचिव नरिंदर सिंह को राज्य में चुनाव के लिए सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। रूपणी को चंडीगढ़ का भी चुनाव प्रभारी बनाया गया है।

जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक मामलों के लिए भाजपा के सह-प्रभारी आशीष सूद को गोवा का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। गुजरात के विधायक पूर्णेश मोदी को दमन और दीव का चुनाव प्रभारी और दुष्यंत पटेल को सह प्रभारी बनाया गया है। पार्टी नेता अशोक सिंघल को अरुणाचल प्रदेश का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव और अंडमान एवं निकोबार में राजनीतिक मामलों के प्रभारी वाई सत्य कुमार को केंद्र शासित प्रदेश का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ, जो जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में राजनीतिक मामलों के लिए पार्टी के प्रभारी हैं, को दोनों केंद्र शासित प्रदेशों के लिए चुनाव प्रभारी नामित किया गया है।

### बैजयंत पांडा को बनाया उत्तर प्रदेश का चुनाव प्रभारी

लखनऊ, अमृत विचार : भाजपा ने सबसे ज्यादा सीटों वाले उत्तर प्रदेश में पूर्व सांसद बैजयंत पांडा को लोकसभा चुनाव की संगठनात्मक कमान सौंपी है। उड़ीसा के निवासी पांडा भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रवक्ता भी हैं। उधर, प्रदेश के पांच नेताओं को गैर प्रदेशों का लोकसभा चुनाव प्रभारी बनाया गया है। आरजेडी से लोकसभा सदस्य रहे बैजयंत पांडा 2019 में भाजपा में शामिल हुए थे। संगठनात्मक गतिविधियों में मजबूत पकड़ रखने वाले पांडा को यहां मिशन-80 के लिए सत्ता-संगठन में समन्वय बनाकर जमीनी कार्यकर्ताओं में जोश भरने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैजयंत पांडा बीजेडी के टिकट पर 15वीं और 16वीं लोकसभा में उड़ीसा केंद्रपाड़ा से सांसद थे। वह 2000 से 2009 तक दो बार राज्य सभा के सांसद भी रहे। उधर, उप्र. के पूर्व मंत्री श्रीकांत शर्मा को हिमाचल प्रदेश, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद लक्ष्मी कांत वाजपेई को झारखंड, राज्यसभा सांसद डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल को कर्नाटक, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह को मध्यप्रदेश और सांसद विजयपाल सिंह तोमर को उड़ीसा का चुनाव प्रभारी बनाया गया।

# कारोबार/कृषि

## मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1160, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 1015 फ्लैग 1130 बोल्ड 1170 डीएमओ 840।

## कानपुर मंडी


| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000 -2100 |
| ज्वार | 2600 -4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000 -2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5200 -5400 |
| अरहर | 7500 -8000 |
| मसूर | 5500 -5600 |
| मटर | 4400 -4500 |
| उड़दहरा | 10000 -10200 |
| उड़दकाला | 6000 -8000 |
| मूंग | 8500 -8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14800-15000 |
| अरहरस्पेशल1 | 12400-12600 |
| चनादाल | 6750-6850 |
| मटरदाल | 5500-5600 |
| मसूरमलका | 7000-7050 |
| मसूरदाल | 7000-7050 |
| उड़ददाल | 8500- 12000 |
| उड़द धोवा | 10500- 13000 |
| मूँगदाल | 9000 -10500 |
| मूँग धोवा | 9500-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 9100 - 11000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 7000 - 8000 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5050-5100 |
| अलसी | 4500 -4600 रुपये। |

# भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी: सीतारमण

## वित्त मंत्री ने कहा-2027-28 तक जीडीपी को 5,000 अरब डॉलर के आंकड़े को करना होगा पार

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि वित्त वर्ष 2027-28 तक भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रत्येक भागीदार के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसके लिए भारत की जीडीपी को 5,000 अरब डॉलर के आंकड़े को पार करना होगा। वित्त मंत्री ने साथ ही जोड़ा कि सीमा शुल्क विभाग की फेसलेस मूल्यांकन और एकल खिड़की निपटान जैसी पहलों को विकसित करने की जरूरत है।



सीतारमण ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस 2024 के अवसर पर एक लिखित संदेश में कहा कि भारत के 'अमृत काल' के दौरान सभी हितधारकों को एक साथ आने और नागरिकों को लाभ पहुंचाने के लिए योगदान करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि इस साल अंतर्राष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस का ध्येय वाक्य परंपरागत और नए साझेदारों को उद्देश्य से जोड़ने वाला सीमा शुल्क है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारे 'सबका साथ-सबका विकास' की गूंज सुनाई देती है। सीतारमण ने कहा-भारत को 2027-28 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए हर साझेदार को सहयोग करने की जरूरत है।

### आयकर लाभ, महिला उद्यमियों को समर्थन की उम्मीद

कोलकाता। विशेषज्ञों को अंतरिम बजट में आयकर छूट सीमा में वृद्धि, महिला उद्यमियों को समर्थन, दीर्घकालिक कराधान नीति और उपभोग तथा बचत को बढ़ावा दिए जाने की उम्मीद है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को आम चुनाव से पहले अंतरिम बजट पेश करेंगी। अखिल भारतीय कर पेशेवर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नारायण जैन ने कहा-यह एक अंतरिम बजट होगा, लेकिन इसमें पूर्ण-बजट के लिए कुछ संकेत हो सकते हैं। धारा 87ए के तहत व्यक्तिगत करदाताओं को कुछ रियायत दी जा सकती है। इसके तहत कुल कर छूट सीमा को सात लाख से बढ़ाकर आठ लाख रुपये किया जा सकता है। भारत चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एन जी खेतान ने कहा कि छोटी और मझोली कंपनियों को समान अवसर देने के लिए कंपनियों, साझेदारियों और सीमित देयता साझेदारियों (एलएलपी) के बीच दीर्घकालिक कराधान नीति और कराधान में समानता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई पर अधिक कर लगाया जाता है जबकि देश की जीडीपी और रोजगार सृजन में उनका बहुत बड़ा योगदान है।

### भारत को सर्कुलर इकोनॉमी में विश्व में अग्रणी बनाने की अपील

कोलकाता। जी 20 शेरपा अमिताभ कांत ने भारत को सर्कुलर इकोनॉमी में विश्व में अग्रणी बनाने बनाने में हर उद्योग से सहयोग की अपील की है। श्री कांत ने यहां 11वें इंटरनेशनल मटेरियल रिसाइकलिंग कॉन्फ्रेंस (आईएमआरसी) के समापन सत्र को संबोधित करते हुये कहा, "मैंने एमआरएआई को एक छोटी संस्था से लेकर चक्रीय अर्थव्यवस्था की ओर कार्यरत एक गतिशील शक्ति के रूप में विकसित होते हुए करीब से देखा है। 7.5 प्रतिशत की विकास दर के साथ भारत एक तेज़ी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था है और अगले कुछ सालों में भारत का दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना तय है। इसलिए अब यह महत्वपूर्ण है कि डीकार्बोनाइज़िंग के द्वारा विकास और समृद्धि में भारत दुनिया का सबसे पहला देश बने।

## देश के पहले डिजिटल केंद्र से होगी तेल और गैस कुओं की निगरानी

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ केंद्रीय मंत्री ने ओएनजीसी दर्पण का किया उद्घाटन

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को नई दिल्ली में ओएनजीसी के अत्याधुनिक डिजिटल निगरानी केंद्र 'ओएनजीसी दर्पण' का उद्घाटन किया।

कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार भारत में यह किसी कंपनी का अपनी तरह का पहला डिजिटल केंद्र है, जो ओएनजीसी के तेल एवं गैस कुओं और ड्रिलिंग इकाइयों (अपतटीय सहित) की पल-पल की निगरानी कर सकेगा। इससे कंपनी के लिए इन कामों के लिए मानवीय हस्तक्षेप और मशीनरी सक्रिय करने के समय को कम करने, संचालन को अनुकूलित करने और पूर्वानुमानित रख-रखाव (प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस) में मदद मिलेगी।

इस केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव पंकज जैन, उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह और ओएनजीसी के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी, अरुण कुमार सिंह उपस्थित थे। श्री पुरी ने ऊर्जा के क्षेत्र में स्टार्टअप की भूमिका पर आयोजित चर्चा-एनर्जी स्टार्टअप्सः ड्राइविंग द एनर्जी फ्यूचर'में भी भाग लिया। उन्होंने बंगाल की खाड़ी के कृष्णा गोदावरी बेसिन में इस महारत्न कंपनी की प्रमुख गहरे पानी की परियोजना के केजी-98/2 ब्लॉक से तेल का उत्पादन शुरू होने के संबंध में ओएनजीसी कर्मचारियों की सराहना की।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,750-47,950 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,800 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,500 |
| चांदी तैयार | 73,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,600 |
| चांदी पक्की | 726 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,850 |
| चांदी आभूषण | 73,500। |

## भारत में एच-125 हेलीकॉप्टर बनाएगी फ्रांस की विमान निर्माण कंपनी एयरबस

नई दिल्ली एजेंसी

फ्रांस की विमान निर्माण कंपनी एयरबस ने सिविल उपयोग के लिए सबसे लोकप्रिय एच-125 हेलीकॉप्टरों का निर्माण भारत में करने के लिए टाटा समूह के साथ एक समझौता किया है। इन हेलीकॉप्टरों की भारत में आपूर्ति के साथ अन्य देशों को निर्यात भी किया जाएगा।

टाटा समूह की सहायक कंपनी टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) एयरबस हेलीकॉप्टरों के निर्माण के लिए फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल) स्थापित करेगी। एफएएल का स्थान एयरबस और टाटा समूह द्वारा संयुक्त रूप से तय किया जाएगा। गुजरात के वडोदरा में 'मेक इन इंडिया' सी-295 सैन्य विमान निर्माण सुविधा के बाद यह एयरबस द्वारा भारत में निर्मित होने वाली दूसरी एफएएल होगी। कंपनी के अनुसार एफएएल को स्थापित होने में 24 महीने लगेंगे और पहले 'भारत निर्मित' एच-125 की आपूर्ति 2026 में शुरू होने की उम्मीद है। भारत में एफएएल में प्रमुख घटक असेंबलियों, एवियोनिक्स और मिशन सिस्टम, विद्युत हार्नेस की स्थापना, हाइड्रोलिक सर्किट, उड़ान नियंत्रण, ईंधन प्रणाली और इंजन को जोड़ने का कार्य किया जाएगा।

## हिमाचल में 1,937 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मिली मंजूरी

शिमला। हिमाचल प्रदेश राज्य एकल खिड़की मंजूरी और निगरानी प्राधिकरण (एसएसडब्ल्यूसी और एमए) ने नए उद्यम स्थापित करने और विस्तार करने के लिए 27 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं के तहत लगभग 1,937 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव है। शनिवार को यहां जारी एक प्रेस बयान के अनुसार, प्राधिकरण ने 1,937 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी, जिनसे 2,715 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। यह निर्णय प्राधिकरण की 28वीं बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने की।

## जेनरेटिव एआई पर खर्च होगा करीब तिगुना

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ एशिया प्रशांत में कंपनियों के लिए इन्फोसिस रिसर्च ने जारी की रिपोर्ट

एशिया प्रशांत क्षेत्र में कंपनियां जेनरेटिव एआई (जेन एआई) में निवेश बढ़ा रही हैं। इन्फोसिस रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, चीन, जापान, भारत और सिंगापुर में इस तकनीक पर खर्च 2024 में लगभग तीन गुना होकर 3.4 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। इसमें कहा गया कि जहां यह खर्च उत्तरी अमेरिका से पीछे है, वहीं एपैक (एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग) में स्वीकार्यता, प्रभावशीलता और वृद्धि वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक है।




सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी की शोध इकाई इन्फोसिस नॉलेज इंस्टीट्यूट (आईकेआई) ने कहा-एशिया-प्रशांत क्षेत्र की कंपनियां जेनरेटिव एआई में तेजी से निवेश बढ़ा रही हैं और परिपक्वता के उच्च चरण में प्रवेश कर रही हैं। जहां एपैक में कंपनियां वर्तमान में जेन एआई पर खर्च में अपने उत्तरी अमेरिकी समकक्षों से पीछे हैं, वहीं शोध में किसी भी अन्य क्षेत्र की तुलना में 140 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि का अनुमान लगाया गया है।

इसमें कहा गया कि इसका मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, चीन, जापान, भारत और सिंगापुर में अनुमानित 3.4 अरब डॉलर का निवेश किया जाएगा। इन्फोसिस की जेनरेटिव एआई रडार एपीएसी रिपोर्ट में कारोबारी दिग्गजों और एआई का उपयोग करने वालों का साक्षात्कार का विश्लेषण और ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, चीन, जापान, भारत और सिंगापुर के 1,000 उत्तरदाताओं का सर्वेक्षण शामिल है।

# पोप के शतक से संभला इंग्लैंड, 6 विकेट पर 316 रन बनाए

**हैदराबाद, एजेंसी**

इंग्लैंड ने ओली पोप (नाबाद 148 रन) के शतक से शनिवार को पहले टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में 6 विकेट पर 316 रन बनाकर भारत की उन्हें जल्दी समेटने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इंग्लैंड ने भारत पर 126 रन की बढ़त हासिल कर मैच को रोमांचक स्थिति में पहुंचाने की ओर कदम बढ़ाए। हालांकि उसके बस 4 विकेट बचे हैं।पोप के साथ रेहान अहमद 16 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। भारत ने इंग्लैंड के पहली पारी के 246 रन के जवाब में 436 रन बनाकर 190 रन की बढ़त हासिल की थी।



### भारत के खिलाफ पोप का पहला शतक

पोप ने स्वीप और रिवर्स स्वीप से काफी रन जुटाए। उन्होंने इंग्लैंड की पारी संभालते हुए 156 गेंद में भारत के खिलाफ अपना पहला और कॅरिअर का पांचवां टेस्ट शतक पूरा किया। फोक्स ने भी दूसरे छोर से उनका पूरा साथ निभाया। यह विकेटकीपर बल्लेबाज टीम में स्पिन को बखूबी खेलने वाला दूसरा बेहतरीन खिलाड़ी है। अक्षर पटेल ने नीची गेंद पर फोक्स को बोल्ड किया।

### संयमित बल्लेबाजी कर संभाली लड़खड़ाती पारी

पोप ने आरजीआई स्टेडियम में संयम दिखाया और भारतीय गेंदबाजों की सारी कोशिश नाकाम कर दीं जिन्हें उम्मीद थी कि वे तीसरे दिन ही इंग्लैंड की पारी खत्म कर देंगे, जबकि इंग्लैंड ने 163 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे लेकिन पोप और बेन फोक्स (34 रन) ने छठे विकेट के लिए 104 रन की भागीदारी निभाकर भारतीय गेंदबाजों को निराश किया। इससे मैच चौथे दिन तक खिंच गया। ऐसा नहीं था कि पोप ने स्पिनरों पर दबदबा बनाया हुआ था। वह कभी स्पिनरों तो कभी तेज गेंदबाजों की गेंदों से परेशान दिखे। जब वह 110 रन पर थे तो उन्हें जीवनदान भी मिला। रविंद्र जडेजा की गेंद पर रिवर्स स्वीप करने के प्रयास में वह बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर अक्षर पटेल के हाथों आउट होने से बचे।

### गेंदबाजों के लिए मददगार साबित हो रही पिच

पिच पर स्पिनरों के लिए काफी टर्न और ग्रिप मौजूद थी और साथ ही तेज गेंदबाजों के लिए रिवर्स स्विंग का भी संकेत दिखा लेकिन उन्होंने अपने कौशल से मुफीद परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाया। जसप्रीत बुमराह ने बेन डकेट (47) को आउट करने में सफलता हासिल की और फिर नीची रहती गेंद से जो रूट (2) को पवेलियन का रास्ता दिखाया। जडेजा ने लंच के बाद जॉनी बेयरस्टो (10) को आउट किया। अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 12वीं दफा इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स का विकेट लिया।

# निशानेबाजी में रिदम और उज्ज्वल ने जीता सोना

**काहिरा, एजेंसी**

रिदम सांगवान और उज्ज्वल की जोड़ी ने शनिवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में एलमिरा कारापेयन और बेनिक खलघाटयान की अर्मेनियाई जोड़ी को 17-7 से हराकर भारत को आईएसएसएफ विश्व कप में पहला स्वर्ण पदक दिलाया। इससे पहले अर्जुन बबुता और सोनम उत्तम मस्कर की जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। भारतीय निशानेबाजों ने अब तक एक स्वर्ण और दो रजत पदक जीत लिए हैं। पदार्पण कर रही निशानेबाज अनुराधा देवी ने रियो ओलंपिक चैंपियन अन्ना कोराकाक्की को पछाड़ते हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीतकर भारत का खाता खोला।

रिदम का यह लगातार दूसरा विश्व कप मिश्रित टीम स्वर्ण पदक है। रिदम और उज्ज्वल की जोड़ी ने 580 अंक से अर्मेनिया की जोड़ी से एक अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। अर्जुन और सोनम की जोड़ी क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रही थी लेकिन फाइनल में ब्रिटेन के डीन बेल और सियोनेड मैकिंतोश से पिछड़कर दूसरे स्थान पर रही। अनुराधा ने आठवें और अंतिम क्वालीफाइंग स्थान से फाइनल में जगह बनाई। अनुराधा की इस उपलब्धि ने भारत को ओलंपिक वर्ष के पहले (छह में से पहला) आईएसएसएफ विश्व कप चरण में पहला पदक दिलाया।

### अनुराधा ने 10 मीटर एयर पिस्टल में जीता रजत

भारत की अनुराधा देवी ने शुक्रवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता। अनुराधा ने विश्व कप में अपना डेब्यू किया है। उन्होंने फाइनल में 24 शॉट्स की सीरीज में 239 .9 का स्कोर किया और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में रियो 2016 ओलंपिक चैंपियन ग्रीक शूटर अन्ना कोराकाकी से पीछे रहीं। कोराकाकी फाइनल में 241 .1 अंक हासिल करने में सफल रहीं, जबकि कजाकिस्तान की इरिना यूनुसमेतोवा ने 22 शॉट्स में 219 .2 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। रिदम सांगवान ने 20 शॉट्स में 197 .3 का स्कोर किया और चौथे स्थान पर रहीं।

# रोहन बोपन्ना बने ग्रैंडस्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज टेनिस खिलाड़ी

## ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन के साथ मिलकर इटली की जोड़ी को हराया

**मेलबर्न, एजेंसी**

43 साल की उम्र में ग्रैंडस्लैम खिताब जीतकर भारत के रोहन बोपन्ना ने इतिहास रच दिया है। वह इस उम्र में ग्रैंडस्लैम जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। भारत के रोहन बोपन्ना ने अपने जोड़ीदारी ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन के साथ मिलकर शनिवार को इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष युगल खिताब अपने नाम किया। मेलबर्न पार्क के रॉड लेवर एरिना में खेला गया यह मुकाबला आस्ट्रेलियन ओपन के लिए एक यादगार मैच बन गया जब 43 साल और नौ महीने की उम्र में रोहन बोपन्ना टेनिस के ओपन युग में ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने।



### जूलियन रोजर के रिकॉर्ड को तोड़ा

इस खिताब के साथ ही बोपन्ना ने डचमैन जीन जूलियन रोजर के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। वह 40 साल और नौ महीने के थे, जब उन्होंने 2022 फ्रेंच ओपन जीतने के लिए अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो के साथ साझेदारी की थी। बोपन्ना भारत के लिएंडर पेस 40 साल और दो महीने की उम्र में चेक रिपब्लिक के राडेक स्टेपानेक के साथ 2013 यूएस ओपन जीतने के बाद ग्रैंडस्लैम चैंपियन बनने वाले सबसे उम्रदराज भारतीय खिलाड़ी थे। मार्टिना नवरातिलोवा, जिन्होंने 49 साल और 10 महीने की उम्र में बॉब ब्रायन के साथ 2006 यूएस ओपन मिश्रित युगल खिताब जीता था।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दी बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रैंडस्लैम जीतने पर रोहन बोपन्ना को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा कि असाधारण प्रतिभाशाली रोहन बोपन्ना बार-बार यह साबित करते हैं कि आयु कोई बाधा नहीं है। उनकी ऐतिहासिक जीत पर उन्हें बधाई। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

### आर्यना सबालेंका लगातार दूसरी बार चैंपियन बनीं



**मेलबर्न।** आर्यना सबालेंका ने महिलाओं के फाइनल में झेंग क्विनवेन पर शनिवार को 6-3, 6-2 से जीत के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब का बचाव किया। सबालेंका ने दूसरे गेम में पहला सेट 33 मिनट में अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट की शुरुआत में अपना दबदबा बनाए रखा। सबालेंका 40-0 की बढ़त के साथ सर्विस कर रही थी तब उनके पास तीन चैंपियनाशिप अंक थे।

# दक्षिण अफ्रीका को हराकर भारत महिला विश्व कप के फाइनल में

**मस्कट, एजेंसी**

### आज फाइनल में नीदरलैंड से होगा भारत का मुकाबला



भारतीय महिला हॉकी टीम ने शुक्रवार रात एफआईएच हॉकी-5 महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 6-3 से रोमांचक जीत दर्ज की। भारत के लिए अक्षता अबासो ढेकाले (7'), मारियाना कुजूर (11'), मुमताज खान (21'), रुतुजा दादासो पिसल (23'), ज्योति छत्री (25') और अजीमा कुजूर (26') ने गोल किए। वहीं दक्षिण अफ्रीका के लिए टेर्शॉन डी ला रे (5'), कप्तान टोनी मार्क्स (8') और डिर्की चेंबरलेन (29') ने गोल दागे। भारत अब फाइनल में 28 जनवरी को नीदरलैंड से भिड़ेगा।

दक्षिण अफ्रीका ने पहले हाफ की शुरुआत रक्षात्मक रवैये के साथ की। दक्षिण अफ्रीका की टेर्शॉन डी ला रे ने गोल करके टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। इसके बाद अक्षता अबासो ढेकाले ने दक्षिण अफ्रीका की गोलकीपर ग्रेस कोचरन को छकाते हुए गोल कर भारत को बराबरी पर ला दिया। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान टोनी मार्क्स ने भारतीय गोलकीपर को चकमा देते हुए टीम को फिर से बढ़त दिला दी। भारत की मारियाना कुजूर ने दक्षिण अफ्रीकी गोल के सामने रॉकेट दागकर स्कोर 2-2 कर दिया। खेल के आगे बढ़ने के साथ रुतुजा ने दक्षिण अफ्रीकी गोल में गेंद डाल दी। इससे दो मिनट पहले ही मुमताज खान ने गेंद को नेट में डाल कर भारत को प्रतियोगिता में बढ़त दिला दी। खेल में पांच मिनट बचे होने पर ज्योति छत्री ने दक्षिण अफ्रीका की गोलकीपर को छकाया और टीम की बढ़त बढ़ा दी। अजमीना कुजूर ने हाफ लाइन के करीब से एक शॉट लिया और स्कोर 6-2 से भारत के पक्ष में कर दिया।

## खेल डायरी

### अलीरेजा से ड्रॉ खेलकर गुकेश दूसरे स्थान पर खिसके

**विज्क आन जी (नीदरलैंड)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश टाटा स्टील मास्टर्स के 11वें दौर में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के साथ ड्रॉ खेलने के बाद दूसरे स्थान पर खिसक गए। टूर्नामेंट में अब दो दौर का खेल बचा है और उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तारोव नोडिरबेक ने चीन की महिला विश्व चैंपियन वेंजुन जू को हराकर तालिका में एकल बढ़त बना ली है। इस जीत के बाद नोडिरबेक के 7 .5 अंक हो गए है, जबकि गुकेश उनसे आधा अंक पीछे है। ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने ईरान के परहम माघसूदलू पर शानदार जीत के साथ शीर्ष तीन स्थान पर अपने अभियान को खत्म करने की उम्मीदों को मजबूत किया। वह 6 .5 अंक के साथ आर प्रज्ञानानंदा, चीन के वेई यी और हॉलैंड के अनीश गिरी के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा और अलेक्जेंडर डोनचेंको का मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। चैलेंजर्स वर्ग में भारत के लियोन ल्यूक मेंडोंका शीर्ष स्थान की दौड़ में बने हुए है।

### हार्दिक पंड्या ने शुरू किया गेंदबाजी अभ्यास

**वडोदरा।** हार्दिक पंड्या ने टखने की चोट से उबरने के बाद पूरी लय में गेंदबाजी करना शुरू कर दिया है, जिससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र के लिए तैयार हैं। जहां वह मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे। पिछले साल टखने की चोट के कारण विश्व कप से बाहर होने वाले पंड्या को इंस्टाग्राम पर साझा किए गए वीडियो फुटेज में गेंदबाजी करते देखा गया। हार्दिक ने कहा कि खेल में वापसी करके अच्छा लग रहा है। उनकी यात्रा 17 साल पहले इसी मैदान पर शुरू हुई थी। हार्दिक को इस दौरान गेंदबाजी के अलावा मैदान पर दौड़ लगाते और व्यायाम करते देखा गया। हार्दिक को गुजरात टाइटंस से हाई-प्रोफाइल ट्रेड के बाद 15 दिसंबर को रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाया गया था। वह नवंबर में बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप मैच में चोट लगने के बाद से टीम से बाहर हैं।

### जगदीशन ने चंडीगढ़ के खिलाफ जड़ा तिहरा शतक



**कोयंबतूर।** नारायण जगदीसन ने पिछले मैच में दोहरा शतक लगाने के बाद शानदार तिहरा शतक जड़ा, जिससे तमिलनाडु ने चंडीगढ़ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के दूसरे दिन शनिवार को पहली पारी चार विकेट पर 610 रन के विशाल स्कोर पर घोषित कर दी। दिन की शुरुआत 108 रन से करने वाले जगदीसन ने 403 गेंद की अपनी पारी में 23 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 321 रन बनाएं। तमिलनाडु के लिए प्रदोष रंजन पॉल (105) और बाबा इंद्रजीत (123) ने भी शतक जड़े, जिससे टीम ने पहली पारी में 499 रनों की विशाल बढ़त हासिल की। चंडीगढ़ की टीम 47 ओवर में 111 रन पर आउट हो गई। चंडीगढ़ ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के एक रन बनाया है।

### दीप ग्रेस एक्का ने किया हॉकी से संन्यास का एलान



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की डिफेंडर और पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ दीप ग्रेस एक्का ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय कॅरिअर से संन्यास की घोषणा की। दो ओलंपिक खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली दीप ग्रेस ने 17 साल की उम्र में 2011 में अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण किया था। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह बेहद कृतज्ञता और विनम्रता के साथ आधिकारिक तौर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा कर रही हैं। 2011 से 2023 तक की यात्रा जीवन का मुख्य आकर्षण रही है और खेल के शिखर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने 2016 रियो ओलंपिक में भारत को क्वालीफाई कराने में भूमिका निभाई थी। उन्होंने तोक्यो ओलंपिक में टीम की रक्षा पंक्ति में अहम भूमिका निभाई थी, जहां भारत चौथे स्थान पर रहा था। एक्का 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम की भी सदस्य थी। उन्होंने 2014 और 2018 एशियाई खेलों में पदक जीतने वाली भारतीय टीमों का भी प्रतिनिधित्व किया था। वह 2016 महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी और 2017 एशिया कप में खिताब जीतने वाली भारतीय टीमों की सदस्य भी थी।

# श्रीजा अकुला डब्ल्यूटीटी के क्वार्टरफाइनल में, मनिका हारीं

**मापुसा (गोवा), एजेंसी**



**टेबल टेनिस**

भारत की श्रीजा अकुला ने शनिवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) स्टार कंटेंडर के महिला एकल क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया, जबकि मनिका बत्रा और अर्चना कामत हार गईं।

हैदराबाद की अकुला ने प्री क्वार्टरफाइनल में हांगकांग की डू होई केम पर जीत हासिल की। वहीं मनिका को जियाओजिन यांग से हार मिली। अन्य प्री क्वार्टरफाइनल में बेंगलुरु की कामत को दक्षिण कोरिया की जियोन जिही से पराजय झेलनी पड़ी। अकुला ने इससे पहले दुनिया की 30वें नंबर की खिलाड़ी हाना गोडा को पराजित किया था। मानव ठक्कर और मानुश शाह की जोड़ी को क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के काओ चेंग जुई और चुआंग चिह युआन से हार मिली। महिला युगल के अंतिम आठ में दक्षिण कोरिया की शिन युबिन और इयोन झि ने सयाली वाणी और तनीषा कोटेचा की जोड़ी को 3-0 से मात दी।

# रेनाता जामरिचोवा और रेई साकामोतो ने जीता जूनियर खिताब

**मेलबर्न, एजेंसी।** रेनाता जामरिचोवा ने शनिवार को 15 वर्षीय एमर्सन जोन्स पर 6-4, 6-1 की जीत से आस्ट्रेलियाई ओपन जूनियर बालिका एकल खिताब जीता। जामरिचोवा ने मुकाबले में जीत से अपना पहला ग्रैंडस्लैम एकल खिताब जीता। 16 साल की इस स्लोवाकियाई खिलाड़ी जामरिचोवा ने पिछले साल मेलबर्न पार्क में जूनियर युगल खिताब जीता था। लड़कों के फाइनल में जापान के चौथे वरीय रेई साकामोटो ने एक सेट से पिछड़ते हुए चेक गणराज्य के जान कुमस्टाट को दो घंटे 11 मिनट में 3-6, 7-6(2), 7-5 से मात देकर जूनियर खिताब जीता।

# दक्षिण अफ्रीका को रौंदकर भारत ने बढ़ाया विजय रथ

**केपटाउन, एजेंसी**

### भारतीय हॉकी टीम ने 3-0 से दर्ज की शानदार जीत



भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार रात मेजबान दक्षिण अफ्रीका पर 3-0 से शानदार जीत दर्ज कर अपने विजय रथ को आगे बढ़ाया। भारत ने आक्रामक हॉकी का प्रदर्शन किया और मैच के पहले आधे घंटे में ही एक के बाद एक 3 गोल दागकर मेजबान टीम को दबाव में ला दिया। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह दूसरे मिनट में गोल दागा, जबकि अभिषेक ने 13वें और सुमित ने 30वें मिनट पर गोल कर टीम को जीत दिलाने में मदद की।

मैच की शुरुआत भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिलने के साथ हुई, जिसे कप्तान हरमनप्रीत ने गोल में तब्दील कर दिया। पहले क्वार्टर में कुछ ही मिनट बचे थे कि अभिषेक ने दक्षिण अफ्रीका के गोलकीपर को छकाकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। दूसरे क्वार्टर में दक्षिण अफ्रीका के कई हमलों के बावजूद भारत की रक्षापंक्ति ने संयम बनाए रखा।

मध्यांतर के तुरंत बाद सुमित एक और फील्ड गोल करने में सफल रहे और भारत ने 3-0 की बढ़त ले ली।

मध्यांतर के बाद दक्षिण अफ्रीका ने तत्परता दिखानी शुरू कर दी, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने मैच पर पकड़ बनाए रखी। तीसरे क्वार्टर में दोनों छोर पर काफी गतिविधियां देखने को मिलीं, लेकिन दोनों में से कोई भी टीम नेट हासिल करने में सफल नहीं हो सकी।

खेल के अंतिम 15 मिनट में दक्षिण अफ्रीका ने गोल की तलाश जारी रखी लेकिन भारत ने खतरे को टालने के लिए सर्कल में अपनी पकड़ बनाए रखी। अंतिम सीटी बजते ही भारत ने अपनी बढ़त बरकरार रखी और 3-0 से आसान जीत हासिल की। भारत दक्षिण अफ्रीका दौरे पर अपना आखिरी मैच 28 जनवरी को नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगा।

## बॉलीवुड हलचल

# कंगुवा में सूर्या के साथ नजर आएंगे बॉबी देओल



अभिनेता बॉबी देओल के जन्मदिन पर उनकी आने वाली फिल्म कंगुवा से उनका लुक रिलीज हो गया है। बॉबी देओल फिल्म कंगुवा में अभिनेता सूर्या के साथ नजर आएंगे। बॉबी देओल के जन्मदिन पर मेकर्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म कंगुवा से बॉबी का पहला लुक जारी किया है। यूवी क्रिएशंस ने बॉबी का पहला लुक शेयर करते हुए लिखा कि निर्दयी ताकतवर, अविस्मरणीय। फिल्म में बॉबी देओल उदरिन की भूमिका में दिखाई देंगे। सोशल मीडिया पर लोग उनके इस खतरनाक लुक को काफी पसंद कर रहे हैं।

### कार्तिक आर्यन ने शेयर किया चंदू चैंपियन का पोस्टर



बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म चंदू चैंपियन से कार्तिक आर्यन का नया लुक रिलीज हो गया है। कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया पर कबीर खान निर्देशित फिल्म चंदू चैंपियन से अपना लुक शेयर करते हुए लिखा कि चैंपियन बनना हर भारतीय के खून में है। उन्होंने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। कार्तिक इसमें आर्मी की वर्दी में नजर आ रहे हैं। चंदू चैंपियन जून में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### फाइटर ने दो दिनों में की 65 करोड़ की कमाई

अभिनेता ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म फाइटर ने दो दिनों में 65 करोड़ की कमाई कर ली है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी यह फिल्म 25 जनवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 24 .60 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर 41 .20 करोड़ का कलेक्शन किया।

# इमरजेंसी में इंदिरा गांधी की भूमिका निभाएंगी कंगना



बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने अपनी आने वाली फिल्म इमरजेंसी में दिवंगत भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो के शिमला समझौते को रिक्रिएट किया है। जी स्टूडियोज और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित पीरियड पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत ने पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई है। भारत की प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो ने 2 जुलाई 1972 को शिमला समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौते से 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध का औपचारिक अंत हो गया था। इसका उद्देश्य शांति स्थापित करना, भारत को सेना वापस बुलाने की आवश्यकता कश्मीर मुद्दे का समाधान करना और बेहतर संबंधों को बढ़ावा देना था। कंगना रनौत द्वारा लिखित और निर्देशित, इमरजेंसी में अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत संचित बल्हारा और पटकथा और संवाद रितेश शाह ने दिया है। इमरजेंसी 14 जून को सिनेमाघरों में आने वाली है।

# सिल्वर-गोल्डन जुबली का जमाना गायब हो गया



30 से 80 तक के सालों में सिनेमा हॉल ठसाठस भरे रहते थे। नब्बे में वीसीआर और पायरेटेड वीडियो कैसेट्स ने सिनेमा जगत में भारी उथल-पुथल मचा दी। सिनेमा देखने वालों की संख्या घटने लगी लेकिन इसके बावजूद मनोरंजन का एकमात्र साधन सिनेमा ही रहा। उस दौर में सफलता का एकमात्र पैमाना होता था फिल्म का लंबी अवधि तक सिनेमा हॉल में चलना। आठ हफ्ते से लेकर पंद्रह हफ्ते यानी 100 दिन फिल्म चल गई तो समझो पैसा वसूल। लो-बजट की फिल्म हुई तो समझिए हो गई हिट। प्रोड्यूसर-डायरेक्टर मार्किट में स्थापित हो गए और फिर 25 हफ्ते यानी सिल्वर जुबली हो गई। सुपर-डुपर फिल्म का मतलब होता था 50 हफ्ते यानी गोल्डन जुबली। साल में चार-पांच फिल्में ही वास्तविक सिल्वर जुबली तक पहुंचतीं थीं। घिसट-घिसट कर जुबली तो कई मना लेतीं। मुगल-ए-आजम, बॉबी, पाकीजा, दुल्हन वही जो पिया मन भाये, अंखियों के झरोखों से आदि अनेक फिल्मों की गोल्डन जुबली कई बड़े शहरों में हुई। राजश्री की लो-बजट राजा और रंक ने बनारस और लखनऊ में एक साल तक खूब धूम मचाई। 1943 में रिलीज हुई बॉम्बे टॉकीज की किस्मत कलकत्ता के रॉक्सी थिएटर में 187 हफ्ते चली। इस रिकॉर्ड को 1980 में शोले ने मुंबई के मिनर्वा में लगातार पांच साल तक चल कर तोड़ा। इससे पहले राजकपूर की बरसात 1951 में दो साल तक चली। के आसिफ की मुगले आजम भी तीन साल तक मुंबई के मराठा मंदिर में चल गई। फिल्म को हिट बनाने का श्रेय उन लाखों दर्शकों को जाता था जो फिल्म को बार-बार देखते थे। सुना है कि मशहूर पेंटर दिवंगत फिदा हुसैन ने हम आपके हैं कौन 60 मर्तबा देखी थी। इस शताब्दी के उदय के साथ ही सिनेमाहाल बंद होने लगे तो चार से लेकर सात स्क्रीन वाले मल्टीप्लेक्स और सिनेप्लेक्स का जमाना आ गया। फिल्म का रन हद से हद से पांच-छह हफ्ते रहता है। अब तो बस गिना जाता है कि हफ्ते भर का कलेक्शन कितना हुआ। हां, कुछ फिल्में अपवाद भी रहीं, इसमें 1995 में रिलीज हुई दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे ने मुंबई के मराठा मंदिर में 1009 हफ्ते तक लगातार चलाने का रिकॉर्ड बनाया। पिछले साल 20 मार्च 2020 को कोरोना संक्रमण के चलते जब सिनेमा बंद कर दिए गए तो यह फिल्म 1251 हफ्ते चल चुकी थी यानी करीब 24 साल। कोरोना हलका पड़ा तो ये फिर रिलीज हुई और 2023 तक चलती रही अगर कुछ छोटी छोटी रुकावटों को नजरअंदाज किया जाए तो यह कुल 28 साल चली।

**- वीर विनोद छाबड़ा**

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# कलकत्ता हाई कोर्ट के दो जजों में टकराव, सभी कार्यवाही पर सुप्रीम रोक, सरकार को नोटिस जारी

नई दिल्ली, एजेंसी



**आरक्षित श्रेणी प्रमाणपत्र मामला: खंडपीठ द्वारा पारित आदेशों पर भी लगी रोक**

सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय की ओर से साथी न्यायाधीश सौमेन सेन के खिलाफ लगाए गए 'कदाचार' के आरोपों पर स्वतः संज्ञान लिया है। मामले पर आज सुनवाई करते हुए कोर्ट ने बंगाल सरकार को नोटिस भी जारी किया है।

दरअसल, सरकारी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में आरक्षित श्रेणी के फर्जी प्रमाणपत्र जारी करने और एमबीबीएस उम्मीदवारों के प्रवेश में कथित अनियमितताओं से संबंधित एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के समक्ष सभी कार्यवाही पर रोक लगा दी। एक विशेष सुनवाई में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, बीआर गवई, सूर्यकांत और अनिरुद्ध बोस की पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने मामले में पश्चिम बंगाल सरकार और मूल याचिकाकर्ता को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने मामले में एकल-न्यायाधीश पीठ और खंडपीठ द्वारा पारित आदेशों पर भी रोक लगा दी। पीठ ने कहा कि हम इस पर सोमवार को विचार करेंगे।

इससे पहले हाई कोर्ट की खंडपीठ ने इस मामले की सीबीआई जांच के एकल पीठ के आदेश पर रोक लगा दी थी।इसके बाद न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने न्यायमूर्ति सौमेन सेन पर राज्य में विशेष राजनीतिक दल के लिए काम करने का आरोप लगाया। दरअसल, इस सप्ताह की शुरुआत में न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने बंगाल में सरकारी मेडिकल कालेजों और अस्पतालों में एमबीबीएस उम्मीदवारों के प्रवेश में कथित अनियमितताओं की सीबीआइ जांच का आदेश दिया था।

हालांकि, बंगाल सरकार ने इस आदेश के खिलाफ खंडपीठ का रुख किया, जिसने एकल पीठ के आदेश पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया। बाद में न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने निर्देश दिया कि खंडपीठ के आदेश के बावजूद सीबीआइ की ओर से जांच जारी रहेगी। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने इसी के साथ अपने आदेश में खंडपीठ का नेतृत्व कर रहे न्यायमूर्ति सौमेन सेन पर बंगाल की एक राजनीतिक पार्टी के लिए काम करने का आरोप लगाया।

## गणतंत्र दिवसः कार्यक्रम में आपत्तिजनक कंटेंट दिखाने पर दो निलंबित


**तिरुवनन्तपुरम।** केरल हाई कोर्ट ने अपने दो अफसरों को बर्खास्त कर दिया है। आरोप है कि इन दोनों अधिकारियों ने गणतंत्र दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम में केंद्र सरकार के खिलाफ आपत्तिजनक कंटेंट दिखाया था। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने घटना की जांच के भी आदेश दिए हैं।

बर्खास्त दोनों अधिकारियों में से एक असिस्टेंट रजिस्ट्रार और दूसरा कोर्ट कीपर है। कोर्ट के रजिस्ट्रार ने बताया कि मामले की जांच के आदेश दिए हैं और दोषियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। दोनों बर्खास्त अधिकारियों को सभी सरकारी सुविधाएं, जिनमें उनका आई कार्ड भी शामिल है फिलहाल लौटाने का निर्देश दिया गया है। चीफ जस्टिस ने रजिस्ट्रार विजिलेंस को घटना की विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं।

# क्षुद्रग्रह रयुगु के नमूनों ने किया पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति का खुलासा

**वैज्ञानिकों ने कहा-धूमकेतुओं के कारण ही पृथ्वी पर जीवन की हुई उत्पत्ति**

नैनीताल कार्यालय




क्षुद्रग्रह 162173 रयुगु, साथ में कार्बनिक अणुओं की तस्वीर।

**अमृत विचार :** पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति के रहस्य का आज भी खुलासा नही हो पाया है, लेकिन इस इस रहस्य की कड़िया जुड़ती नजर आ रही हैं। क्षुद्रग्रह रयुगु से प्राप्त नमूनों से यह जानकारी मिली है कि धूमकेतुओं के कारण ही पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति हुई होगी।

इस खुलासे में जापान के हायाबुसा 2 मिशन ने बड़ी भूमिका निभाई है। जिसने 2018 में स्पिनिंग-टॉप जैसी अंतरिक्ष चट्टान रयुगु की का अध्ययन करने के अलावा उसकी सतह सामग्री धूल, मिट्टी व पत्थर एकत्र करने में लगभग 18 महीने इस पिंड की धरती पर बिताए थे। एकत्र किए नमूने मिलने के बाद वैज्ञानिको ने आगे का अध्ययन किया। जिसे लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि यह नमूने अभूतपूर्व हैं और हमारे सौर मंडल के बारे में जानकारी का नया खजाना साबित हुआ है। जिसमें मिले कार्बनिक पदार्थ महत्वपूर्ण सुराग हैं। जिनसे पता चलता है कि धूमकेतुओं द्वारा ही पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति हुई होगी। वैज्ञनिकों का दावा है कि कार्बनिक अणुओं ने हमारे ग्रह पर जीवन को जन्म दिया, वही प्राचीन धूमकेतुओं द्वारा यहां लाए गए थे।

### पृथ्वी के निकट का क्षुद्रग्रह है रयुगु

क्षुद्रग्रह 162173 रयुगु के नाम से जाना जाता है, जो 870 मीटर चौड़ा है। यह पृथ्वी के निकट का क्षुद्रग्रह है। इसमें सुरक्षात्मक वातावरण का अभाव है। इसका मतलब है कि इसकी सतह सीधे अंतरिक्ष के संपर्क में है और अंतरग्रहीय धूल को खुद में समेटने में सक्षम है। तोहोकू यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट स्कूल ऑफ साइंस के सहायक प्रोफेसर मेगुमी मात्सुमोतो के नेतृत्व में यह खोज हुई है। उनका कहना है कि यह कार्बनिक पदार्थ अंतरिक्ष से पृथ्वी पर लाए गए जीवन के छोटे बीजरूपी कण हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह खोज बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। भविष्य में पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ती बताने में आसान करेगी।

## एक नजर

### महाशिवरात्रि पर शिव की 123 फीट ऊंची प्रतिमा का होगा अनावरण



**जाजपुर।** ओडिशा के जाजपुर जिले में 8 मार्च को महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की 123 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। प्रतिमा बरहा क्षेत्र विकास परियोजना के तहत बैतरणी नदी के तट पर बरहानाथ मंदिर के पास बनाई जा रही है। श्रद्धालु लिफ्ट या सीढ़ी से चढ़कर भगवान शिव का दर्शन कर सकेंगे।

### ईरानः बंदूकधारियों ने पाकिस्तानी सीमा के पास 9 लोगों को मारा

**तेहरान।** पाकिस्तानी सीमा के पास अज्ञात बंदूकधारियों ने दक्षिणपूर्वी ईरान में नौ विदेशी नागरिकों की हत्या कर दी। किसी भी व्यक्ति या समूह ने सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में गोलीबारी की जिम्मेदारी नहीं ली है। दोनों देशों द्वारा एक दूसरे के इलाकों पर हमले के बाद संबंध सुधारने के प्रयासों के बीच यह मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्टों में शुक्रवार को कहा गया कि दोनों देशों के राजदूतों ने एक-दूसरे की राजधानी में गतिविधियों को फिर से शुरू कर दिया है। बलूच अधिकार ने कहा कि पीड़ित पाकिस्तानी मजदूर थे, जो एक आटो मरम्मत की दुकान पर रहते थे, जहां वे काम करते थे।

# फ्रांस में आपका स्वागत है, हमारे दोस्तों

## फ्रांस आने का दिया न्योता, शानदार मेहमान नवाजी के कायल हुए राष्ट्रपति मैक्रों

नई दिल्ली, एजेंसी



### अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन पर दिया जोर

गुरुवार को जयपुर में दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। शुक्रवार शाम में दोनों नेताओं के बीच हुई मुलाकात को लेकर संयुक्त बयान जारी किया गया। जिसमें दोनों नेताओं ने लाल सागर में नेविगेशन की आजादी और अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करने पर जोर दिया।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शनिवार को भारत में अपने शानदार स्वागत के लिए भारतवासियों को धन्यवाद दिया। मैक्रों ने भारतीयों को फ्रांस आने का भी न्योता दिया। फ्रांस में इस साल कई बड़े आयोजन होने हैं, इन्हीं आयोजनों के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति ने भारतीयों को फ्रांस आने की बात कही। शुक्रवार को इमैनुएल मैक्रों राष्ट्रपति भवन में आयोजित हुए स्टेट डिनर में भी शामिल हुए।

शनिवार को सोशल मीडिया पर साझा किए एक पोस्ट में फ्रांस के राष्ट्रपति ने लिखा कि 'फ्रांस इस साल पूरी दुनिया का स्वागत करेगा। इस साल द्वितीय विश्व युद्ध की सालगिरह मनाई जाएगी, ओलंपिक और पैरालिंपिक खेलों का आयोजन भी पेरिस में होगा।


इनके साथ फ्रैंकोफोनी सम्मेलन भी होगा। हमारे दोस्तों, आप सभी का स्वागत है।' शुक्रवार शाम में फ्रांस के राष्ट्रपति, भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ दिल्ली की मशहूर निजामुद्दीन औलिया की दरगाह भी गए। इमैनुएल मैक्रों दरगाह में करीब आधा घंटा रुके और इस दौरान उन्होंने दरगाह पर चादर चढाई और कव्वाली का भी आनंद लिया।

दरगाह निजामुद्दीन औलिया में कव्वाली का आनंद लेते फ्रांसीसी राष्ट्रपति का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। मैक्रों भारत के 75वें गणतंत्र दिवस में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और उन्होंने शुक्रवार को कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड देखी। इसके बाद शाम में वह राष्ट्रपति भवन में स्टेट डिनर में शामिल हुए। इमैनुएल मैक्रों गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे थे। दौरे के तहत मैक्रों गुरुवार दोपहर में जयपुर पहुंचे। इसके बाद शाम में मैक्रों और पीएम मोदी ने जयपुर में रोड शो किया।

### भारत को गणतंत्र दिवस की बधाई, तनाव के बीच मुइज्जू का आया बयान

**माले।** गणतंत्र दिवस के मौके पर मालदीव ने भारत को शुभकामना संदेश भेजा। यह इस मायने में अहम है क्योंकि बीते कुछ हफ्ते से भारत और मालदीव के रिश्ते पहले की तरह सामान्य नहीं हैं। 26 जनवरी को मालदीव की तरफ से जारी बयान में सदियों की दोस्ती, आपसी सम्मान और रिश्तेदारी की गहरी भावना का जिक्र किया गया। राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने मालदीव की सरकार और जनता की ओर से भारत सरकार और जनता का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि भारत और मालदीव के संबंधों की जान सदियों पुरानी दोस्ती है। उन्होंने कहा कि आपसी सम्मान और रिश्तेदारी की गहरी भावना दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत बनाने का काम करती है। मुइज्जू के कार्यालय की तरफ से जारी बयान के मुताबिक राष्ट्रपति ने भारतीय समकक्ष द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी को अलग-अलग बधाई संदेश भेजे।

## मानहानि मामलाः ट्रंप को झटका, 83 मिलियन डॉलर चुकाएंगे हर्जाना



**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। लेखिका ई. जीन कैरोल से दुष्कर्म एवं मानहानि मामले में उनको अब 83.3 मिलियन डॉलर का हर्जाना चुकानाा होगा। दरअसल, ट्रंप ने गुरुवार को न्यूयार्क की संघीय अदालत में गवाही दी, लेकिन वह बयान दर्ज कराने के दौरान नाराज हो गए और कोर्ट रूम से बाहर चले गए।

उनका आरोप था कि लेखिका के यौन शोषण के आरोपों का खंडन करने का केवल तीन मिनट मौका दिया गया। हालांकि, शुक्रवार को उनकी इस मामले में अंतिम सुनवाई होनी थी। ट्रम्प का दावा है कि उन्होंने कैरोल के बारे में कभी नहीं सुना था। उन्होंने बताया कि कैरोल ने झूठी कहानी बनाई थी। उनके वकीलों ने कहा कि कैरोल प्रसिद्धि की भूखी थी और अपनी दुश्मनी होने के चलते खिलाफ बोलने के कारण वह समर्थकों का ध्यान आकर्षित करती थी।

# अदन की खाड़ी में जहाज पर हमला, 22 भारतीय क्रू सवार



लाल सागर में हमले के बाद तेल टैंकर मार्लिन लुआंडा में उठता धुंआ।

नई दिल्ली, एजेंसी

**भारतीय नौसेना ने कहा आईएनएस विशाखापट्टनम किया गया तैनात**

भारतीय नौसेना ने शनिवार को बताया कि अदन की खाड़ी में एमवी मार्लिन लुआंडा पर हमले के बाद आईएनएस विशाखापट्टनम को तैनात किया गया है, जो मिसाइल गाइडेड विध्वंसक है। इससे पहले मार्शल आइलैंड्स के ध्वज वाले मार्लिन लुआंडा ने एक संकट कॉल जारी की थी और क्षति की सूचना दी थी।

भारतीय नौसेना ने कहा कि 26 जनवरी की रात को एमवी मार्लिन लुआंडा का एक संकट कॉल मिला था, जिसपर कार्रवाई करते हुए अदन की घाड़ी में आईएनएस विशाखापट्टनम को तैनात कर दिया गया है। नौसेना ने बताया कि संकटग्रस्त मर्चेंट वेसल को मदद पहुंचाई जा रही है। उन्होंने बताया कि आईएनएस विशाखापट्टनम द्वारा तैनात अग्निशमन उपकरणों के साथ मर्चेंट वेसल पर सहायता भेजा जा रहा है। भारतीय नौसेना ने बताया कि इस मर्चेंट शिप में 22 भारतीय और एक बांग्लादेशी चालक दल के सदस्य सवार हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना शिप की सुरक्षा और समुद्र में लोगों की जान बचाने के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## नवाज ने जारी किया घोषणा पत्र, कश्मीर मुद्दा भी शामिल

**लाहौर।** पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले चुनाव से पहले नवाज शरीफ ने शनिवार को पार्टी का चुनावी घोषणापत्र जारी किया है। इसमें अन्य वादों के साथ ही भारत से शांति स्थापित करने की कही गई है।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज पार्टी के घोषणा पत्र में कहा गया है कि उसकी पार्टी भारत सहित अन्य देशों को शांति का संदेश भेजेगी। हालांकि, इसमें कहा गया है कि भारत को कश्मीर पर अगस्त 2019 में लिए गए अपने फैसले को वापस लेना होगा। इसके अलावा घोषणापत्र में देश की आर्थिक स्थिति सुधारने के साथ ही आतंक के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाने की बात कही गई है। घोषणा पत्र को 'पाकिस्तान को नवाज' दो नाम दिया गया है।

### सड़क पर उतरे किसान...



**फ्रांसः** 70 हजार से अधिक किसानों ने सरकार की नीतियों पर असंतोष जताते हुए पूरे देश में शुक्रवार को बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। किसान अपने 41 हजार से अधिक ट्रैक्टर लेकर शामिल हुए थे। बता दें, किसानों का विरोध प्रदर्शन देश के 96 महानगरीय में से 85 तक फैल गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की किसान विरोधी नीतियां उन्हें अप्रतिस्पर्धी बनाती हैं। ● एजेंसी

## चीन ने ताइवान पर बढ़ाया दबाव, 33 विमान किए तैनात

**ताइपे।** चीन ने ताइवान पर दबाव बढ़ा दिया है। उसने इस द्वीपीय क्षेत्र को धमकाने के लिए 33 लड़ाकू विमान और छह युद्धपोत भेजे। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। चीन ने सैन्य दबाव ऐसे समय बढ़ाया है, जब थाइलैंड में अमेरिका और चीन के प्रतिनिधियों की मुलाकात होने वाली है।

चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने शुक्रवार सुबह से शनिवार सुबह छह बजे तक एसयू-30 लड़ाकू विमान समेत 33 विमान और छह युद्धपोत भेजे। ताइवान स्ट्रेट की मध्य रेखा द्वीप और चीन के बीच अनाधिकारिक सीमा मानी जाती है। चीन द्वीपीय क्षेत्र ताइवान को अपना मानता है और इसे धमकाने के लिए लड़ाकू विमान और युद्धपोत भेजता रहता है।

# जरांगे से मिले शिंदे, समाप्त की भूख हड़ताल

**आरक्षण आंदोलन: शिंदे ने कहा जो वादा किया था उसे निभा दिया आपकी जीत हुई**

नई दिल्ली, एजेंसी



मनोज जरांगे पाटिल को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाते सीएम एकनाथ शिंदे।

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर चल रहा विरोध समाप्त हो गया है। आंदोलन की अगुवाई कर रहे मनोज जरांगे ने शनिवार को राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में आरक्षण को लेकर किए जा रहे अनशन को खत्म कर दिया।

जरांगे की सभा को संबोधित करते हुए सीएम शिंदे ने कहा कि मैंने जो वादा किया था, वो निभाया है। जरांगे का धरना खत्म होते ही महाराष्ट्र सरकर ने मराठा समुदाय के लोगों के रक्त संबंधियों को कुनबी की मान्यता देने के लिए एक अधिसूचना जारी की है। यह अधिसूचना उनके लिए लागू होगी जिनके पास कुनबी जाति के रिकॉर्ड पाए गए हैं। पिछले साल दिसंबर में मनोज ने सरकार को चेतावनी दी कि 20 जनवरी, 2024 तक आरक्षण दिया जाए अन्यथा वह मुंबई की ओर मार्च का नेतृत्व करेंगे। 20 जनवरी 2024 को अपना मार्च शुरू भी कर किया। 27 जनवरी को सीएम एकनाथ शिंदे ने मनोज जरांगे से मुलाकात की और दोनों के बीच मसौदा अध्यादेश को लेकर चर्चा हुई। सीएम ने मनोज को जूस पिलाकर उनका अनशन तोड़ा जो लंबे समय से सभी मराठों के लिए कुनबी प्रमाण पत्र की मांग कर रहे थे। इसी बीच, महाराष्ट्र सरकार ने मराठा समुदाय के सदस्यों के रक्त सबंधियों को कुनबी की मान्यता देने के लिए एक अधिसूचना जारी की है। आंदोलन की अगुवाई कर रहे मनोज जारांगे पाटिल मूलतः बीड जिले के रहने वाले हैं। मटोरी गांव में जन्मे मनोज ने 12वीं तक पढ़ाई की है। आजीविका के लिए बीड से जालना आ गए। यहां एक होटल में काम करते हुए सामाजिक कार्य शुरू किए।

## ईडी ने पूछताछ के लिए हेमंत सोरेन को भेजा 10वां समन



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कथित भूमि घोटाला मामले में पूछताछ के लिए एक चिट्ठी लिखी है। उन्होंने सीएम सोरेन को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए 29 या 31 जनवरी को तारीख देने को कहा है। सूत्रों के अनुसार, अन्यथा एजेंसी खुद पूछताछ करने के लिए जाएगी। ईडी की तरफ से हेमंत सोरेन को अबतक नौ समन जारी किया गया है। आठवें समन में उनसे 6 जनवरी से 20 जनवरी तक पूछताछ के लिए पेश होने को कहा था। इस पर हेमंत सोरेन ने 20 जनवरी को ईडी को उनके आवास पर पूछताछ के लिए आने को कहा था।

# गाजा नरसंहार : आईसीजे के फैसले ने हमें सही साबित किया

जोहान्सबर्ग, एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष कोर्ट के आदेश देने से मना करने पर बाले दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सरिल**

इजराइल लगातार गाजा स्थित हमास के ठिकानों को निशाना बना रहा है। हमास और इजराइल युद्ध को लेकर दुनिया दो भागों में बंट गई है। जहां एक तरफ कई देश गाजा की पैरवी कर रहे है तो वहीं इजराइल की हितैषी देशों की संख्या में भी कोई कमी नहीं है। दोनों के बीच चल रहे युद्ध को लेकर संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में सुनवाई हुई।

दक्षिण अफ्रीका ने अदालत से आग्रह किया था कि वह इजराइल को हमास आतंकवादियों के खिलाफ अपने सैन्य कार्रवाई को रोकने के आदेश दें। हालांकि कोर्ट ने इस तरह के आदेश देने से मना कर दिया है। गौरतलब है कि सुनवाई के दौरान इजराइल को सैन्य हमले के दौरान मौत और क्षति को कम करने की हिदायत दी गई है। इस फैसले को लेकर दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने कहा कि फलस्तीनियों और न्याय सुरक्षा की दिशा में यह एक खास कदम है।


### 24 घंटे में 11 आतंकियों को उतारा मौत के घाट

**यरुशलम।** इजराइली सेना ने दावा किया है कि उन्होंने 24 घंटे के दौरान 11 आतंकियों को मार गिराया है। सेना ने शनिवार को कहा कि इजराइल के विमानों, टैंकों और सेना के जवानों ने गाजा के खान यूनिस में पिछले 24 घंटों के दौरान हमले तेज किए। इस हमले में लगभग 11 आतंकवादियों को मार गिराया गया है। सेना कहा हमास ने सैनिकों के पास विस्फोटक लगाने की कोशिश की थे और अन्य सैनिकों पर राइफल और रॉकेट दाग रहे थे।

**अंकुश** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का 31 मार्च तक भीड़ वाले सभी टोल प्लाजा एआई से लैस करने का लक्ष्य

# एआई से रुकेगी टोल प्लाजा पर हो रही धांधली

नई दिल्ली, एजेंसी



एनएचएआई (राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) टोल प्लाजा पर हो रही धांधली अब एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से रोकेगा। अगले महीने से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर दर्जन भर से अधिक टोल पर ट्रायल शुरू होने जा रहा है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का लक्ष्य है कि 31 मार्च तक भीड़ वाले सभी टोल प्लाजा एआई से लैस कर दिए जाएं।

मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि टोल नाके पर 100 मीटर से अधिक लंबी कतार है तो इस दायरे के बाद खड़े वाहनों से टोल नहीं वसूला जाएगा। इसके लिए 100 मीटर से पहले एक यलो मार्किंग होती है। दूसरा नियम है कि टोल कटने में 10 सेकंड से अधिक का समय लगता है तो टोल नहीं देना होगा। लेकिन इन नियमों का पालन नहीं हो रहा है। टोल कर्मी बिना टोल के वाहन नहीं जाने देते। इसलिए एआई के जरिए टोल के नियमों का पालन कराया जाएगा।

ग्रीन सिग्नल मिलेगा 100 मीटर से अधिक दूरी पर खड़े वाहन को टोल गेट पर ग्रीन सिग्नल दिखेगा।

ऐसे में वाहन के फास्ट टैग से पैसे नहीं करेंगे। इसी तरह यदि टोल 10 सेकंड में नहीं कटा तो बैरियर स्वयं ऊपर हो जाएगा और ग्रीन सिग्नल वाहनों को मिलेगा मंत्रालय के एक अधिकारी का कहना है कि यदि टोल कर्मी बैरियर को मैनुअली डाउन करे तो टोल कटेगा, कटेगा, लेकिन एआई से टोल ट्रांजेक्शन रिवर्ट फाइल में दर्ज हो जाएगा। 12 से 24 घंटे के अंदर टोल रकम, फास्ट टैग वालेट में जमा हो जाएगी।

### टोल के पास घर तो पास की नहीं होगी जरूरत




टोल नाके से 150 मीटर के आसपास जिनके घर हैं, उन्हें टोल से छूट के लिए मासिक पास मिलता है। उन्हें पास की जरूरत नहीं पड़ेगी। उनके वाहन नंबर डाटा में दर्ज हो जाएंगे और उसका भुगतान महीने में एक बार ही कट जाएगा।

# सोमनाथ मंदिर के पास की भूमि कराई खाली, 21 घर गिराए

गिर सोमनाथ, एजेंसी



**गुजरात में अतिक्रमण विरोधी अभियान 53 झोपड़ियां हटाईं**

गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में सोमनाथ मंदिर के पीछे मंदिर ट्रस्ट और राज्य सरकार की तीन हेक्टेयर भूमि को खाली करने के लिए अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया है। श्री सोमनाथ ट्रस्ट की जमीन को खाली कराने के लिए अनधिकृत रूप से बने करीब 21 घरों और 153 झोपड़ियों को गिराया गया।

घरों और झोपड़ियों को गिराने का अभियान शनिवार की सुबह शुरू हो गया। इस दौरान मामलतदार और 100 राजस्व अधिकारी भी मौजूद थे। इलाके में सुचारू रूप से अभियान चलाने के लिए भारी पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई थी। राजस्व विभाग से जारी नोटिस के अनुसार, भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के बाद वहां बाड़ लगाई जाएगी। सोमनाथ मंदिर अरब सागर के तट पर वेरावल शहर के पास प्रभास पाटन में स्थित है। ऐसा माना जाता है कि यह भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग मंदिरों में से पहला है। यह एक प्रमुख तीर्थस्थल है।

जिला कलेक्टर ने कहा, हमने अनधिकृत रूप से बने घरों को गिराने का काम शुरू कर दिया है। इसे बाड़ लगाकर सुरक्षित किया जाएगा। इस अभियान से पहले हमने अतिक्रमणकारियों के प्रतिनिधियों के साथ 25 जनवरी को बैठक की और पूरी प्रक्रिया पर विस्तार से बात की।